जीव के सम्बन्ध में भी यही वात है। वे कहीं जीव और ब्रह्म में भेद मानते नहीं दिखाई देते और आत्मस्वरूप वोध को ही लक्ष्य और विवेक द्वारा उपलब्ध मानते हैं। 'जिव जवतें हरि तें विलगान्यो'[५] वाले पद में इसी को समझाया गया है कि जीव माया के कारण अपना स्वरूप भूल गया है :

देह जनित विकार सब त्यागे। तब फिरि निज स्वरूप अनुरागै ॥[६]

निज स्वरूप क्या है :

अनुराग सो निज रूप जो जगतें विलच्छन देखिए।
संतोष, सम सीतल सदा दम, देहवंत न लेखिए।
निरमल, निरामय, एक रस, तेहि हरष-सोक न व्यापई।
त्रैलोक-पावन सो सदा जाकी दसा ऐसी भई ॥[७]

अद्वैतियों के जीव की जीव-मुक्त स्थिति है। परन्तु उसे यह स्वरूप वोध जन द्वारा नहीं साधु सेवा या सत्संग से प्राप्त होता है। सत्संग से ही भक्ति भी प्राप्त होती है। कहा गया है :

---

[१] दोहावली, २५१।
[२] रा० च० मा०, बालकाण्ड १५१।४, वन्दना श्लोक ५, अयोध्याकाण्ड १२५ छंद।
[३] रा० च० मा०, अरण्यकाण्ड १४।४। [४] वही, उत्तरकाण्ड ७८।२।
[५] विनयपत्रिका, १३६। [६] वही। [७] वही।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सेवक साधु द्वैतभय भागै। श्रीरघुवीर चरन लय लागै ॥[१]

इस प्रकार ज्ञानियों के आत्मबोध की उपलब्धि भी भक्ति द्वारा सम्भव बताई गई है :

गोस्वामी जी 'ईश्वर अंस जीव अविनासी'[२] तथा 'जीव अनेक एक श्रीकंता'[३] में विशेषतः अद्वैत मत का समर्थन करते दिखाई पड़ते हैं।

जो हो, इतना तो स्पष्ट है कि गोस्वामी जी चाहे अद्वैत के अनुसार ब्रह्म का निरूपण करें अथवा उसके सगुण रूप का प्रतिपादन, चाहे जगत को मिथ्या कहें अथवा जीव को अनेक अन्ततोगत्वा वे प्रतिष्ठा भक्ति की ही करते हैं। निर्गुण के ज्ञानमार्ग से कैवल्य परमपद की उपलब्धि को ज्ञान दीपक के रूप में स्वीकार करते हुए भी वे उसकी, भक्ति के सामने तुच्छता सिद्ध कर देते हैं।

अद्वैत ज्ञान मार्ग साधन चतुष्टय द्वारा 'ब्रह्म ज्ञान और फलस्वरूप मोक्ष की प्राप्ति को ही परम लक्ष्य मानता है तो विशिष्टाद्वैत भक्ति के द्वारा सगुण भक्ति को।

गोस्वामी जी यहां भी उन दोनों से कुछ आगे बढ़ जाते हैं। उनके आदर्श भक्त, उन्हें 'हठि राम सनमुख'[४] करने वाले भक्त भरत अर्थ, धर्म, काम व मोक्ष की उपेक्षा कर इसी जगत में बार-बार जन्म लेने की कामना करते हैं[५] और तुलसी भी भक्ति को ही 'साधन सिद्धि' दोनों ही मानते हैं। उनका यही कहना है—'को जानै को जैहे जमपुर, को सुरपुर परधाम को', 'तुलसिहि बहुत भलो लागत जग जीवन राम गुलाम को'[६] उन्हें विश्वास एक रामनाम को'[७] तथा 'भरोसो जाहि दूसरों सो करो'[८] नाम के सहारे किसी की चिन्ता नहीं।

इस प्रकार गोस्वामीजी में अद्वैत और विशिष्टाद्वैत मतों का समन्वय स्पष्ट परिलक्षित होता है। इतना ही नहीं डा० उदयभानु सिंह ने अपने ग्रंथ 'तुलसी दर्शन मीमांसा' में बड़े परिश्रम से तुलसी के दार्शनिक विचारों का विश्लेषण कर यह प्रमाणित किया है कि अन्य वेदान्ती मतों के अतिरिक्त अनेक आगमों और तन्त्र तथा सांख्य और योग के सिद्धान्तों से भी तुलसी के विचारों में अनेक साम्य और अनेक वैषम्य भी मिलता है। इस प्रकार उनका दर्शन सम्प्रदायवादी न होकर समन्वयवादी है।[९]

उपर्युक्त सभी तथ्यों को दृष्टिगत रख कर हम कह सकते हैं कि तुलसी का दर्शन उन समन्वयवाद से आगे बढ़कर सच्चे मानवतावादी भक्ति दर्शन के रूप में दिखाई देता है। तुलसी को समूचे मानव जीवन से अलग कर किसी साम्प्रदायिक घेरे में खड़ा करना उनके साथ ही नहीं अपनी बुद्धि के साथ भी अतिचार है।

सरल बात तो यह है कि कोरे वाक्यज्ञान या हेतुवाद और बुद्धिवाद को वे ठीक

---

[१] विनय, १३६।११।
[२] रा० च० मा०, उत्तरकाण्ड ११६।२।
[३] वही, उत्तरकाण्ड ७७।७।
[४] रा० च० मा०, अयोध्याकाण्ड ३२५ छंद।
[५] वही, अयोध्याकाण्ड २०४।
[६] विनयपत्रिका १५५।
[७] वही।
[८] वही, २२६।
[९] तुलसी दर्शन मीमांसा—डा० उदयभानुसिंह, पृ० ३६५, प्रथम सं०।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

नहीं समझते थे। वे 'जोग कुजोग ज्ञान अज्ञानू, जहँ नहीं राम प्रेम परधानू'[1] को मानने वाले थे।

उनके यहाँ ज्ञान की अवहेलना नहीं थीं। भक्ति के चरम सोपान पर पहुँचे हुए जगत को प्रभुमय देखने वाले अनुभवी संत कागभुशुंडि का कथन है :

जानेंबिनु न होई परतीती। बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती।।[2]
प्रीति बिना नहिं भगति दृढाई। जिमि खगपति जल कै चिकनाई।।
बिनु गुरु होइ कि ग्यान, ग्यान कि होइ बिराग बिनु।
गावहिं वेद पुरान, सुख कि लहिअ हरि भगति बिनु।।

यहाँ भी ज्ञान विराग की महिमा है, पर यह ज्ञान भी राम कृपा पर ही आश्रित है :

राम कृपा बिनु सुनु खगराई। जानि न जाइ राम प्रभुताई।।[3]

× × ×

बारि मथें घृत होइ बरु, सिकता ते बरु तेल।
बिनु हरि भजन न भव तरिअ, यह सिद्धांत अपेल।।[4]

से भी राम-भक्ति बिना भव बाधा का नाश संभव नहीं ज्ञात होता।

गोस्वामी जी में जो अद्वैत और विशिष्टाद्वैत की अलग-अलग छटा दिखाई पड़ती है उसका कारण यह है कि वे जब भक्ति भावना में अधिक निमग्न होते और लोगों के सामने भक्ति का खुला रूप रखना चाहते थे तब विशिष्टाद्वैत के ढंग पर उनके सामने आते थे, क्योंकि जनता इसी रूप में उसका साक्षात्कार कर सकती थी। भक्ति योग का निरूपण करते समय लक्ष्मण से भी उन्होंने माया के दो भेद—शुद्धाद्वैत निरुपित विद्या और अविद्या ही बतलाया[5] तथा भक्ति का निरूपण किया। राम ने भी वहाँ 'जातें बेगि द्रवउँ मैं भाई'[6] कह कर स्वयं को विशिष्टाद्वैत के सगुण ब्रह्म के रूप में ही प्रकट किया है। उसी प्रकार गरुड़ को जन्म-भूमि का भेद समझाते समय काग 'ईस्वर अंस जीव अविनासी'[7] की ही चर्चा करते हैं और प्रजाओं से राम जीव के 'काल कर्म सुभाव गुन घेरा'[8] में बद्ध हो चौरासी लाख योनियों के भ्रमण की बात करते हैं। ये सभी विशिष्टाद्वैत के अनुरूप हैं। तुलसीदास का प्रतिपाद्य भक्ति ही है। अतः जब ज्ञानियों के बीच में वे भक्ति का उत्कर्ष दिखाना चाहते हैं तब अद्वैतियों की पद्धति पर आगे बढ़ते और ज्ञान की श्रेष्ठता को मानकर व्यवहार के क्षेत्र में उसे कठिन दुस्साध्य और मोक्षप्रद बता कर उससे अलग हो जाते और फिर भक्ति की स्थापना कर उसे सर्वसुलभ और सहज बना देते हैं।

गोस्वामी जी जिस प्रकार लोक की मार्यादा के समर्थक थे उसी प्रकार ज्ञान और भक्ति की मर्यादा के भी। वे यह उचित नहीं समझते थे कि कोई ज्ञानी भक्ति के क्षेत्र में

---

[1] रा० च० मा०, अयोध्याकाण्ड २९०।२।
[2] वही, उत्तरकाण्ड, ८८।७-८, ८९ (क)।
[3] वही, उत्तरकाण्ड ८८।६।
[4] वही, उत्तरकाण्ड १२२ (क)।
[5] रा० च० मा०, अरण्यकाण्ड १४।४।
[6] वही, अरण्यकाण्ड, १५।२।
[7] रा० च० मा०, उत्तरकाण्ड ११६।२।
[8] वही, उत्तरकाण्ड, ४३।५।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

पहुंच उसकी मर्यादा नष्ट करे अथवा कोई भक्त ज्ञान से अनभिज्ञ होते हुए भी उसके क्षेत्र में पहुंच कर व्यर्थ का ज्ञान छाटे। यह मर्यादा बुद्धि उनमें बराबर बनी रहती थी और इसी के आधार पर उन्हें चारों ओर समन्वय और सामंजस्य स्थापित करने की चिन्ता होती थी। उनके यहाँ जो सभी प्रकार के सिद्धान्तों का यथा स्थान प्रतिपादन है उससे प्रत्यक्ष है कि उनका विचार था कि आचार्यों द्वारा प्रतिपादित जितने सिद्धान्त चले हैं वे किसी न किसी सारभूत तथ्य पर अवलंबित है। अतः किसी भी सिद्धान्त को सहसा हँस कर उड़ा देना उचित नहीं हैं। उचित यही है कि उसकी प्रतिष्ठा, उसकी मर्यादा के अनुरुप की जाए और उसे उसी कोटि के जीव के लिए उचित ठहराया जाए। उन्होंने मानस में यही किया भी है। जैसे मानस के राम सबके राम है, वैसे मानस के सिद्धान्त भी सबके सिद्धान्त हैं। किसी भी आस्तिक सम्प्रदाय का व्यक्ति उसमें अपने अनुरुप सिद्धान्तों का प्रतिपादन पा जाएगा। इस प्रकार तुलसी के दर्शन में सभी दर्शनों का समन्वय और विश्वव्यापी राम के चरित में विश्व को नाना भाँति देखने वाले के लिए उचित स्थान है।

अन्त में प्रश्न यही रह जाता है कि आखिर तुलसी का क्या मत है ? वह भी स्पष्ट है। तुलसी जानते सब कुछ हैं, ज्ञान, योग और कर्म, पर सभी को जानते हुए भी चाहते राम की भक्ति ही हैं। उन्हें मोक्ष की चिन्ता नहीं, शास्त्रार्थ द्वारा प्रतिपक्षी को पराजित करने की रुचि नहीं। उन्हें तो सत्संग भाता है और उनके ब्रह्म निरूपण में ज्ञान, वैराग्य और भक्ति की त्रिवेणी प्रवाहित होती है वहाँ—

ब्रह्म निरूपन धरम विधि, बरनहिं तत्व विभाग।
कहहिं भगति भगवंत कै संजुत ग्यान बिराग॥[१]

की ही चर्चा है। यहाँ ज्ञान, वैराग्य, धर्म विधि, तत्व चिन्तन सभी को स्थान है पर प्रतिष्ठा है भक्ति की ही। भक्ति मे भी करते हैं राम की इस फेर में नहीं पड़ते कि वह 'जगदीस' है अथवा 'महीप' वह तो दिवस निसि जीवन पर्यन्त राम का अनुराग चाहते हैं।[२]

उन्हें 'हठि राम सन्मुख' करने वाले भरत तीर्थराज से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष का परित्याग कर 'जनम जनम रति राम पद' की कामना करते हैं और तुलसी भी खुल कर कह देते हैं—"को जाने को जैहै जमपुर को सुरपुर परधाम को। तुलसिहिं बहुत भलो लागत जगजीवन राम गुलाम को।"[३] उनके लिए इस संसार की अन्य वस्तुओं एवं विभूतियों से कुछ भी लेना-देना नहीं है—

कीरति, कुल, करतूति, भूति भलि सील सरूप सलोने।
तुलसी प्रभु अनुराग रहित जस सालन साग अलोने॥[४]

अपनी अपनी रुचि और स्वभाव की बात है। तुलसी का स्वभाव ही कुछ ऐसा है जो राम से विलग नहीं होता—

---

[१] रा० च० मा०, बालकाण्ड ४४। [२] दोहावली, ९१।
[३] विनयपत्रिका, १५५। [४] वही, १७५।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

लोक को न डरु परलोक को न सोचु देव,
सेवा न सहाय, गर्वु धाम को न धन को
राम ही के नाम तें जो होइ सोइ नीको लागै,
ऐंसोई सुभाउ कछु तुलसी के मन को ॥[१]

फिर राम के नाते तुलसी को यह संसार भला लगे तो आश्चर्य ही क्या। उनकी भावना यही है कि जब परात्पर ब्रह्म सगुण साकार रूप धारण कर इसी लोक में लीला करने अवतीर्ण हुआ है तो हम उसे छोड़कर किसी और ब्रह्म के फेर में क्यों पड़े। क्यों न हम भी उसकी इस लीला में अपने सम्पूर्ण हृदय से मग्न हो जाएं और व्यापक विश्वरूप का कण-कण मे साक्षात्कार करते हुए लोक सेवा को ही राम की सेवा समझें और उसी में लीन रहें। इसलिए-कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो'[२] में परहित निरत निरंतर, मन क्रम बचन नेम निबहौंगो" की ही कामना प्रकट की गयी है। ऐसे परोपकारी संतों के प्रेम के वशीभूत होकर तो प्रभु मानव शरीर धर कर पृथ्वी पर अवतीर्ण होते हैं। उनका उद्घोष है—'तुम्ह सारिखे संत प्रिय मोरे। धरौं देह नहिं आन निहोरे।'[३]

अतः इस जग का जीवन ही श्रेय है जो अखिल विश्[illegible]व्यापी को मानव रूप में प्रकट कर देता है। भावों के वशीभूत होने वाले भगवान की [illegible] भक्ति का निरूपण 'मानस' में किया गया है और भगवान् शंकर से लेकर ऋ[illegible]लक्ष्मण, हनुमानादि ही नहीं मारीच और विभीषण. शबरी और जटायू तक राम के भक्त चित्रित किए गए हैं। भक्ति से अद्वैतपद पाने वाली शबरी और सगुण भक्ति पाने वाले विभिन्न भक्तों के मध्य भक्त शिरोमणि भरत सर्वोच्च आसन पर प्रतिष्ठित हैं। उनका भी लक्ष्य है—निःस्वार्थ राम प्रम और राम की सेवा। उन्होंने "जनम जनम रति रामपद" का वरदान मांगा है और राम की सेवा ही नहीं बल्कि उनकी आज्ञा-तुम्ह मुनि मातु सचिव सिख मानी। पालेहु पुहुमि प्रजा रजधानी।[४] का पालन करके लोक में सेवक धर्म का उच्चतम आदर्श उपस्थित किया है। उनकी इस स्वामिभक्ति में समस्त जगत की सेवा सिमट आयी है। प्रजा और पृथ्वी का पालन ही उनके लिए राम की सेवा बन गया है। तभी राम के हृदय में उन्हें वहाँ स्थान मिला जो अन्य किसी को न मिल सका और कहा गया—

भरत सरिस को राम सनेही। जगु जप राम राम जपु जेही ॥[५]

भरत का त्याग अन्यतम है। अयोध्या का राज्य तो किसी गिनती में नहीं, निर्वाण की भी उपेक्षा की और उसके आगे बढ़ कर प्रभु की सेवा के लिए उस सामीप्य सुख की भी चिन्ता न की जिसे हनुमान और लक्ष्मण भी न त्याग सके।

प्रियतम के सामीप्य सुख की कामना का भी त्याग विश्वरूप सेवा के लिए करना ही संत का गुण है। प्रभु का वचन है—

---

[१] कवितावली, उत्तरकाण्ड ७७।
[२] विनयपत्रिका, १७२।
[३] रा० च० मा०, सुन्दरकाण्ड ४७।८।
[४] वही, अयोध्याकाण्ड ३१४।८।
[५] रा० च० मा० अयोध्याकाण्ड २१७।७।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सो अनन्य जाकें असि मति न टरइ हनुमंत ।
मैं सेवक सचराचर, रूप स्वामि भगवंत ॥[१]

तुलसीदास भी इसी जगत में 'वार-वार जन्म लेकर' परहित निरत निरंतर मन क्रम बचन नेम निबहौंगो की ही कामना करते हैं। यही संसार को प्रभुमय देखने का सुन्दर साधन है।

उनकी भक्ति विभिन्न दार्शनिक मतों के समन्वय से सम्भूत एक ऐसी चिन्तामणि है, जो रामपद एवं परमपद दिलाने में सहायिका बनती है। तुलसी न तो परम्परावादी ही थे और न तथा कथित प्रयोगवादी। उन्होंने परम्पराओं के जीवंत तत्वों को ग्रहण कर उसके उज्ज्वल स्वरूप को प्रतिभासित किया है और अपनी भक्तिभाव धारा में नये पन की ऐसी ऊर्जा का संचार किया है जो भारतीय भक्त मानस को वहा ले जाने में सहज समर्थ है। तुलसी की समन्वयवादी दृष्टि का यही रहस्य है। द्वैत, अद्वैत, विशिष्टाद्वैत का द्वन्द्व हो सकता है पर तुलसी की भक्ति इनके समन्वय से निर्मित होकर भी अपना अलग अस्तित्व रखती है।

---

[१] रा० च० मा० किष्किन्धाकाण्ड, ३।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

प्रयोगवादी (तथोक्त नयी कविता) में बिम्ब-विन्यास

डा० जनार्दन उपाध्याय

भावों की ऐन्द्रिय अभिव्यक्ति के लिए काव्य में सम्मूर्तन या बिम्ब-विधान का आश्रय लिया जाता है। बिम्ब का सामान्य अर्थ शब्द-चित्र है।[१] परन्तु शब्द-चित्र एवं बिम्ब में मूलतः भेद है। जहां तक ऐन्द्रियता का प्रश्न है, वह दोनों में समान होती है, क्योंकि चित्र एवं बिम्ब का स्वरूप, स्वभाव एवं प्रकृति इन्द्रिय-बोध्य है। पर दोनों की अंकन विधि में भेद है। बिम्ब-योजना में अप्रस्तुत का आश्रय लिया जाता है। किसी भाव या विचार की सम्यक् प्रेषणीयता एवं उसके अर्थ की पूर्ण स्पष्टता के लिए यह आवश्यक है कि सादृश्य या प्रभाव साम्य पर उपमानों का प्रयोग किया जाय। इसी से बिम्ब-विधान में रूपक, उपमा, मानवीकरण, प्रतीक आदि का सहारा लिया जाता है।

बिम्बों में अप्रस्तुत एवं शब्द-शक्तियों के कारण उपमेय की समुचित व्याख्या नवीन भंगिमा से होती है। अतः बिम्बों द्वारा रागात्मक स्फुरण होता है जिससे अभिव्यक्ति अधिक तीव्र और भावों की प्रेषणीयता अत्यन्त सहज हो जाती है। बिम्बों द्वारा यह कार्य दो तरह से सम्पादित होता है। प्रथम अवस्था में बिम्ब अपनी सम्मूर्तन कला द्वारा पाठक के मन को आकर्षित करता है। द्वितीय अवस्था में वही बिम्ब पाठक की विभिन्न इन्द्रियों को स्फुरित करते हुए काव्य के केन्द्रीभूत भाव को जगाकर रागात्मिका वृत्ति को एक हल्का संवेगात्मक आघात (Emotional shock) देता है। इसी से लुई-मैकनीज ने बिम्ब-विधान में आकर्षण और आघात की क्रिया का संकेत किया है।[२] काव्य में बिम्ब ग्रहण तब होता है जब कवि विभिन्न इन्द्रिय संवेद्य बिम्बों की संश्लिष्ट योजना द्वारा पाठक की मानसिक स्थिति में आवेगात्मक आकर्षण एवं आघात द्वारा रागात्मक परिवर्तन उपस्थित कर सके। अज्ञेय का एक उदाहरण उपरोक्त कथन को स्पष्ट कर देगा।

> **"तुम्हारे नैन**
> **पहले भोर की दो ओस-बूंदें**
> **अछूती, ज्योतिमयी,**
> **भीतर द्रवित**
> **(मानो विधाता के हृदय में**
> **जग गई हो भाप करुणा की अपरिमित)** [३]

कवि ने नायिका के नेत्र एवं उसके विभिन्न गुण-धर्मों के लिए उपयुक्त अप्रस्तुतों का प्रयोग कर सफल बिम्ब की योजना की है। वह प्रयोगवादी कवि है। अतः उसके लिए सभी पुराने "उपमान" मैले पड़ गये हैं। इस कारण से वह उपमेय की व्याख्या के लिए

---

[१] सी० डे० लेविस: पोइटिक इमेज, पृ० १८।
[२] लुई मैकनीज: माडर्न पोइट्री, पृ. १११।
[३] अज्ञेय; अकेले कंठ की पुकार पृ० १६।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सादृश्य एवं प्रभाव-साम्य के आधार पर नूतन उपमानों का उपयोग करता है। मध्ययुगीन कवि नयन को 'कमल,' 'खंजन,' 'मीन' कहते हैं, तो छायावादी कवि 'नीलम की घाटी' एवं 'नयनों का आकाश' कहकर अपनी दिगन्त व्यापिनी कल्पना का परिचय देता है। नूतन भाव बोध एवं अभिनव सौन्दर्य चेतना से अनुप्राणित प्रयोगवादी कवि इन दोनों से परे एकदम नवीन उपमानों का प्रयोग करता है जिससे इन्द्रिय-संवेद्य विम्बों में भास्वरता, नवीनता, एवं उर्वरता आ जाती है। नायिका के नेत्र भोर की अछूती, ज्योतिर्मयी और भीतर द्रवित ओस-बूंद की भांति है। यहां पर कवि का मुख्यार्थ है नेत्रों की तरल दीप्ति, उनकी पवित्रता एवं तरलता की अभिव्यक्ति। इसके लिए विभिन्न भावव्यंजक शब्दों का प्रयोग हुआ है। पवित्रता के साथ वे तरल-क्रान्ति से युक्त हैं। पर सम्भव है कि तरल सौन्दर्य से संविलित पवित्र नेत्र कोमल न होकर कठोर हों। अतः कवि विधाता के हृदय में करुणा की अपरिमित भाप जगाकर द्रवित हो जाने की अभिव्यक्ति "भीतर द्रवित" कहकर करता है जिससे नेत्र कोमल भी हो गये हैं। इस कल्पना ने नेत्र की तरलता के साथ ही साथ उन्हें सजीव भी बना दी है। ऐन्द्रियता की दृष्टि से चक्षु एवं स्पर्शेन्द्रिय संवेद्य बिम्ब-रुपायित हुए हैं जो मुख्यभाव को रागात्मक स्फुरण एवं आवेगात्मक आघात द्वारा सम्प्रेषित करने में समर्थ हैं।

चित्रों में यह स्थिति नहीं होती है। वे किसी अन्य भावविशेष को संकेतिक करने में सहायक नहीं होते हैं। वहां पर मात्र उपयुक्त पदार्थों के स्वतन्त्र वर्णन द्वारा चित्र अंकित होते हैं। वस्तुतः उनमें अप्रस्तुत द्वारा उपमेय की व्याख्या के लिए उपमानों का उपयोग नहीं होता है। हां, इतनीं बात अवश्य है कि शब्दों का प्रयोग इस प्रकार होता है कि वे किसी भी वर्णित चित्र को सटीक ढंग से प्रस्तुत करने में समर्थ होते हैं। मुख्यतः चित्र में रेखाएं स्पष्ट, रंगों का मेल सानुपातिक एवं उनकी पूरी बनावट मंजी हुई होती है। यह गुण चित्रकला का है। जो कार्य चित्रकार तूलिका के सहारे करता है, वही कार्य कवि अपनी सम्मूर्त्तन कला द्वारा शब्दों से करता है। यह हम कह आये हैं कि बिम्ब मात्र शब्द चित्र नहीं है। शब्द-चित्र के परे उसमें साहचर्य द्वारा भाव के विभिन्न स्तरों को रूपायित करने की शक्ति होती है। शब्दचित्र केवल शब्दचित्र को प्रस्तुत करके शान्त हो जाता है। उसमें अन्यभाव को संकेतित करने की क्षमता नहीं होती। इस कथन की व्याख्या के लिए सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का एक उदाहरण लीजिए।

सुबह हुई
धरती के सुनहरे चिकने फर्श पर
हरी मटर का गोल बड़ा दाना लुढ़कने लगा
और उसके पीछे-पीछे भूरे पंख फड़फड़ाता
गौरैया का एक बच्चा
अपनी नन्ही सी सुर्ख चोंच खोल कर
उसे बार बार पकड़ने का असफल प्रयास करता फुदकने लगा।

इन पंक्तियों में सक्सेना ने प्रातः काल में गौरैया के बच्चे द्वारा चोंच से मटर के गोल दाने को पकड़ने की क्रिया को शब्द-चित्र प्रदान किया है। इसमें प्रयुक्त शब्द हमारे

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सामने चक्षु प्रत्यक्ष कई छोटे छोटे चित्रों को प्रस्तुत करते हैं। यह पहले कहा जा चुका है कि चित्र में ऐन्द्रियता होती है। अतः यहां पर भी ऐन्द्रिय संवेद्य चित्र अंकित है। 'सुनहरे, "हरी", "भूरे", "सुर्ख" आदि शब्दों ने क्रमशः फर्श, मटर, पंख एवं चोंच का रूप एवं रंग के साथ यथार्थ चित्र अंकित किया है। "चिकने" से फर्श की चिक्कणता की व्यंजना होती है जिससे स्पर्शेन्द्रिय चित्र भी बन जाता है। आधुनिक कवि के शब्द चित्र स्थिर कम, गतिशील अधिक है। इसी कारण से प्रस्तुत चित्र में प्रयुक्त शब्द "फड़फड़ाता" और "फुदकने" से चित्र में गत्वरता आ गई है। पर इन सभी बातों के होते हुए भी यह विम्ब नहीं हो पाया है, क्योंकि ये शब्द-चित्र अपने आप में स्वतन्त्र हैं। वे किसी अन्य भाव को संकेतित नहीं करते हैं।

बिम्ब विधान की तीन अवस्थाएं होती हैं। अपनी प्रथम अवस्था में वह प्रत्यक्ष जगत की छाया होता है।[१] आशय यह है कि उपमेय के लिए प्रयुक्त उपमान प्रत्यक्ष जगत से गृहीत होते हैं और काव्य में इसी यथार्थ जगत् की छाया प्रतिविम्बित होती है। बिम्ब की यह अवस्था काव्य में सदैव मिलती है। उदाहरण के लिए जगदीश गुप्त ने गोरेभाल पर लगी बिन्दी के लिए प्रत्यक्ष जगत से गृहीत उपमान के द्वारा केन्द्रीभूत भाव की व्यंजना की है :—

"उगी गोरे भाल पर बेंदी
एक छोटे दायरे में लालिमा इतनी बिथुरती
बांध किसने दी।
नहा केशर के सरोवर में
ज्यों गुलाबी चांद उग आया।

यहाँ पर गोरे भाल पर लगी बिन्दी के लिए गुलाबी चाँद का बिम्ब प्रस्तुत किया गया है।

द्वितीय अवस्था में विम्ब एक वस्तु की छाया की छाया है।[२] इस प्रकार का बिम्ब विधान छायावादी कविता म अधिकतर मिलता है। बिम्ब की तृतीय अवस्था में छाया की छाया प्रतिबिम्बित होती है।[3] यहाँ पर बिम्ब की रेखाएं इतनी पतली, अनिश्चित और अस्पष्ट होती है कि वह प्रतीक सदृश प्रतीत होने लगता है। पर वह पूर्ण प्रतीक नहीं हो पाता है :—

दो पंखुरियाँ
× × ×
झरी लाल गुलाब की, तकती पियासी
पिया–से ऊपर झुके उस फूल को
ओठज्यों ओठ तले !!

अज्ञेय की इन पंक्तियों में लाल गुलाब की पंखुरियों का फूल के तरफ देखने का चित्र बनता है, परन्तु साथ ही साथ इससे प्रतीकत्व द्वारा मानव की अतृप्त लालसा की भी अभिव्यक्ति होती है। अतः यहाँ पर बिम्ब प्रतीकत्वपूर्ण हो गया है।

---

१ "साहित्य रूप", डा० राम अवध द्विवेदी, पृ० २७६।
२ "साहित्य रूप" : डा० राम अवध द्विवेदी, पृ० २७६।
३ वही, पृ० २७६।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

आज का कवि सामाजिक विविधता, मानसिक पेचीदगी एवं भावों की शंकुलता की अभिव्यक्ति के लिए विम्वों का चयन विभिन्न क्षेत्रों से करता है। छायावादी कवि बिम्ब के लिए उपादानों को विशेषतः से प्रकृति ग्रहण करता है। पर प्रयोगवादी कविता में विम्ब चयन जीवन तथा उसके दैनिक व्यापार से किया गया है। यही कारण है कि आज की कविता में विज्ञान, कृषि, दैनिक जीवन, पशुचारण, मनोरंजन, फैक्टरी से बिम्बों को ग्रहण करके भावों की व्यंजना हुई है।[1]

प्रयोगवादी विम्ब विन्यास कोचार भागों में विभाजित कर सकते हैं: स्थिर बिम्ब विन्यास (static Imagery), आवेगात्मक विम्व विन्यास (shocking Imagery) आनुषंगिक विम्ब विन्यास (Associative Imagery) मनोवैज्ञानिक विम्ब विन्यास (Psychological Imagery)।

प्रयोगवादी विम्ब विन्यास

- स्थिर विम्ब विन्यास
- आवेगात्मक विम्व विन्यास
- आनुषंगिक विम्व विन्यास
- मनोवैज्ञानिक बिम्ब विन्यास
  - युक्तभावानुषंग विम्ब
  - यौन बिम्ब

(क) स्थिर बिम्ब-विन्यास

जियोफ्री बुला ने आधुनिक कविता के विम्बों को रोमांटिक विम्ब से अलग बताते हुए कहा है कि आधुनिक कविता के विम्ब स्थिर हैं जब कि रोमांटिक विम्ब गतिशील होते हैं।[2] स्थिरबिम्ब का अर्थ है अनुभूति के विकास क्रम के साथ उनमें संवर्धनशीलता नहीं होती है। वस्तुतः वे एक ही भाव विशेष को व्यक्त करके रह जाते हैं। इस प्रकार की विम्ब योजना प्रयोगवादी कविता में मिलती है। स्थिर विम्ब में प्रत्येक नई अनुभूति के लिए एक स्वतन्त्र बिम्ब प्रयुक्त होता है। छायावाद में एक विम्व भावविशेष के विभिन्न स्तरों को रूपायित करता है। अतः उसमें एक प्रकार का फैलाव मिलता है। परन्तु प्रयोगवादी स्थिर बिम्ब द्वारा एक ही अनुभूति की व्यंजना होती है। इसी से इनके एक-एक बिम्ब सटीक एवं कसे हुए हैं। इसके लिए डा० राम विलास शर्मा की कुछ पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं:—

नदी की धार सोयी है
सिकुड़ दुबली भिखारिन-सी
बजाते शोहदों-से सीटियाँ
ये झिंगुरों के दल।

---

[1] इस प्रसंग में नरेश मेहता, धर्मवीर भारती, नलिन विलोचन शर्मा, शम्भुनाथ सिंह, गिरिजा कुमार माथुर, केशरी कुमार, प्रयागनारायण त्रिपाठी, डा० देवराज, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, अज्ञेय आदि की बिम्बयोजना, द्रष्टव्य है।

[2] जियोफ्री बुला : ट्रेन्ड इन मार्डन पोइट्री, पृ० १२९।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

पथ बिसरी पहाड़िनी-सी
भटकती बिजलियाँ नभ में
सागर की सतह पर क्यू लगाये
जुड़ रहे बादल
टिका आराम कुर्सी में
उबास ले रहा सूरज
सुहागिन सांझ के सिर से
सरकता जा रहा आंचल ॥

प्रस्तुत उदाहरण में कई बिखरे हुए आकर्षक बिम्बों का वैशिष्ठ्य है। एक बिम्ब एक भाव को व्यक्त करके स्थिर हो जाता है। फिर दूसरे भाव के लिए दूसरा बिम्ब आता है। बरसात के अभाव में क्षीणकाय नदी की अभिव्यक्ति के लिए कल्पना द्वारा दुबली भिखारिन का चित्र अंकित करता है। यहां एक चित्र एक भाव को व्यक्त करके स्थिर हो जाता है। आगे शोहदो सा सीटियां बजाते झिंगुरों का दल, पथ भूली पहाड़िन सी नभ में बिजलियों का भटकना, सागर की सतह पर क्यू लगाये बादल, आराम कुर्सी में उबासी लेता सूर्य तथा सुहागिन सांझ का चित्र अंकित हुआ है। उपरोक्त बिम्बों से स्पष्ट है कि वे एक भाव को ही व्यक्त करके किस प्रकार शान्त हो जाते हैं।

(ख) आवेगात्मक बिम्ब-विन्यास

इस प्रकार की बिम्ब योजना में किसी भाव या रूप के लिए प्रचलित बिम्बों या चित्रों की अपेक्षा ऐसे बिम्बों का निर्माण होता है जो अपनी विचित्रता के कारण पाठक को संवेगात्मक आघात देते हैं। आवेगात्मक बिम्ब अपनी इसी स्तब्धकारी शक्ति के कारण रागात्मक एवं बौद्धिक शक्ति को आघात द्वारा स्फुरित कर ऐन्द्रिय एवं मानस बिम्बों को प्रस्तुत करने में समर्थ होता है। इसके लिए अज्ञेय की ये पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं :—

अगर मैं कहूँ
बिछली घास हो तुम
लहलहाती हवा में कलंगी छरहरी बाजरे की
एक प्रतीक
बिछली घास है।
या शरद की सांझ के सूने गगन की पीठिका पर
दोलती कलंगी अकेली
बाजरे की।
और जब जब देखता हूँ
यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है
और मैं एकान्त होता हूँ
समर्पित।[१]

---

[१] अज्ञेय, हरीघास पर क्षण भर, पृ० ५८।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

नूतन सौन्दर्य बोध से अनुप्राणित कवि नारी रूप के लिए परिचित बिम्बों के विरुद्ध एक नया बिम्ब प्रस्तुत करता है। उपरोक्त पंक्तियों में नारी का गत्वर सौन्दर्य, अंगों का लचीलापन, शारीरिक तन्वीपन रूप की मृदुता एवं मसृणता हरी बिछली घास एवं छरहरी बाजरे की कलंगी द्वारा रूपायित हो उठती हैं। इस रूप का जीवन एवं संसृति के सूनेपन में कितना महत्त्व है, इसकी अभिव्यक्ति के लिए जो सह-संबद्ध बिम्ब लाया गया है वह है सांध्य कालीन सूने आकाश में डोलती हुई कलंगी। सांध्यकाल के शून्य आकाश में डोलती कलंगी की सत्ता जितनी रोचक एवं आह्लादकारी है, सूनसान जीवन में उतना ही आह्लादिक नारी रूप है। ऐन्द्रिय संवेद्य बिम्बों में दृश्य स्पर्श बिम्बों का मिलित अंकन हुआ है। चित्र की दृष्टि से यह स्थिर न होकर गत्वर चित्र है। स्पष्ट है नवीन उपमानों द्वारा नये बिम्दों की नियोजना द्वारा पाठक का मन सहसा चकित हो जाता है वह क्षण भर के लिये वह अपने पूर्व प्रचलित उपमानों से भिन्न उपमानों को देखकर क्षणिक भावात्मक आघात की अनुभूति करता है। इस प्रकार के आकर्षण एवं आघात पर निर्मित बिम्ब "प्रयोगवादी कविता में अधिक है।"[1] इसे चित्र संख्या एक में इस प्रकार देखा जा सकता है :



(ग) आनुषंगिक बिम्ब-विन्यास

इस प्रकार की बिम्ब योजना में एक ही रुप की अभिव्यक्ति विभिन्न क्रमिक बिम्बों

---

[1] देखिए चित्र संख्या एक।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

द्वारा की जाती है। इसमें एक के बाद एक बिम्ब नई अनुभूतियों से युक्त होकर प्रयुक्त होते हैं। देवराज की निम्न पंक्तियों में यह बिम्ब देखा जा सकता है :—

वह हंसी
मानो गुलाबी पंखुडियों में हिमघुली
प्रातः किरण धंसी।
प्रेमिका हृदय पर नव आसाढ़ी तड़ित की
ज्यों गिरी चाँदनी,
मन के सुनहले क्षितिज में चमकी नई
रवि-हीर की कनी
मानो नई इक रागिनी की भूमिका
मृदु वायु में बजी।[१]

यहां पर मधुर हास्य के आलोक के विस्तार, उसकी भास्वरता, ध्वनि माधुर्य एवं आह्लादक गुण की प्रशस्त अभिव्यक्ति के लिए क्रमिक रुप से हिमघुली प्रातः किरन, आषाढ़ी तड़ित की चाँदनी, रविहीर की कनी एवं रागिनी का विम्ब प्रयुक्त हुआ है। मदन वात्स्यायन के "शुक्रतारा" में इसी पद्धति पर बिम्ब विन्यास हुआ है :[२]



(घ) मनोवैज्ञानिक बिम्ब-विन्यास

मिस वाडकिन ने सी. जी युग के आधार पर बिम्बों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन किया है[3]। युग के अनुसार साइकी अर्थात् चित्त के तीन भेद हैं :—चेतन मन, व्यक्तिगत अचेतन मन, समष्टिगत अचेतन मन, बिम्ब एवं प्रतीक का सम्बन्ध अचेतनमन की दोनों अवस्थाओं से रहता है, पर अधिकांशतः उनका मूल समष्टिगत अचेतन में रहता है, क्योंकि

---

[१] देवराज; युग-चेतना, अप्रैल १९५७। [२] देखिए चित्र संख्या दो।
[3] आरकिटाइपल पैटर्न इन पोइट्री, मिस वाडकिन।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मौलिक (Primordial) बिम्ब एक ही प्रकार के असंख्य अनुभवों का सूक्ष्म रूप होता है जो व्यक्ति विशेष का न होकर संस्कारवशात मानव को उसके पूर्वजों से मिला है[1]। आशय यह है कि आदिम संस्कारजनित मानव की परिवारगत, जातिगत, समूहगत, असंख्य प्रभाव एवं प्रवृत्तियां मन की सबसे निचली परत में पड़ी रहती हैं और वे ही समय-समय पर चेतन मन की ओर अग्रसर होती हैं। युंग ने इन्हें ही आरकिटाइयस कहा है। चित्त की गहराई में असम्बद्धभावों की लहरें उठती तो अवश्य हैं, परन्तु उनका स्वरूप विशृंखल रहता है। उन्हें चेतना का मुक्त प्रवाह (फ्री एसोशियेशन) कह सकते हैं। चेतना के मुक्त प्रवाह की अभिव्यक्ति युक्त भावानुषंगात्मक बिम्बों के द्वारा ही हो सकती है।

मुक्तभावानुषंगपद्धति पर निर्मित बिम्ब

मुक्तभावानुषंग के आधार पर निर्मित बिम्वों द्वारा कविता में एक स्मृति चित्र बनता है। इस पद्धति मे उस चित्र का स्पष्ट अंकन नहीं रहता है, वल्कि कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो भावना के साहचर्य से पूर्व की बातों को प्रस्तुत कर देते हैं। यद्यपि इस प्रकार के प्रयोग से काव्य में अस्पष्टता एवं दुरुहता आ जाती है, पर प्रयोगशीलता की दृष्टि से यह महत्त्वपूर्ण है—

संदिग्ध प्रत्यूष बेला
निश्चयपूर्ण दिन बन गई
मनहूस
प्रत्यूष

नलिन विलोचन शर्मा ने प्रत्यूष के धुंधलेपन से मुक्त आसंग के सहारे वर्तमान जीवन की



---

[1] The se archetypes be (C. G. Jung) deseribed as 'Psychic residu e of numberless experiences of the same type experiences which have happened not to the individual but to his ancesters and of which the results are inherited in the structure of the brain."

Mise Maud Bodkin
Archetypal patterns in poetry, pp. 1.

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

जर्जर आधिभौतिक सभ्यता की व्यंजना की है। और विस्तृत भूमि पर यह देश की उस राजनैतिक,आर्थिक एवं सांस्कृतिक विपन्नता को संकेतित करता है जिस पर इलियट का पूरा वेस्ट-लेण्ड लिखा गया है।[१]

(२) यौन बिम्ब

फ्रायड एवं अति यथार्थवादी प्रभाव के कारण अवचेतन मन में पड़ी भावनाओं की व्यंजना सेक्स बिम्बों द्वारा होती है। आधुनिक हिन्दी कविता (नयी कविता) में मनुष्य की अतृप्त इच्छाओं एवं कठोर वर्जनाओं की अभिव्यक्ति हुई है। अज्ञेय के अनुसार आज का मानव "सेक्स" संवन्धी वर्जनाओं से आक्रान्त है। उसका मस्तिष्क भी दमित कामभावनाओं के भार से बोझिल है। इस प्रकार उसकी सौन्दर्य चेतना भी यौन भावना से लिप्त है। इस अवस्था में उपमा, रूपक, प्रतीक का यौन परक हो जाना स्वाभाविक है।[२] आज इस प्रकार के यौन विम्बों की कल्पना मिलती है। अज्ञेय ने निम्न पंक्तियों में ऐन्द्रिय आकर्षण एवं रूपलिप्सा के आधार पर व्यंजित काम-व्यापार की सम्यक् अभिव्यक्ति की है।

गीली दूब से मेदुर
मोड़ पर जिनके नदी का फूल है, जल है
मोड़ के भीतर घिरे हों, बांह में ज्यों
गुच्छ लाल वुरूस के उत्फुल्ल ॥

समग्रत: अनुशीलन से, स्पष्ट है कि प्रयोगवादी कविता में एक तरफ ऐन्द्रिय बिम्बों की प्रधानता है तो दूसरी तरफ मानस विम्बों (मनोवैज्ञानिक) कीं भी कभी नहीं है। ऐन्द्रिय बिम्बों में एक वात विशेष लक्षित होती है कि विभिन्न इन्द्रिय संवेद्य बिम्बों का प्रयोग एक साथ होता है। इससे विम्ब में नवीनता तो आ ही जाती है, भाव की विपन्न संवेदनाएं एक साथ ही रूपायित होती है। बौद्धिकता के विशेष आग्रह के कारण कुछ बिम्ब जटिल और अस्पष्ट भी हो गये हैं। फिर भी यह निस्संकोच कहा जा सकता है कि नयी कविता का बिम्ब विधान पूर्वकालीन बिम्ब विन्यास से सर्वथा नवीन है।

———

[१] तारसप्तक (प्रथम) पृ० ७६।
[२] देखिए चित्र संख्या तीन।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

बंगला और हिन्दी के सर्वनाम

राजमणि शर्मा
शोध-छात्र, हिन्दी विभाग, का० हि० वि० वि०

१. आधुनिक भारतीय भाषाओं का विकास अपभ्रंश के निम्न पांच रूपों से हुआ है :



२. उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि आधुनिक हिन्दी का स्वरूप शौरसेनी तथा अर्धमागधी अपभ्रंश के मेल से विकसित हुआ और बंगला का स्वरूप मागधी अपभ्रंश से विकसित हुआ है। मागधी अपभ्रंश से एक तरफ विहारी भाषाओं–भोजपुरी, मागधी, मैथिली और दूसरी तरफ उड़िया, बंगला, असमिया भाषाओं का विकास हुआ है। चीनी-यात्री ह्वेनसांग के अनुसार भी ७ वीं शती में बिहार, बंगाल और आसाम की भाषा एक ही थी। चटर्जी भी इस बात से सहमत हैं कि बंगला, उड़िया, असमिया और बिहारी भाषाओं की जननी एक ही अपभ्रंश रूप–मागधी–है। इससे यह बात साफ हो जाती है कि आधुनिक बंगला भाषा का जन्म ७ वीं शती के बाद हुआ।

३. डा० चटर्जी के अनुसार आर्यों के बंगाल में जाने के पूर्व कोल, द्रविड़ भाषा-भाषी लोग रहते थे। उनके अनुसार बंगला भाषा की ध्वन्यात्मक संरचना पर द्रविड़ भाषाओं का स्पष्ट प्रभाव अभी भी देखा जा सकता है।

४. अपभ्रंश से विकसित होने के कारण दोनों भाषाओं – बंगला और हिन्दी में बहुत अधिक समानता मिलती है। यहाँ मेरा विवेच्य है—दोनों भाषाओं के सर्वनाम-रूप। इन दोनों भाषाओं के सर्वनाम-रूपों में बहुत अधिक समानता है। प्रायः दोनों भाषाओं में आज पाए जाने वाले सर्वनाम रूप एक ही मूल से विकसित हुए हैं; केवल क्षेत्रीय प्रभाव ने उनके उच्चारण में थोड़ी बहुत भिन्नता ला दी है; जो निम्न विवेचन से स्पष्ट है।

५.१ व्यक्तिवाचक सर्वनाम

बंगला और हिन्दी दोनों के व्यक्तिवाचक सर्वनाम प्रायः एक समान होते हैं। उनमें यदि कहीं थोड़ा सा अन्तर है तो स्थानीय प्राकृत प्रभाव के कारण ही। सर्वनाम रूप अपने

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

प्राचीन रूप से बहुत दूर नहीं गये हैं जबकि दोनों भाषाओं के संज्ञा रूप अपने प्राचीन रूप से बिलकुल भिन्न प्रतीत होते हैं।

प्रथम पुरुष और द्वितीय पुरुष में सर्वनाम के चार रूप मिलते हैं :

(१) अविकारी (कर्त्ता) एकवचन रूप (२) तिर्यक एकवचन रूप

(३) अविकारी (कर्त्ता) बहुवचन रूप (४) तिर्यक बहुवचन रूप

५.१–१ प्रथम पुरुष

	अविकारी (कर्त्ता) एकवचन	तिर्यक एकवचन	अविकारी (कर्त्ता) बहुवचन	तिर्यक बहुवचन
बंगला	मुइ, आमि	मो, आमा	आमरा, मोरा आम्हेमाने, आमि	आमा, मोदिग मोदरे, आमादिग आमादेर
हिन्दी	हौं, मैं	मुझ	हम	हमौं, हमें

बंगला का अविकारी एकवचन रूप 'म' से प्रारम्भ है जो संस्कृत और हिन्दी के तिर्यक रूप की विशिष्टता है। यही स्थिति उड़िया की भी है। लेकिन इधर बंगला में अविकारी के बहुवचन रूप 'आमि' का प्रयोग एकवचन के रूप में होने लगा है और इसके बहुवचन रूप के लिए नए रूप 'आमरा' तथा 'अम्हेमाने' का निर्माण हुआ है। साथ ही कर्त्ता कारक एकवचन के रूप 'मुई' के बहुवचन रूप 'मोरा' का भी प्रचलन मिलता है।

अविकारी एकवचन के 'हौं', 'हउं', 'हुं' अथवा 'हव', 'हौं' के लिए संस्कृत में /अहं/ का प्रयोग होता था। किन्तु प्राकृत और अपभ्रंश में इसके आदि /अ/ का लोप हो गया और रूप हुआ—/हमुं/ शौरसेनी में /मं/ के लिए /उ/ का प्रयोग हुआ और हमुं > हउं हुआ।

हिन्दी 'मैं' संस्कृत के 'मया' तथा अपभ्रंश के मया > मइं से विकसित हुआ

बंगाली /मुइ/ अपभ्रंश के /हमुं/ से प्रारम्भिक /ह/ के छोड़ देने के बाद विकसित हुआ। 'बीम्स' की कल्पना है कि संभवतः इस रूप में आने तक इसने एक स्थिति और पार की होगी जब यह /अमुइ/ या /अमु/ बोला जाता रहा होगा। पर बंगला में /मुइ/ का प्रयोग सिर्फ निम्नवर्गीय समाज में ही होता है। आधुनिक बंगला में /आमि/ /हउ,/ /मइ/ का बहुवचन रूप है जो मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा के /अम्हे/ से बना है। इसका विकास-क्रम निम्न रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है :

अस्मे > अम्हे > अम्हि, अम्मि > आम्हि > आमि

'बीम्स' के अनुसार भी बंगला का /आमि/ प्राकृत रूप /अम्हे/ का सरलीकरण है। तिर्यक एकवचन रूप /मो/ और /मुझ/ प्राचीन और मध्यकालीन हिन्दी में भी पाया जाता है। /मुझ/ प्राकृत के सम्बन्ध कारक /मज्झ/ से विकसित हुआ और /मों/ प्राकृत के संबंध कारक /मह/ से विकसित हुआ।

आधुनिक बंगला में बहुवचन बनाने के लिए /–रा/ और /–दिग, –देरा/ जोड़ा जाता है इसके विपरीत प्राचीन बंगला में /–सकल/ और /–सब/ जोड़कर बहुवचन बनाया जाता था।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

५.१–२ द्वितीय पुरुष

द्वितीय पुरुष में प्रयुक्त होने वाले सभी बंगला तथा हिन्दी के सर्वनाम संस्कृत /त्वम्/ से विकसित हुए हैं जिनका विकासक्रम इस प्रकार है :

प्रा० भा० आ० भा०–त्वम् > म० भा० आ० तुम > अपभ्रंश तुंह > प्रा० बंगला तु > म० का० और आधुनिक बंगला–तुइ ।

डा० सुनीतिकुमार चटर्जी के अनुसार /तुइ/ का निर्माण प्राचीन बंगला के करण कारक, प्रथम पुरुष /मुइ/ के सादृश्य पर हुआ । बंगला का /तुइ/ अपभ्रंश के /तुझ/ का विकसित रूप है जबकि हिन्दी ने अपभ्रंश रूप को ही ग्रहण कर लिया ।

तिर्यक रूप प्रथम पुरुष के /मो/ और /मुझ/ के सादृश्य पर ही क्रमशः बंगला तथा हिन्दी के द्वितीय पुरुष के तिर्यक रूपों /तो/ और /तुझ/ का निर्माण हुआ ।

डा० सुनीतिकुमार चटर्जी के अनुसार /आमि/ के सादृश्य पर ही आधुनिक बंगला में द्वितीय पुरुष के /तुमि/ रूप का विकास हुआ और तिर्यक प्रथम पुरुष रूप /आमा/ के समानांतर ही /तोमा/ भी बना ।

द्वितीय पुरुष में मिलने वाले सर्वनाम निम्न प्रकार हैं :

	अविकारी (कर्त्ता) एक वचन	तिर्यक एक वचन	अविकारी (कर्त्ता) बहु वचन	तिर्यक बहु वचन
बंगला	तुइ, तुमि	तो, तोमा	तोरा, तोमरा +सब, सकल	तोदिग, तोदेर तोमादिग, तोमादेर
हिन्दी	तू, तुम	तुझ	तुम +लोग, सब	तुम +लोग, सब

५.१–३ तृतीय पुरुष

	अविकारी (कर्त्ता) एक वचन	तिर्यक एक वचन	अविकारी (कर्त्ता) बहु वचन	तिर्यक बहु वचन
बंगला	से, ता(हा) तिनि, तेहं तिहं	ताहा, ता ताना, तेना	ते(हा)रा (तहारा) –सब, सकल, से+सब ता(हा)दिग ताहादेर	तां(हा)रा +सब, सकल तां(हा)दिग तां(हा)देर
हिन्दी	वह		वे	

तृतीय पुरुष के लिए प्राचीन भारतीय आर्यभाषा में कर्त्ता कारक में /सा, सह/ था जो /ता/ से विकसित हुआ । मागधी प्राकृत में /से/ हो गया और मागधी अपभ्रंश में यह /सी/ के समान था जो असमी में /सि/ के रूप में सुरक्षित है । लेकिन बंगला, उड़िया, बिहारी भाषाओं में कर्त्ता कारक सर्वनाम /सि/ के बदले /से/ हो गया है । /-ए/ स्वर शायद दीर्घीकरण अथवा करण कारक /ते/ के प्रभाव के कारण हुआ है ।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

५.२ मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा की दूसरी स्थिति में पुल्लिग /से/ का प्रयोग नपुंसक के लिए भी होने लगा था। बंगाली में लिंगों में कोई भेद नहीं है इसलिए /से/ का प्रयोग पुलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग सभी के लिए होने लगा। वैसे नपुंसक लिंग के लिए /तो-हा/ रूप अधिक प्रचलित है।

५.३ तिर्यक एक वचन /ता(हा)/ सचमुच संबंध कारक /-अ-आहा/ है।

५.४ संज्ञा के समान ही, सर्वनाम में भी संबंध कारक एक विशेषण है जो कारक और लिंग को प्रभावित करता है। तिर्यक के समान ही इस तरह के जो अन्य सर्वनाम के रूप मिलते हैं वे निम्न हैं :

	प्रथम पुरुष		द्वितीय पुरुष	
	एक वचन	बहु वचन	एक वचन	बहु वचन
बंगला	मोर	आमार	तोर	तोमार
हिन्दी	मेरा	हमारा	तेरा	तुम्हारा

'बाप' ने 'मेरा' और 'तोरा' की व्युत्पत्ति क्रमशः संस्कृत 'मदीय' और 'त्वदीय' से मानी है और 'हंमारा' तथा 'तुम्हारा' की संस्कृत के 'अस्मदीय' और 'युष्मदीय' से। इसका विकास-क्रम इस प्रकार है द>ड>र।

५.४–१ निश्चयवाचक सर्वनाम

निश्चय वाचक सर्वनाम के दो रूप होते हैं—एक तो नजदीक का बोधक और दूसरा दूर का। नजदीक के लिए सभी भारतीय भाषाओं में /इ/ तथा दूर के लिए /अ/ अथवा /उ/ के विभिन्न रूप मिलते हैं।

५.४–२ नजदीक-बोधक निश्चय-वाचक सर्वनाम

	अविकारी (कर्त्ता) एक वचन	तिर्यक एक वचन	अविकारी (कर्त्ता) बहु वचन	तिर्यक बहु वचन
हिन्दी	इ, इह, ए, एह, यह	इस	ये	इन, इन्ह
बंगला	ए, इहा, एहां, इहं इनि	इहा, एपारा, ऐरा, इहारां, एसब, एगुला	ए, एमाने, एनां, इहां	एदिग, इहां, एदेर एहादिग, एहादेर एदेरा, ऐयादिग एतदिरे

५.४–३ दूर-बोधक निश्चयवाचक सर्वनाम

हिन्दी	उ, ओ, वह	उस	वे	उन, उन्ह
बंगला	ओ ओहा उनि, उहा उहा, ओहां	उहा ओ, ओहा ओना, उहा	ओ, ओरा उहारा, उनारा ओसब, ओ गुला	उहां, ओदिग ओदेर, उहादिगे ओनादेर, उहांदिग

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

५.४–४ सम्बन्ध-वाचक सर्वनाम

	अविकारी (कर्त्ता) एकवचन	तिर्यक एकवचन	अविकारी (कर्त्ता) बहुवचन	तिर्यक बहुवचन
हिन्दी	जो, जौन	जिस	जे	जिन
बंगला	जे	जाहा	जे	जहां

यह संस्कृत /य/ से, जो प्राकृत में /ज/ हो गया है, विकसित हुआ। तिर्यक रूप संस्कृत /यस्य/ से, जो प्राकृत /जस्स/ हुआ है, से बना है।

५.४–५ प्रश्नवाचक सर्वनाम

हिन्दी	कौन	किस	कौन	किन, किन्ह
बंगला	के	काहा	के	काहां

पुरानी हिन्दी में /को/–/किहि/ रूप है। इन सबका विकास संस्कृत /किम्/ से हुआ।

५.४–६ अनिश्चयवाचक सर्वनाम

हिन्दी	कोई	किसी	कोई	किन्हीं
बंगला	केह	काहा		

संस्कृत के /कोऽपि (को अपि)/ से जो प्राकृत में /कोवि/ हुआ, से विकसित हुआ। 'व' हट गया—/कोइ/ बचा। /कोइ/ की /ई/ बड़ी हो गई और रूप हुआ /कोई/।

बंगला में इसके बहुवचन रूप नहीं है और एक वचन रूप ही बहुवचन का कार्य करते हैं।

नपुंसक रूप ('कुछ' के लिए)

हिन्दी — कुछू, कुछ
बंगला — किछू
} इनका विकास संस्कृत /किंचित्/ से हुआ है।

५.४–७ आत्मवाचक सर्वनाम

हिन्दी — —आप
बंगला — आपनि
} ये संस्कृत के /आत्मा/ से विकसित हैं। प्राकृत में अप्पा, आपा अथवा अत्ता रूप मिलता है।

हिन्दी — अपना, अपनी, अपने, अपनो
बंगला — आपन, निजेर
} यह प्राकृत के संबंध वाचक /आपणो/ से विकसित हुआ है।

'कितना' के लिए हिन्दी में /कितना, कितनी,/ तथा बंगला में /कत, कतना/ मिलता है और हिन्दी /कैसा, कैसी/ के लिए बंगला में /किरुपे/ तथा /केमन/ मिलता है। हिन्दी /सब/ के लिए वगला में भी /सब/ ही मिलता है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि बंगला और हिन्दी के सर्वनाम सिर्फ एक ही मूल से उत्पन्न ही नहीं हुए हैं अपितु इनके वर्त्तमान स्वरूप में भी अत्यधिक समानता है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कला और प्रतिनिधान

डॉ० भगवतीप्रसाद राय

यदि शुद्ध कला किसी प्रकार का शिल्प नहीं है तो वह प्रतिनिधि या वास्तविक या यथार्थ नहीं हो सकती। प्रतिनिधान शिल्पगत वस्तु है, एक विशिष्ट प्रकार का शिल्प ही है। इस व्याख्या का लक्ष्य यह सिद्ध करना है कि कला स्वयं प्रतिनिधि नहीं होती है और न प्रतिनिधि हो सकती है। परन्तु कला के प्रतिनिधान की धारणा सौंदर्यशास्त्र के इतिहास में इतनी महत्त्वपूर्ण मानी ली गई है कि इस विचार का अधिक आदर नहीं हो सकता। इसलिए कला के प्रतिनिधीय सिद्धान्त का विवेचन पृथक् रूप से किया जाएगा।

प्रतिनिधान और अनुकरण का भेद समझ लेना चाहिए। कोई कलाकृति तद्‌रूप किसी दूसरी कला कृति के सापेक्ष देखने पर मुख्यतः अनुकृत ज्ञात होती है और दूसरी कलाकृति कलात्मक गरिमा का प्रतिरूप लगती है। वह भी प्रकृति की किसी वस्तु के सापेक्ष देखने पर प्रतिनिधि ज्ञात होती है अर्थात् वह कलाकृति नहीं प्रतीत होती। अनुकरण एक शिल्प है इसलिए अनुकरण की सीमा तक वह तथाकथित कलाकृति होती है, भ्रमवश उसे कलाकृति कहा जाता है। आजकल इस बात पर जोर देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अधिकांश लोग शुद्ध अनुकरण की वृत्ति या अंतःप्रेरणा से रंगते, लिखते या गाते हैं और चित्रकार, लेखक या गायक के रूप में ख्याति अर्जित करते हैं, केवल इसलिए कि उन्होंने किसी ऐसे व्यक्ति की शैली का ठीक-ठीक अनुकरण किया है जो ख्यातिलब्ध है। परन्तु स्वयं कलाकार और उसके श्रोता या दर्शक दोनों जानते हैं कि इस प्रकार की कृति अनृत कर्म या कूटकर्म है। यहाँ उसे प्रमाणित करने का प्रयास करना समय का अपव्यय है। इसके विपरीत किसी स्थापना पर मनन करने से कुछ लाभ हो सकता है। कला के क्षेत्र में मौलिकता का तात्पर्य यह है कि वह पूर्वरचित किसी कृति के सदृश नहीं है। इसे आजकल कलात्मक प्रतिभा कहा जाता है। वास्तव में यह अयुक्त है। यदि किसी वर्तमान कलाकृति की भाँति जानबूझ कर कोई रचना करना मात्र शिल्प है तो उसी तरह जानबूझ कर उसके विरुद्ध कोई रचना करना भी मात्र शिल्प ही है। किसी संवेदना के कारण कोई वास्तविक कलाकृति मौलिक कही जाती है। परन्तु इस अर्थ में मौलिकता का तात्पर्य दूसरी कलाकृतियों से उसकी असमानता नहीं है। उस प्रकार की वस्तु की संज्ञा ही कलाकृति है इसलिए यह भी कलाकृति कही जाती है, कोई अन्य वस्तु नहीं।

प्रतिनिधि कला और शुद्ध कला

सभी कलाएँ प्रतिनिधि होती हैं, इस सिद्धान्त के स्थापन का श्रेय सामान्यतः प्लेटो और अरस्तू को दिया जाता है। इसी तरह का कोई सिद्धान्त पुनर्जागरण काल तथा सत्रहवीं शती के कलाशास्त्रियों का था। बाद में माना गया कि कुछ कलाएँ प्रतितिधि होती हैं, कुछ नहीं। आजकल स्वीकार्य दृष्टिकोण यह है कि कोई कला प्रतिनिधि नहीं होती है। अधिकांश कलाकारों और समीक्षकों की किसी-न-किसी तरह यही सम्मति है। शुद्ध

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कला प्रतिनिधि नहीं हो सकती, इस विचार से यह नहीं अन्वित होता कि कला और प्रतिनिधान की संगति नहीं हो सकती। कला और शिल्प परस्पर अतिव्याप्त होते हैं। कोई भवन या कोई रचना जो प्रधानतः कला वस्तु या शिल्प है कलाकृति भी हो सकती है। परन्तु जो चीज उसे कलाकृति बनाती है वह उसे शिल्पवस्तु बनाने वाली चीज से भिन्न होती है। कोई प्रतिनिधान कलाकृति हो सकता है परन्तु जो वस्तु उसे प्रतिनिधि बनाती है वह एक है और जो कलाकृति बनाती है, वह दूसरी।

कोई प्रतिकृति प्रतिनिधि कृति होती है। उसका स्वामी उसमें अपनी पसन्द का निवेश चाहता है। वही चित्रकार का भी लक्ष्य होता है और यदि वह दक्ष चित्रकार है तो सफलतापूर्वक उस रुचि को चित्रित करता है। ऐसी रचना बहुत कठिन कार्य नहीं है। इस युक्ति के बल पर हम मान सकते हैं कि सभी महान चित्रकारों ने ऐसा किया होगा। पर यह हमारी मा यता ही हैं, उससे ऊपर कुछ नहीं। प्रतिकृति बनवाने के निमित्त बैठे व्यक्ति अब जीवित नहीं हैं इसलिए अब हम उनकी पसन्द की जाँच नहीं कर सकते। यदि प्रतिकृति की कोई विशेषता थी तो उसके ग्राहक की पसन्द। यदि ग्राहक जीवित नहीं है तो हम किसी सुन्दर प्रतिकृति या विरूप प्रतिकृति का भेद नहीं जान सकते। प्रतिकृति बनाने का आदेश करते समय ग्राहक अपनी पसन्द का निर्देश करता है, वह किसी कलाकृति की आकांक्षा नहीं व्यक्त करता। संभव है चित्रकार इस सौदे में ग्राहक की पसन्द के साथ-साथ कलाकृति का भी ध्यान रखे। विज्ञापनों को लीजिए। उनमें कलात्मक अभिप्रेरणा निहित होती है पर विकृति रूप में और किसी स्वार्थ की अधीनता में। कलाकार की दृष्टि से इसे ऊँचा लक्ष्य नहीं कहा जा सकता। प्रतिकृति चित्रक इसी कोटि का होता है। अपनी कलात्मक शक्ति को किसी निर्दिष्ट साध्य के अधीन बनाने से पहले, उसे कलाकार बनना होता है। जहाँ उसकी परवशता समाप्त होती है, वह अपने संपालक की पसन्द को तुष्ट कर देता है लेकिन ऐसा करने में वह अपने कलाकार का उत्सर्ग करता है। इसलिए कोई व्यापारिक प्रतिकृति, जैसा हम दीवालों के पोस्टरों में देखते हैं एक अर्थ में कलाकृति और दूसरे अर्थ में कलाकृति नहीं होती है। वह ऐसी कृति होती है जिसमें कलात्मक अनुप्रेरणा मूल रूप से वर्तमान रहती है पर किसी कलात्मक साध्य की अधीनता के कारण विकृत होती है। किसी प्रतिकृति को कलाकृति कहने का अर्थ उपर्युक्त से अधिक व्यापक है। हमारा तात्पर्य यह है कि कलाकार के प्रयास में एक ऊँचा भाव भी निहित होता है। वह किसी पसन्द की संरचना का उपयोग कलात्मक वस्तु के निर्माण के अवसर की भाँति करता है। इस तरह कला समभ्यास के लिए अवसर निकलता है।

इस बात से कोई अन्तर नहीं पड़ता कि कोई प्रतिकृति व्यक्तिनिष्ठ प्रतिनिधान है। अरस्तू ने नाट्य के प्रसंग में और सर जोशुआ रेनाल्ड ने चित्रकला के प्रसंग में कहा है कि सर्वनिष्ठ प्रतिनिधान जैसी चीज भी होती है। कोई ग्राहक किसी फूल अथवा प्राकृतिक दृश्य का चित्र इस कारण नहीं खरीदता है कि वह किसी पुष्प विशेष या दृश्य विशेष का प्रतिनिधि है बल्कि इसलिए कि उनमें से किसी का वह प्रतिनिधि है। चित्रकार ग्राहक के लिए निर्माण करते समय विशिष्ट प्रकार बनाता है। इसे अरस्तू सार्वत्रिक चित्रवस्तु कहते हैं। रस्किन ने सोचा कि सर्वनिष्ठ प्रतिनिधान से सुन्दर कलावस्तु का निर्माण नहीं

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

हो सकता। पर यह सत्य नहीं है, इसलिए नहीं कि वह प्रतिनिधान है और इसलिए भी नहीं कि वह सर्वनिष्ठ प्रतिनिधान है बल्कि इसलिए कि वास्तविक कलाकार के हाथों उसे शुद्ध कला की कोटि तक लाया जा सकता है। उन्नीसवी शती के विशेष ढंग के स्वच्छंदतावाद के प्रति उसने सर्वनिष्ठ प्रतिनिधान के विरुद्ध पक्षपात किया। वह कला को सर्वनिष्ठ रूप से निर्वासित कर रहा था ताकि बौद्धिकता से कला को मुक्त किया जा सके। क्योंकि यह माना गया कि बौद्धिक प्रभाव पड़ने से कला जड़ और असंवेदनशील होकर अकलात्मक हो जाएगी।

प्लेटो और अरस्तू

कलाशास्त्र के आधुनिक लेखक इस न्यायवाक्य का कर्ता प्लेटो को मानते हैं: अनुकरण बुरा है, सभी कलाएँ अनुकरण हैं, इसलिए सभी कलाएँ बुरी हैं। यहाँ अनुकरण का वही अर्थ है जो हमने ऊपर प्रतिनिधान शब्द का माना है। इसलिए प्लेटो अपने नगर से कला का निर्वासन करता है। कला पर प्लेटो का यह प्रहार एक गल्प है जो उन लोगों की विद्वता का मलिन प्रकाश विकीर्ण करता है जिन्होंने इस गल्प का अन्वेषण और आवर्तन किया। तथ्य यह है कि (१) सुकरात ने प्लेटो की रिपब्लिक में कविता को दो खण्डों में बाँटा (पहली) प्रतिनिधि और (दूसरी) अप्रतिनिधि। (२) वह प्रतिनिधि काव्य के कुछ प्रकारों को मनोरंजक मानता है परन्तु कई कारणों से उसे अवांछित समझता है। वह इस प्रकार की प्रतिनिधि कविता का निर्वासन केवल स्कूल की कक्षा से ही नहीं बल्कि पूरे नगर से चाहता है, (३) आगे वह अपनी वार्ता में अपने विभाजन से तुष्टि प्रकट करता है, (४) नए तर्कों के बल पर अपने प्रहार का पुनः प्रवर्तन करता है और इस बार उसका धावा समूचे प्रतिनिधि काव्य के क्षेत्र तक विस्तृत होता है। (५) वह सम्पूर्ण प्रतिनिधि काव्य का निर्वासन करता है पर कुछ विशेष प्रकार की कविता को ग्रहण करता है जो प्रतिनिधि नहीं है।

प्लेटो का अपने आदर्श नगर से कलाकार (या कवि) का निर्वासन विषयक गल्प "रिपब्लिक" को ठीक न समझने के कारण चल पड़ा। रिपब्लिक (३९८ ए) में वह कहता है, 'हमें उसकी पूजा किसी पवित्र, भव्य और प्रसन्न चित्त व्यक्ति की भाँति नहीं करनी चाहिए। हमें उससे कहना चाहिए कि उसकी भाँति हमारे नगर में कोई नहीं है और वैसा होने की किसी को अनुज्ञा भी नहीं है। हमें गंध-रस से उसे मुग्ध कर उसके सिर पर मुकुट रखकर अपने नगर से दूर भेज देना चाहिए। अपने कल्याण के लिए शुष्क और अल्प मनोरंजक कवि या कथाकार को नियोजित करना चाहिए जो हमारे लिए नेक पुरुष के आख्यान का प्रतिनिधि हो।' प्लेटो के मिथ्या भाष्यकर्ता कहते हैं कि उसके इस निर्वासन प्रस्ताव का शिकार कवि है। यदि वे वाक्य को अन्त तक पढ़ें तो देखेंगे कि उसका यह निर्वचन नहीं है। वह एक तरह का कवि हो सकता है। इस कवि का पूरा विश्लेषण करें तो ज्ञात होगा कि वह प्रतिनिधि कवि भी नहीं है, केवल मनोरंजक है जो उथली या असह्य चीजों का प्रतिनिधि है। इस तरह हम देखते हैं कि नगर में कुछ प्रकार के कवि ही नहीं बल्कि कुछ तरह के प्रतिनिधि कवि भी ग्रहीत हैं अर्थात् वे जो नेक पुरुष के आख्यान के प्रतिनिधि हैं।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

यहाँ प्लेटो का बचाव या उस पर अन्य सिद्धान्त आरोपित करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। लगता है कि वह प्रतिनिधि काव्य और मनोरंजक काव्य की पहचान करने में भ्रम दोष का शिकार हो गया। मनोरंजक कला केवल एक प्रकार की प्रतिनिधि कला है और दूसरे प्रकार की कला चमत्कारी होती है। उसने सुकरात के तरीकों को पर्याप्त शक्ति के साथ लागू नहीं किया। यदि वह ऐसा करता तो इस पचड़े से उबर जाता। वह कह सकता कि जब तक मैंने यह निश्चय नहीं किया कि स्वयं कविता क्या है, मैं प्रतिनिधि कविता की व्याख्या कैसे कर सकता हूँ? इसी मूल प्रश्न को न उठाने के कारण प्लेटो के तर्क व्यापक और गभीर रूप से गलत समझ लिए गए। आधुनिक पाठकों ने प्रतिनिधि और मनोरंजक काव्य पर प्लेटो के इस प्रहार को सम्पूर्ण काव्य पर प्रहार मान लिया। इसका कारण यह है कि उनका मस्तिष्क प्रतिनिधान को कला के समरूप मानने के सिद्धान्त से तुषारावृत था। इस सिद्धान्त को अपने मन में ग्रहण कर जब वे प्लेटो को पढ़ते हैं तो सम्पूर्ण अपवारण के होते उसी का आरोप सर्वत्र देखते हैं। जब तक कला-शास्त्रियों का मस्तिष्क इस सिद्धान्त से अभिभूत है, उनसे प्लेटो के ठीक कथन को समझने की आशा करना व्यर्थ है।

पाठक पूछ सकते हैं कि अरस्तू ने क्या कहा? क्या वह कला को मूलरूप से प्रतिनिधि नहीं मानता? उसने पोयटिक्स के प्रारम्भ में ही स्पष्ट कर दिया है कि वह ऐसा नहीं मानता। वह प्लेटो के प्रतिनिधि और अप्रतिनिधि कला के चिरपरिचित भेद को स्वीकार करता है और मानता है कि कुछ प्रकार का संगीत प्रतिनिधि है पर सब नहीं। यह ठीक है कि वह प्लेटो का पूर्णतः अनुकरण नहीं करता और दोनों के बीच कहीं स्पष्ट रेखा खींचने के पक्ष में नहीं है। कविता को ही लीजिए। वह एक प्रकार के काव्य को प्रतिनिधि मानता है जिसे प्लेटो अप्रतिनिधि समझता था। महाकाव्य को अरस्तू पूर्णतया प्रनिनिधि मानता है जब कि प्लेटो उसका वर्गीकरण आंशिक प्रतिनिधि काव्य के रूप में करता है, लेकिन वह प्लेटो से इस बात पर सहमत है कि नाटक प्रतिनिधि काव्य है। संवेग को जगाना प्रतिनिधि काव्य का कार्य है। दुखान्त नाटकों के संवेग में करुणा और भय का मिश्रण होता है। वह इस बात पर भी प्लेटो से सहमत है कि किसी नाटकीय अभिनय द्वारा दर्शक के मन में उद्‌बुद्ध संवेग ऐसे होते हैं जो दैनिक कृत्यों के अनुपालन में उठे वैसे सवेगों को बाधित करते हैं।

प्लेटो की 'पोयटिक्स' किसी अर्थ में कविता की वकालत नहीं है। वह मनोरंजन के निमित्त रचित काव्य या प्रतिनिधि काव्य की प्रतिरक्षा है। शोकान्तकी दर्शक के मन में करुणा और भय उत्पन्न करती है। इस संवेग से गंभीर रूप से भावित मन व्यावहारिक जीवन के लिए अनुपयुक्त होता है। यहाँ तक प्लेटो और अरस्तू परस्पर सहमत हैं। आगे प्लेटो अपने निष्कर्ष पर पहुँचता है, इसलिए शोकान्तकी अपने दर्शक के दैनिक जीवन के लिए अपकारी है। अरस्तू इस विश्लेपण में एक पग आगे बढ़ता है और कहता है कि शोकान्तकी-जन्य संवेग दर्शक के मन को बोझिल बनाने के लिए अभिप्रेत नहीं होते। वे शोकान्तकी के अवलोकन की अनुभूति में गल जाते हैं। यह संवेगात्मक निर्मलता या रेचन शोकान्तकी के पश्चात् दर्शक के मन को करुणा और भय से भावित नहीं रखता बल्कि उसे उत्फुल्ल कर

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

देता है। इस प्रकार शोकान्तकी का अरस्तू-प्रभाव प्लेटो के प्रभाव के एकदम विपरीत है। अरस्तू की व्याख्या बिल्कुल ठीक और महत्वपूर्ण है। यद्यपि यह कला-सिद्धान्त के क्षेत्र में कोई बड़ा योगदान नहीं तथापि मनोरंजन सिद्धान्त के क्षेत्र में अंशदान अवश्य है। परन्तु क्या उसने मनोरंजक कला के संबंध में प्लेटों की मौलिक आपत्तियों का उत्तर दिया ? यह एक दूसरा प्रश्न है।

रिपब्लिक में मनोरंजक कला की व्याख्या एक घटना मात्र है। उसमें नाना प्रकार के विषयों का समावेश है, पर उसे हम विश्वकोष नहीं कह सकते। अनेक विषयक एक ही समस्या के चतुर्दिक केन्द्रित हैं। उसी समस्या पर प्रकाश डालने के लिए नाना प्रकार के विषयों का समावेश और विवेचन किया गया है। समस्या है यूनानी समाज का ह्रास, उसके लक्षण, कारण और संभव समाधान। उसके लक्षणों में एक है नवीन मनोरंजक कला द्वारा पुरानी चमत्कारी धार्मिक कला का दमन। प्लेटो की काव्य विवेचना वास्तविकता की जीवन्त भावना से अनुप्राणित है। वह पुरानी और नई कला के भेद को जानता है। उसका विश्लेषण करता है, पर यह विश्लेषण अधूरा है। वह सोचता है कि अस्तप्राय नई कला उत्तेजित और संवेगात्मक संसार की कला है। परन्तु वस्तुस्थिति इसके विपरीत है। वास्तव में वह कला संवेग निर्गत जगत की कला है, ऐसा ज़गत जिसके अधिवासी उसे एकरस और कालनिरपेक्ष समझते हैं। नई पीढ़ी के अनुभवों के आधार पर अरस्तू प्लेटो के इन तथ्यों का सुधार करता है परन्तु उनके महत्त्व की प्लेटो-भावना खो देता है। वह पाँचवी शती की महत्त्वपूर्ण और चौथी शती की अस्तप्राय स्थिति के भेद का अनुमान नहीं करता। यूनान की ह्रासकालीन स्थिति को देखते हुए प्लेटो अंधेरे को भविष्य-वक्ता की दृष्टि से देखता है और अपने उर्जस्वित मस्तिष्क की सारी शक्ति उसके प्रतिकार के लिए लगा देता है। नए हेलेन संसार के वासी अरस्तू को कोई निराशा नहीं दिखाई देती। दोनों के निर्वचन में यह बड़ा भारी भेद है।

प्रकृत और संवेगात्मक प्रतिनिधान

प्रतिनिधि कला की ठीक परिभाषा यह नहीं है कि कलावस्तु किसी मौलिक कृति का प्रतिरूप होती है। ऐसी स्थिति में हम उसे प्रकृत प्रतिनिधान कहेंगे। यदि कलावस्तु द्वारा उद्बुद्ध भावना मौलिक वस्तु की संवेग-भावना के अनुसार है तो हम उसे संवेगात्मक कलाकृति कहेंगे। जब हम कहते हैं कि कोई प्रतिकृति ग्राहक की भाँति है तब इसका अर्थ यह होता है कि दर्शक जब प्रतिकृति देखता है, उसे लगता है कि वह उपवेशक के सान्निध्य में है। प्रतिनिधि कलाकार का यही लक्ष्य होता है। वह जानता है कि किस प्रकार दर्शक को भावित करना चाहिए, यही उसका अभिलक्ष्य है। वह अपनी कलावस्तु का निर्माण इस प्रकार करता है कि वह अभीष्ट रूप में दर्शन को भावित करे। किसी सीमा तक यह कार्य वस्तु को प्रकृत रूप में रचकर किया जाता है। परन्तु उसके आगे का विधान प्रकृत रूप से कुशलता पूर्वक हटकर किया जाता है। यह निपुणता अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति के लिए साधन कल्पित करने की योजना है। ऐसी निपुणता दर्शक पर विशेष कलावस्तु का विशेष प्रभाव लक्ष्य कर इन्द्रियानुभव द्वारा अर्जित की जाती है। अनुभव द्वारा कलाकार अपने दर्शक पर काम्य प्रभाव की सृष्टि करने में सक्षम होता है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

इसलिए प्रतिनिधि कलाकार की यह अज्ञता नहीं है कि उसकी रचना मौलिक कलाकृति की शुद्ध अनुकृति नहीं है। यदि उसने तद्‌रूप अंकन किया तो इस आधार पर कैमरा उसे तुच्छ बना देगा। जब कि वस्तुस्थिति इसके विपरीत है। प्रतिकृति चित्रक किसी प्रकृत पसन्द की सृष्टि नहीं करना चाहता। वह जानबूझ कर कुछ ऐसी चीज छोड़ देता है जिसे वह देखता है, कुछ का परिष्कार करता है और कुछ ऐसी चीज रच देता है जिसे वह ग्राहक में बिल्कुल नहीं देखता है। यह सब विधिसहित कुशलता पूर्वक करता है जिससे कुछ इस तरह की सृष्टि होती है जिसे ग्राहक मौलिक कहता है। व्यक्ति और वस्तु को हम जिस भावना से देखते है, हमारे उन सवेगों के अनुसार वे भिन्न दिखाई पड़ती हैं। हमारे लिए कोई संत्रासक वन्य पशु अपने सामान्य आकार से कद्दावर दिखाई देता है। उसके दाँत और पंजे विशेष रूप से आवर्धित प्रतीत होते हैं। यदि हम किसी पर्वत पर चढ़ने की कल्पना करते हैं तो उसका किनारा सपाट या उवड़-खाबड़ प्रतीत होता है। कोई व्यक्ति जिससे हम भयभीत हैं बड़ी और चुभती हुई आँखों वाला ज्ञात होता है। इन चीजों के फोटोग्राफ या प्रकृत चित्र उनके संवेगात्मक रूप से भिन्न होते हैं। कुशल कलाकार इनकी समानुपातिक अतिशयता को ध्यान में रखता है और संवेगात्मक रूप से यथार्थ रूप की सृष्टि करता है। यहाँ यथार्थ का तात्पर्य उस विशेष दर्शक का मानस चित्र है।

इस प्रकार कला का प्रतिनिधान प्रकृतवाद जैसा नहीं है। प्रकृतवाद प्रकृत प्रतिनिधान के भी समकक्ष नहीं है। वह वस्तु के सामान्य संसार के समरूप है जिसे हम सामान्य और स्वस्थ नेत्रों से देखते हैं और जिसे हम प्रकृति कहते हैं। मोटे तौर पर हम प्रतिनिधान की तीन कोटियाँ कर सकते हैं। पहली कोटि लगभग चयन रहित प्रतिनिधान की है जिनमें सम्यक् प्रकृत रूप का प्रयास होता है। दूसरी कोटि की कृतियों से स्वल्प संवेगात्मक प्रभाव उत्पन्न होता है। इसमें महत्त्वपूर्ण या लाक्षणिक गुणों का स्थूल चयन होता है। महत्वपूर्ण और लाक्षणिक विशेषण का अर्थ यह है कि वे संवेगात्मक अनुभूति को प्रेरित करने में स्वतः समर्थ होते हैं। इसे और स्पष्ट करने के लिए हम एक उदाहरण लें। कोई कलाकार किसी धार्मिक नृत्य का संवेगात्मक प्रभाव पुनः उत्पन्न करना चाहता है। आधुनिक पर्यटक किसी क्षण उसका फोटो खींच लेता है। परम्परावादी कलाकार एक-एक कर उसी क्रम से नर्तकों को बनाता चला जाता है। ऐसा करना जड़ता पूर्ण है क्योंकि नृत्य का संवेगात्मक प्रभाव किसी एक मुद्रा या भंगिमा में नियत नहीं होता, वह उसके पैटर्न पर आधृत होता है। कौशल इस बात में है कि नर्तकों का ध्यान बिल्कुल छोड़कर उस विशेष पैटर्न को अंकित किया जाए। ये पैटर्न ओजपूर्ण और अत्यन्त विलक्षण संवेगात्मक प्रभाव की सृष्टि करते हैं। इस कोटि में किसी मौलिक वस्तु का प्रतिनिधान करने वाली कलावस्तु प्रतीक कही जाती है। प्रतीक शब्द कुछ भ्रामक है। यह प्रतीक और अनुकृति या अनुलेख के आकार में भेद व्यक्त करता है जब कि उनमें भेद गुणात्मक होता है। इससे व्यंजित होता है कि प्रतीक का वरण किसी प्रकार की सहमति या संधि से प्रभावित होता है जिसमें कुछ लोग विशेष प्रयोजन के लिए उस वस्तु का प्रयोग करने को परस्पर सहमत होते हैं। प्रतीक शब्द से यही अर्थ ध्वनित होता है। वस्तुतः

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

इस प्रकार की कोई बात प्रतीक में नहीं होती। होता है वह केवल चुना हुआ प्रकृत प्रतिनिधान जो इन्द्रियानुभव के रूप में संवेगात्मक प्रतिनिधान के लिए प्रभावी साधन है।

कभी-कभी लोग कहते हैं कि वरण या चयन प्रत्येक कलाकार के कार्य का आवश्यक अंग है। यह बात ठीक नहीं है। शुद्ध कला के क्षेत्र में ऐसी कोई चीज नहीं होती है। कलाकार जो कुछ देखता है उसे लिखता है, जो अनुभव करता है उसे अभिव्यक्त करता है, अपनी अनुभूति का स्पष्ट प्रतिदर्श निर्मित करता है, कुछ छिपाता नहीं, कुछ बदलता नहीं। जब लोग चयन की बात करते हैं, तो समझना चाहिए कि वे शुद्ध कला के सिद्धान्त के विषय में चर्चा नहीं करते बल्कि दूसरी कोटि की प्रतिनिधि कला के सिद्धान्त के विषय में कहते हैं। उसे गलती से शुद्ध कला के अर्थ में समझ लिया जाता है। तीसरी कोटि प्रकृत प्रतिनिधान का बिल्कुल तिरस्कार कर देती है, पर होती है प्रतिनिधि कृति ही, क्योंकि उसका लक्ष्य अर्ध उन्मीलित संवेगात्मक प्रतिनिधान होता है।

कला और चमत्कार

प्रतिनिधान सदा किसी साध्य का साधन होता है। उसका साध्य होता है किसी संवेग की पुनः सृष्टि। चूँकि संवेग की सृष्टि किसी व्यावहारिक मूल्य या स्वतः संवेग के लिए होती है, इसलिए उसे चमत्कार या मनोरंजक कहा जाता है। चमत्कार शब्द का बिल्कुल निश्चित महत्व या अर्थ नहीं है। ग्राम्य समाज में प्रचलित कुछ प्रयोगों को व्यक्त करने के लिए इसका प्रयोग होता है। अर्ध शिष्ट और अर्ध शिक्षित समाज में भी यत्र-तत्र इसका प्रयोग होता है। परन्तु किसी निश्चित धारणा के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता। यहाँ चमत्कार या जादू का वह अर्थ नहीं लिया गया है जिसमें किसी इच्छा की पूर्ति के लिए कार्य-कारण असंगत मान्यताओं का प्रयोग किया जाता है, जैसे फसल के अवसर पर इस निमित्त उत्सव मनाना कि उसमें जितनी अधिक उछल-कूद होगी फसल उतनी ही ऊँची या समृद्ध होगी, या ध्यान करते ही कोई वस्तु प्रकट हो जाएगी। जादुई चिराग के अनेक गल्प प्रचलित हैं। यहाँ चमत्कार का विश्लेषण कला की दृष्टि से किया जाएगा। जादूगर को हम वैज्ञानिक नहीं कह सकते। यदि उसे घटिया वैज्ञानिक कहें तो हम उसके लक्षणों के लिए अपशब्द की योजना करेंगे जो उसे वैज्ञानिक से भिन्न करते हैं। चमत्कार और कला के बीच समताएँ दृढ़ और घनिष्ट हैं। चमत्कारी अभ्यासों में प्रायः नाच, गान, चित्रण और प्रतिरूपण जैसी कलात्मक क्रियाएँ होती हैं इसलिए चमत्कार और कला के मूल तत्त्व समान हैं। इसके अतिरिक्त इन तत्त्वों का एक कार्य और है जो दो प्रकार से मनोरंजन कृत्यों के सदृश हैं। ये किसी पूर्व कल्पित साध्य के साधन हैं, इसलिए शुद्ध कला नहीं है बल्कि शिल्प है? यह साध्य संवेगों का उद्बोधन है।

चमत्कार किसी पूर्वकल्पित साध्य का साधन होता है, यह कथन बहुत स्पष्ट है और यह भी स्पष्ट है कि इसमें जिस साधन का नियोजन होता है वह कुछ कलात्मक होता है। परन्तु चूँकि चमत्कार किसी साध्य का साधन होता है इसलिए उसे शुद्ध कला नहीं कहा जा सकता। उसे अर्ध कलात्मक कहना ठीक होगा। चमत्कार का साध्य सर्वदा और पूर्णतः संवेगों का उद्बोधन होता है। यह कथन कुछ अस्पष्ट है। परन्तु यह मानना

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

होगा कि कभी-कभी और अंशतः उसका साध्य होता है। जैसे मध्यकालीन भारत में कुछ जातियों में लड़ाई-झगड़े के पूर्व आल्हा गाकर युद्धप्रेरक संवेगों को उद्‌वुद्ध किया जाता थ । उत्साह के संवेग को जगाने के कारण आल्हा अव भी वहुत लोकप्रिय गान है।

मनोरंजन से भिन्न रीति से चमत्कार संवेगों को जगाता है। चामत्कारिक कृत्यों द्वारा उद्‌वुद्ध संवेग उन कृत्यों से नहीं संपादित होते। किसी चमत्कार से संबद्ध जन के दैनिक जीवन के लिए यह बड़ी बात है कि वैसा नहीं होता। चामत्कारिक कृत्य का संयोजन इस प्रकार होता है कि ऐसा न हो। जो होता है वह उसका विपर्यय है: वास्तविक जीवन में ये संवेग प्रभावी अधिकरणों के रूप में प्रक्षेपित, संघनित और समेकित होते हैं। यह प्रक्रिया रेचन प्रक्रिया से बिलकुल उल्टी होती है। रेचन प्रक्रिया में संवेगों का विधान इस तरह होता है कि वे दैनिक जीवन में बाधा नहीं पहुँचाते, चमत्कार दैनिक जीवन में धारित और निर्दिष्ट होता है। चमत्कारों द्वारा केवल संवेगात्मक प्रभावों की सृष्टि होती है। इनका संपादन आंशिक रूप से नट और आंशिक रूप से दर्शक के ऊपर अभिनय द्वारा अनुकूल या प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि चतुराई से इनका संपादन न हो तो केवल एक बार इनका प्रभाव होता है। सारे चामत्कारिक कृत्यों का उद्देश्य अभिकर्ता में जीवनोपयोगी संवेगों का जनन है। उसका गौण कृत्य अन्य लोगों, दोस्तों या दुश्मनों में उपयोगी या अनुपयोगी संवेगों का जनन है।

चमत्कारों द्वारा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालने का प्रयास होता है। उस पर विश्वास करने वाला व्यक्ति सोचता है कि उपयुक्त नृत्यों के बिना युद्ध शुरू कर देने के कारण हार होती है या उन चमत्कारों को पूरा किये बिना जंगल में पेड़ काट पाना कठिन होता है। पर इस विश्वास का अर्थ यह नहीं है कि चमत्कार की शक्ति से दुश्मन हारता है या पेड़ गिरता है और उसमें श्रम का विशेष महत्त्व नहीं होता। चमत्कार का प्रयोग मनोबल उठाने के लिए होता है। जहाँ चमत्कार का प्रयोजन हमारे साहस को अपने दुश्मन पर आक्रमण के बिन्दु तक कसना होता है, वहाँ संभव है दुश्मन का दिल चमत्कार से दहल जाए। ग्रामीण लोगों का विश्वास होता है कि चमत्कार से वे बातें हो सकती हैं जिन्हें सभ्य लोग असंभव समझते हैं जैसे पानी वरसाना या भूकम्प रोकना। निकम्मा कृषक अपनी खेती चौपट हो जाने को मौसम की प्रतिकूलता कहता है, वह अपनी अव्यवस्था पर ध्यान नहीं देता। पर यदि चामत्कारिक प्रयोगों से उसकी काहिली दूर हो जाए तो उसके पास मौसम पर दोष आरोपण के लिए कुछ नहीं होगा। विचारणीय बात यह है कि क्या चमत्कारों का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं का प्रतिकार है या मनुष्य में निर्भयता और आशापूर्वक उनका सामना करने की इच्छा की संवेग-दशा का उद्‌बोधन है। यदि पहली स्थिति सत्य है तो वह चमत्कार का ढोंग है और यदि दूसरी स्थिति सत्य है तो वह चमत्कार का वास्तविक फल है। चमत्कार इस संवेग-प्रभाव को कैसे उत्पन्न करता है इसका समाधान सरल है। यह प्रतिनिधान द्वारा किया जाता है। एक काल्पनिक परिस्थिति उत्पन्न की जाती है जो वास्तविक परिस्थिति का प्रतिनिधान होती है जिस पर संवेग अंतरित करना होता है। कृत्य के चामत्कारिक प्रभाव के लिए आवश्यक है कि अभिकर्त्ता उक्त संबंध के विषय में

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सजग हो और उसे मालूम हो कि युद्ध-नृत्य या कृषि उत्सव के लिए वह क्या कर रहा है। उसे उत्सव गान में बता देना चाहिए कि इस क्रिया द्वारा त्रुटि असंभव है।

चमत्कार प्रतिनिधान होता है। उससे उत्पन्न संवेग व्यावहारिक जीवन में उपयोग के कारण मूल्यवान होते हैं। चामत्कारिक क्रिया डायनेमो की भाँति है जो वास्तविक जीवन के तंत्र को संवेगीय धारा प्रदान करती है। इसलिए हर तरह के जीवन के लिए चमत्कार जरूरी है। यह प्रत्येक स्वस्थ समाज में पाया जाता है। जो समाज यह सोचता है कि अब चमत्कार का युग समाप्त हो गया उसकी दृष्टि भ्रामक है या यह मृतप्राय समाज का लक्षण है जो अपने पोषण के लिए हितकारी तत्त्व में अरुचि व्यक्त करता है।

चामत्कारिक कला

चामत्कारिक कला प्रतिनिधि होती है। इसलिए संवेगों को जगा देती है। इन संवेगो का जीवन के लिए निश्चित प्रयोजन होता है। यदि रसात्मक मानक से इस कला को मापा जाय तो वह अच्छी या खराब हो सकती है। परन्तु इस अच्छाई या दोष का संबंध उसके अपने कार्य से नहीं होता है। आज प्राचीनतम भित्ति चित्रों को उनकी चामत्कारिक क्रिया के आधार पर नहीं समझा जा सकता। जिस समाज में चामत्कारिक कला रस-बोध का उत्कर्ष मानी जाती है उसमें रसात्मक प्रकर्ष के लिए अच्छा कलात्मक विनियोग आवश्यक होता है। इस कला का दोहरा अभिप्राय होता है। जहाँ दोनों अभिप्राय साथ-साथ होते हैं वहाँ कला ऊँचा आसन ग्रहण कर लेती है।

मध्ययुगीन और आधुनिक कला में अन्तर यह है कि मध्यकालीन कला चामत्कारिक थी। काव्य में दो धाराएँ प्रबल होती हैं—सामान्य जन का स्थानीय गान जिसे हम लोक गीत कहते हैं। लोकगीत में नाच और गान, कथा और नाचारी होते हैं। ये अपने उत्स और अभिप्राय में चामत्कारिक होते हैं। यह कृषकों की चामत्कारिक कला है। दूसरी कला सभ्य जन की होती है। इससे हमारा निर्देश उपदेश, ऋचा, संगीत, भरत नाटयम् और वैठक की सजावट आदि हैं। मंत्रों और उत्सवों के साथ धार्मिक कला की व्याख्या की आवश्यकता नहीं है। उसका कार्य किसी संवेग को जगाना होता है। उसे चामत्कारिक कहने से उसका धार्मिक मूल्य कम नहीं होता है। चमत्कार और धर्म एक वस्तु नहीं है। चमत्कार उन संवेगों को जगाता है जो दैनिक जीवन-कृत्यों के लिए आवश्यक होते हैं। धर्म मत या पंथ है, संसार के विषय में विश्वास-पद्धति है। यह मूल्यों का परिणाम या आचार की पद्धति है। पर प्रत्येक धर्म का अपना चमत्कार होता है जिसे हम धर्माचार कहते हैं। वह उसके चमत्कारों की साधना होती है।

क्रीड़ाएँ और सामाजिक कृत्य भी धार्मिक प्रथा के अंतर्गत ले लिए जाते हैं। क्रीड़ाओं में शारीरिक शिक्षण के लक्षण होते हैं। क्रीड़ाएँ सहयोग और इमानदारी से खेलने की प्रवृत्ति विकसित करती हैं। ये ऐसे संवेग उत्पन्न करती हैं जो विशेष प्रकार की परि-स्थितियों में उपयोगी होते हैं। वे सज्जन होने के लिए धर्म के चामत्कारिक अंग हैं। सामाजिक जीवन के उप्सवों में विवाह, श्राद्ध, सहभोज, नृत्य और ऋतु-उत्सव आते हैं। गंधर्व विवाह से भिन्न ब्राह्म विवाह संवेगात्मक अभिप्राय है जिसमें प्रेमियों की युग्मता

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

की अपेक्षा विवाहित व्यक्तियों की युग्मता वांछित होती है। श्राद्ध एक दूसरे तरह का संवेगात्मक संस्कार है। यह शोक का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं होता बल्कि उस जीवित व्यक्ति के संवेगात्मक संबंधों को विच्छिन्न कर मृत के रूप में उससे नए संबंध बनाए रखने की प्रथा है।

सहभोज नए संबंध की स्थापना या पुराने संबंध के निर्वाह के लिए दिया जाता है। इससे मैत्री की भावना ठोस और सुदृढ़ होती है। एक दूसरे के प्रति आकर्षण होता है या कम-से-कम यह भावना होती है कि आतिथेय बुरा आदमी नहीं है। नृत्य प्रायः चामत्कारिक उत्सव के प्रतिनिधि होते हैं। ये व्यावहारिक क्रियाओं का प्रतिनिधान, निर्वाह और उत्थान करते हैं। शुद्ध रसात्मक दृष्टि से धार्मिक प्रथाएँ मध्यम कोटि की होती हैं। उन सबमें कलात्मक अभिप्राय निहित होता है पर वह चमत्कार का दास और विकृत होता है। मंत्र गायन या आल्हा संगीतज्ञ के लिए आदरणीय नहीं होता। इनका लक्ष्य किसी विशेष संवेग का उद्‌वोधन होता है।

कला में विनोद

यदि कला-वस्तु की योजना किसी संवेग उद्‌वोधन के लिए की गई है और उस संवेग का उपयोग सामान्य जीवन के व्यापार के लिए वांछित नहीं है या अपने आप किसी मूल्य वस्तु के रूप में उसका उपभोग का नहीं है तो उस कला-वस्तु का कृत्य विनोद या मनोरंजन होता है। चमत्कार उपयोगी होता है क्योंकि उससे उद्‌बुद्ध संवेग जीवन के वास्तविक उपयोग के लिए होता है। विनोद का वैसा उपयोग नहीं होता। उसकी योजना केवल मनोरंजन के लिए होती है। गत्यात्मक रूप से प्रत्येक उपस्थित संवेग की दो अवस्थाएँ होती हैं। संवेग या उत्तेजना और उसका विसर्जन। संवेग विसर्जन संवेग उत्सर्जन की दूसरी क्रिया है जिसके द्वारा हम अपने को उस संवेग के तनाव से मुक्त करते हैं। विनोद द्वारा उत्पन्न संवेग मनोरंजन के समय विसर्जित हो जाते हैं। वास्तव में यही विनोद की विलक्षणता है। विनोद संवेगों के विसर्जन का ऐसा उपाय है जिससे वास्तविक जीवन की रुचियों से विरोध नहीं उत्पन्न होता। यहाँ विनोद और जीवन की वास्तविकता के भेदों को समझ लेना चाहिए। इसमें अनुभूति को दो भागों में बाँटा गया है। विनोद में संवेग साध्य होता है। वास्तविक जीवन में संवेग वह शक्ति होता है जिसके प्रवर्तन से उससे ऊँचा साध्य लब्ध होता है।

वास्तविक जीवन को प्रभावित किए बिना संवेगों के विसर्जन के लिए किसी विश्वास-परिस्थिति की सृष्टि की आवश्यकता होता है जिसमें उसका विसर्जन किया जा सके। यह परिस्थिति वास्तविक परिस्थिति की प्रतिनिधि या अनुकृति होती है। विश्वस्त परिस्थिति में विसर्जित संवेग तिरोहित हो जाते हैं और उनके वे परिणाम नहीं होते हैं जो वास्तविक जीवन की परिस्थिति में उत्पन्न होते हैं। जैसे यदि एक आदमी मुक्का दिखा कर घृणा व्यक्त करता है तो सामान्यतः उसे खतरनाक समझा जाएगा, विशेषकर उस व्यक्ति के लिए जिसको धमकाता है। वह अपने बचाव के उपाय करेगा। यदि यह मान लिया जाए कि उसे इस तरह का कुछ भी बचाव नहीं करना है और जीवन अपने सामान्य रूप में चलता जाएगा तो इस परिस्थिति में व्यक्त क्रोधको विश्वस्त परिस्थिति कहते हैं।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

इस प्रकार की परिस्थिति चमत्कार सृष्ट परिस्थिति के समान हो सकती है। पर वह अवास्तविक या विश्वस्त होने में भिन्न होती है। विश्वस्त परिस्थिति में उद्‌बुद्ध संवेग तिरोहित होने के लिए होते हैं। वे अनुकूल परिस्थिति में अतिव्याप्त नहीं होते। विश्वास-निर्माण के इस तत्त्व को भ्रम कहते हैं। यह विनोद कला का विलक्षण तत्व है जो चमत्कार या शुद्ध कला में नहीं पाया जाता। यदि चामत्कारिक पूजन में कोई भैंसा या पार्थिव को अपना दुश्मन कहता है तो उसमें कोई भ्रम नहीं होता, वह दोनों के अन्तर को अच्छी तरह समझता है।

प्राय: कला और क्रीड़ा की तुलना की जाती है। कभी-कभी उन्हें एक मान लिया जाता है पर उससे कला की प्रकृति का उद्‌घाटन नहीं होता। यदि क्रीड़ा का अर्थ आत्म-विनोद माना जाए तो शुद्ध कला और क्रीड़ा में अधिक साम्य नहीं होता। परन्तु क्रीड़ा और विनोद-कला में अधिक साम्य होता है। ये दोनों एक-सी हैं। काव्य और क्रीड़ा में भेद यह होता है कि जब बालक खेलते हैं, कोई यह नहीं जानता कि वे क्या कर रहे हैं पर जब कवि लिखता है, हम जानते हैं कि वह काव्य लिख रहा है। मुदित होने की अनुभूति का कोई अन्य प्रयोजन नहीं होता। वह स्वत: आमोद के लिए ही होती है। इसलिए चमत्कार उपयोगितावादी है और विनोद सुखवादी। कला का प्रयोजन केवल विनोद नहीं होता इसलिए वह क्रीड़ा और चमत्कार से भिन्न हो जाती है।

लाभ और प्रसन्नता

सामान्यत: अनुकरणशील कलाकार को सुरुचि सम्पन्न होना चाहिए अर्थात् उसे यह जानना चाहिए कि कब किन संवेगों को उत्तेजित करना चाहिए। यदि वह जादूगर की तरह काम नहीं करना चाहता और उन वासनाओं को नहीं जगाना चाहता जिनका विसर्जन वास्तविक जीवन के अतिरिक्त कहीं नहीं हो सकता, उसे उन संवेगों को उकसाना चाहिए जो विश्वास निर्माण परिस्थिति में तिरोहित हो सकें। जब कभी कोई सवेग उत्तेजित किया जाता है, उसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वह कला की सीमित दीवाल को तोड़कर वास्तविक जीवन में प्रवाहित न हो जाए। विनोदी और प्रगल्भ का यह लक्ष्य होता है कि ऐसा दुघर्ट न हो। कलाकार को मध्य मार्ग अपनाना चाहिए। उसे वास्तविक रस उत्पन्न करने के लिए श्रोता के व्यावहारिक जीवन से संवद्ध संवेगों को उत्तेजित करना चाहिए, पर वह इतने घनिष्ट रूप से संबद्ध नहीं होना चाहिए कि दीवाल भंग का कोई खतरा उत्पन्न हो जाए। जैसे यदि किसी देश के नागरिकों को किसी अन्य देश के नागरिकों का वैर-भाव दिखाया जाय जिनमें वास्तव में कोई घृणा या वैर भाव नहीं है तो उससे उनका विनोद नहीं होगा। इसके अतिरिक्त एक दूसरे से युद्ध के लिए संनद्ध देश के नागरिकों के लिए वह विनोद कारक होगा।

विनोद कला के उदाहरण

विनोद के लिए इस प्रकार कल्पित संवेग अनेक होते हैं। इस प्रयोजन के लिए कामेच्छा बहुत अनुकूल है। आज कल न केवल चित्र कला और मूर्ति कला में नग्नता का प्रदर्शन होता है बल्कि काम के अभिप्राय पर आघृत कहानी और उपन्यास पाठक के

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

काम संवेगों को उत्तेजित करने के लिए लिखे होते हैं। पर इन संवेगों का उत्तेजन वास्तविक काम व्यापार के लिए नहीं होता। बल्कि विश्वास-निर्माण वस्तु के उपबंध के लिए होता है। इस प्रकार उनकी वास्तविक रुचि को विनोद की ओर मोड़ दिया जाता है। इस विश्वास निर्माण की कामवासना ने जीवन को कितना प्रभावित किया है, इसका अनुमान किसी पुस्तकालय की प्रेम कथाओं की बाढ़ से लगाया जा सकता है। सिनेमा में तो यह सिद्धान्त ही स्वीकार कर लिया गया है कि प्रेम कथा के बिना कोई सिनेमा सफल नहीं हो सकता। पत्रिकाओं और समाचार पत्रों के मुखपृष्ठ, समाचार, कथा, विज्ञापन इसी तरह के तत्त्वों से आकंठ मग्न रहते हैं। चित्रकारी और काव्य दोनों में सद्यः स्नाताओं के चित्रण होते हैं। सत्य यह है कि ये बातें उस समाज का उद्‌घाटन करती हैं जिसमें कामवासना इतनी पतित हो गई है कि वह काम देवी या कामदेव न होकर केवल गुड़िया मात्र रह गई हैं। ऐसा समाज बन गया है जिसके उत्थान की कामना न कर हम यही सोचते हैं कि अब दुनिया रहने लायक नहीं रह गई है।

भय के संवेग से भी रसास्वादन हो सकता है। अनेक मेधावी लेखक भयंकर साहसिक कहानियों के उपन्यास लिखने में लगे हैं। जासूसी कहानियाँ आज की जनता का अधिक विनोद करती है। ये कहानियाँ आंशिक रूप से पाठक के भय-संवेग पर निर्भर होती हैं और आंशिक रूप से अन्य संवेगों के मिश्रण पर। ऐसी कहानियों में दूसरा महत्त्व-पूर्ण आवेग शक्ति में रुचि है। तीसरा संवेग किसी पहेली को सुलझाने की बौद्धिक उत्तेजना है और चौथा साहस की इच्छा है। पर अब तक शायद ही कोई लेखक जासूसी कहानी को शुद्ध कला के स्तर तक उठाने में सफल हो पाया है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

हिन्दी और नेपाली साहित्य के मेरु दण्ड : भारतेन्दु तथा मोतीराम भट्ट

डी० आर० तिमसिना

प्राध्यापक, नेपाली, का० हि० वि० वि०

चिन्तन मनन की प्रक्रिया पृथक होने पर भी साहित्य की मूलभूत एकता अपरिहार्य है। साहित्यकार सीमित तथा एकदेशीय नहीं होता। साहित्यकार की विशाल भावनाएँ अनन्त विश्व के समस्त पक्ष को समेट लेती हैं। अतएव एक देश का साहित्यकार दूसरे देश के साहित्यकार के चिन्तन प्रवाह से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में प्रेरित तथा प्रभावित होता है। हिन्दी और नेपाली के साहित्यकारों की भी यही स्थिति है। स्थान सामीप्य और लिपि, भाषा, धर्म, संस्कृति आदि के सामञ्जस्य के कारण भी कतिपय मूर्धन्य नेपाली साहित्यकारों ने हिन्दी साहित्यकारों से प्रभाव ग्रहण किया है और इस सत्प्रेरणा से सुन्दर मौलिक कार्य किया है। इनमें से कविवर मोती राम भट्ट का नाम उल्लेखनीय है जिन्होंने खड़ी बोली के प्रवर्त्तक वावू भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की प्रेरणा से आधुनिक नेपाली गद्य साहित्य का प्रतिष्ठापन किया।

भारतेन्दु के जन्म काल में भारत का अधिकांश भाग अंग्रेज़ों ने ले लिया था। भारत का शासन-सूत्र विदेशियों के हाथ में था जो अनपेक्षित था। 'बादशाह दर्पण' की भूमिका में भारतेन्दु ने मुसलमान के राज्य की हैजा रोग से और अंग्रेजी राज्य की क्षय रोग से तुलना की है।

उस समय नेपाल स्वतंत्र अवश्य था किन्तु अंग्रेजों के साथ युद्ध करने से शिथिल हो गया था। मोतीराम के समय में नेपाल में राणाओं का रोब था। राणा लोग भी अंग्रेजों के प्रभाव में पड़ने के कारण परमुखापेक्षी थे। फिर भी नेपाल में विदेशियों का शासन नहीं था। इस वक्त भारत की परतन्त्रना में दुःख तथा नेपाल की स्वतन्त्रता में हर्षोल्लास व्यक्त करते हुए मोतोराम गरजते हैं—

"भारत वर्ष महाँ अधम् यवनले राज् गर्नं लाग्या जसै
सब् बल् तेज् नृपका तहीं गइ गया धन् धर्म खोस्या तसैं।
अत्याचार बढ़दै गया यवनका रिस्फेर्न लाग्या तहाँ
पाई आज अनाथ शान्त गउमा रक्षा त गर्छन् कहाँ ?"

अर्थात् भारत में जिस समय अधम यवन लोग राज करने लगे, उस समय राजाओं का सारा बल तथा तेज नष्ट हो गया, धन और धर्म लुटे गए। यवनों का अत्याचार बढ़ने लगा, प्रतिशोध की भावना बढ़ने लगी। आज अनाथ तथा शान्त गायों की रक्षा कहाँ कौन करते हैं ?

"अचल झण्डा फर्कोस् फरफर गरी कान्ति पुरिमा।
रिपूको मन् थर्कोस् थर थर गरी छीन घरिमा ॥
यवनले राज् गर्दा कति पतित हिन्दुस्थल भयो।
फगत् यो नेपाल को मुलुक बाचि कञ्चन रहिगयो ॥"

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अर्थात् नेपाल की राजधानी कान्तिपुरी (काठमाण्डू) में अचल झण्डा निरन्तर फहराता रहे और रिपुओं का मन क्षण-क्षण में थर्राता रहे। यवन के राज करने से हिन्दुस्तान के कतिपय भागों का पतन हो गया, केवल नेपाल देश सुरक्षित रहा।

ये दोनों लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार अपने-अपने क्षेत्र के अग्रणी माने जाते हैं। भारतेन्दु खड़ी बोली के प्रवर्तक और आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रतिष्ठापक हैं तो मोतीराम आधुनिक नेपाली गद्य साहित्य के। अपने-अपने क्षेत्र में इन दोनों का योगदान अद्वितीय है। भारतेन्दु देशभक्त साहित्यकार, भक्त कवि, संगीतकार, नाटककार, पत्रकार, कथाकार. उपन्यासकार, इतिहासकार, जीवनीकार तथा रसिक लेखक आदि के रूप में प्रख्यात हैं तो मोतीराम नेपाली के सर्वप्रथम पत्रकार, नाटककार, निबन्धकार, जीवनीकार, समालोचक, पौराणिक तथा समाजसेवी राष्ट्रवादी भक्त कवि, रसिक कवि, संगीतकार आदि के रूप में अविस्मरणीय हैं।

विक्रम संवत् १९३८ के आसपास काशी में भारतेन्दु के साथ मोती राम का सम्पर्क हुआ। भारतेन्दु ने एक नयी साहित्यिक मण्डली का गठन किया था। मोतीराम ने भी इन्हीं से साहित्यिक प्रेरणा ग्रहणकर नेपाली साहित्यिक मण्डल का निर्माण किया। भारतेन्दु के द्वारा रामकृष्ण वर्मा के साथ मोतीराम का सम्पर्क स्थापित हुआ और वे 'भारत जीवन प्रेस' के मैनेजर हुए। वहाँ से 'गोर्खा भारत जीवन' नामक सर्वप्रथम नेपाली अखबार निकाला गया। भारतेन्दु के निम्नोद्धृत उद्‌गार का रहस्य मोतीराम ने अच्छी तरह समझा था।

"निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल।
विनु निज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को सूल।।"

इन दोनों साहित्यकारों ने हिन्दी और नेपाली साहित्य में नये युग का निर्माण किया किन्तु ये दोनों संसार के प्रकाश में अधिक समय तक टिक न सके। बहुमुखी प्रतिमा सम्पन्न इन दोनों साहित्यकारों ने अल्प समय में बहुत काम किया, हिन्दी और नेपाली साहित्य को अनेक रत्न दिए और युवावस्था में ही मरकर अमर हुए।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म भाद्रशुक्ल पञ्चमी संवत् १९०७ में ठटेरी गली, काशी में हुआ और मृत्यु ३५ वर्ष की अवस्था में माघ कृष्ण षष्ठी संवत् १९४१ में हुई। मोतीराम भट्ट का जन्म भाद्र कृष्ण अमावास्या संवत् १९२३ में भोंसी को टोल, काठमाण्डू में हुआ और मृत्यु ३० वर्ष की अवस्था में भाद्र कृष्ण अमावास्या संवत् १९५३ में हुई।

इन दोनों रसिक कवियों ने अपनी अपनी साहित्यिक मण्डली में समस्यापूर्ति की महत्त्वपूर्ण परम्परा प्रचलित की थी। इस परम्परा से बहुत से लोगों को प्रेरणा मिली, अनेक लोग कवि हुए। मोतीराम ने नेपाली में 'समस्याशतक' ग्रन्थ तैयार करने की योजना भी बनाई थी। उदाहरण के लिए इन दोनों के द्वारा प्रस्तुत की गई समस्या की एक एक पंक्ति नीचे दी जाती है।

"अँखियाँ दुखियाँ नहीं मानति हैं।"

(भारतेन्दु)

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

"ल्यौ ल्यौ औंठिम दिन्छु राख तिमिले मेरो निशाना भनी।"
(मोतीराम)

ये दोनों साहित्यसेवी बहुभाषाविद थे। अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त इन लोगों ने संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, बंगला आदि भाषाओं का साधिकार ज्ञानोपार्जन किया था।

विक्रम संवत् १९२४ से १९४० तक भारतेन्दु का साहित्य सेवा काल है। इस १६ वर्ष की अवधि में हिन्दी की सर्वप्रथम साहित्यिक पत्रिका 'कविवचन सुधा' के सम्पादन के अलावा उनकी विविध रचनाओं का प्रकाशन हुआ। इनमें से विद्या सुन्दर आदि २० नाटक, ८ आख्यायिकाएँ और सुलोचना आदि उपन्यास, प्रेमसरोवर आदि २९ काव्य ग्रन्थ, ८ स्तोत्र ग्रन्थ, नारदसूत्र आदि ८ अनुवाद ग्रन्थ, बन्दरसभा आदि १८ परिहास ग्रन्थ, ७ धार्मिक ग्रन्थ, ८ माहात्म्य ग्रन्थ, काश्मीर कुसुम आदि २५ ऐतिहासिक ग्रन्थ, भारत वीरत्व आदि ११ राजभक्ति विषयक ग्रन्थ, ७० फुटकर लेख, उपाख्यान, यात्रा विषयक पुस्तक और ७५ सम्पादित सामग्री उपलब्ध हैं।

विक्रम संवत् १९३८ से अन्तिम अवस्था (वि० सं० १९५३, तक मोतीराम का साहित्य सेवाकाल माना जाता है। इस १५ वर्ष की अवधि में उपन्यास और लघुकथा को छोड़कर साहित्य की विविध विधाओं में मोतीराम ने कलम चलायी। उनके मौलिक तथा अनूदित प्रकाशित एवं अप्रकाशित ग्रन्थों का नामोल्लेख मात्र नीचे किया जाता है।

मनोद्वेग प्रवाह (मौलिक कविता), गजेन्द्र मोक्ष (भक्ति काव्य), गफाष्टक (संकलन), संगीत चन्द्रोदय (गजल संकलन), उषा चरित्र (पौराणिक कथा), पञ्चक प्रपञ्चक (जुआका वर्णन), पीक दूत (मौलिक दूत काव्य), स्वजाध्याय, सकुनौती, भानु भक्त को जीवन चरित्र, प्रिय दर्शिका तथा शकुन्तला (अनुदित नाटक), चाणक्य नीति दर्पण, उखानको बखान (कविता), काशीराज चन्द्रसेन, पद्मावती (नाटक), प्रह्लादभक्ति कथा (काव्य), कमल भ्रमर संवाद (मौलिक कविता), बालाजी वर्णन (फुटकर कविता), गुल सनोवर, हुस्न अफरोज आराम दिल (उर्दू नाटक), श्लोक संग्रह और अनुप्रास मञ्जरी आदि।

भारतेन्दु भौतिक सम्पत्ति में लम्पट नहीं थे। उनके दो पुत्र और एक पुत्री थी, फिर भी उन्होंने धन का मोह नहीं किया। वे कहा करते थे—

'इस धन ने मेरे पुरखों को खा डाला मैं इस धन को खाऊँगा।' मोतीराम के कोई सन्तान नहीं थी। उन्होंने साहित्य को धन और सन्तान माना। नेपाली जगत् में कविता को धरोहर के रूप में रखकर उन्होंने अन्तिम साँस ली।

"पर्छे यो कविता शरण् सकलका पालन् गरून् प्रीतिले।"

इन दोनों साहित्यिकों का धार्मिक दृष्टिकोण प्रायः समान था। दोनों ने एक ही प्रकार के धार्मिक तथा साहित्यिक ग्रन्थों का रूपान्तर किया। दोनों रसिक और राष्ट्रप्रेम की भावना से प्रेरित थे। दोनों की रचनाओं में तत्कालीन सामाजिक जीवन की छाप है। दोनों घनिष्ठ मित्र दो देशों के अनुकूल प्रेम सूत्र में बँधे हुए थे। दोनों ही अल्पायु थे फिर भी बहुत काम करके अमर हो गए।

———

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

"कर्मों के आध्यात्मिक स्तर"

डा० रमाकान्त त्रिपाठी

निदेशक, उच्चानुशीलन दर्शन केन्द्र, का० हि० वि० वि०

उद्देश्य और साधन की दृष्टि से कर्मों के कई स्तर होते हैं। उद्देश्य की दृष्टि से कर्म दो स्तर के होते हैं—सकाम और निष्काम। किन्तु साधन की दृष्टि से कर्म कई स्तर के होते हैं। सकाम कर्मों के दो प्रकार के मुख्य साधन हैं—एक भौतिक और दूसरा दैवी। इन दोनों के भी कई प्रकार होते हैं। उन्हीं का विचार करके यहाँ कर्मो के कई स्तर निश्चित किये जायेंगे। इन स्तरों को जानने से लाभ यह होगा कि हम यह सरलता से जान सकेंगे कि हमारे कौन से कर्म किस स्तर के हैं, क्योंकि हमारे सारे कर्म सर्वदा एक स्तर के नहीं होते।

I

सकाम, कर्मों के भौतिक स्तर वे हैं जिनमें हम उद्देश्य की पूर्ति के लिये भौतिक साधनों का उपयोग करते हैं। धन-प्राप्ति के लिए उद्योग करना, स्वास्थ्य लाभ के लिए दवा खाना, सन्तान-प्राप्ति के लिए एक-से-अनेक विवाह करना—ये सब भौतिक साधनों के उपयोग के उदाहरण हैं। इस स्तर पर कार्य-कारण के सिद्धान्त के आधार पर जिन साधनों का हम प्रत्यक्ष फल देखते हैं उनका उपयोग करते हैं। परन्तु इन भौतिक साधनों के अतिरिक्त दैवी साधनों का भी उपयोग प्रत्येक समाज में पाया जाता है। जब हम भौतिक कारणों के अतिरिक्त अन्य किसी शक्ति या कारण में विश्वास करने लग जाते हैं तो हम दैवी साधनों की ओर उन्मुख होते हैं। हमारी दृष्टि में सबसे पहले इन साधनों की ओर वेदों ने हमारा ध्यान आकर्षित किया। वास्तव में वेदों की यही हमको सबसे बड़ी देन है—स्थूल कारणों से सूक्ष्म कारणों की ओर हमारी दृष्टि ले जाना अर्थात् एक दैवी साधना की ओर हमको प्रेरित करना। स्थूल जगत् से दृष्टि हटाकर क्रमशः मंत्रों की ओर, फिर देवताओं की ओर, ईश्वर की ओर और अन्त में ब्रह्म की ओर ले जाना ही वेदों का परम उद्देश्य है।

II

सर्वप्रथम सकाम कर्मों का वह स्तर है जहाँ हम प्रत्यक्ष परिणाम उत्पन्न करने वाले प्रत्यक्ष साधनों को अपनाते हैं। यह स्तर सबसे निकृष्ट तब होता है जब हम इस विश्वास से कार्य करते हैं कि हमारा अभ्युदय केवल अनुचित मार्गों या पाप कर्मों से ही हो सकता है। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो हृदय से विश्वास करते हैं कि चोरी, बेईमानी, असत्य भाषण, धोखेबाजी और ठगी से ही सफलता मिल सकती है। इस स्तर पर उचित-अनुचित साधन का विवेक नहीं रहता है, दृष्टि केवल सफलता पर रहती है। ऐसे व्यक्तियों को असुर कहना उपयुक्त होगा।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

III

कर्मों का दूसरा स्तर वह है जहाँ हम केवल अनुचित साधनों का ही उपयोग नहीं करते, बल्कि ईमानदारी और सत्य का भी महत्त्व समझते हैं और उसके अनुसार आचरण भी करते हैं। परन्तु इस स्तर पर नैतिकता का महत्त्व नैतिकता के लिये नहीं है, बल्कि इसलिये है कि हम यह विश्वास करते हैं कि नैतिकता व्यावहारिक सफलता के लिये आवश्यक है। जैसे कोई व्यापारी यह समझे कि व्यापार की दृष्टि से ग्राहकों को आकृष्ट करने के लिए तथा सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए ईमानदारी आवश्यक है। ऐसे लोग नैतिकता को साध्य नहीं, अपितु साधन समझते हैं। इनकी दृष्टि भी सफलता पर ही रहती है। इसी से ये लोग जहाँ आवश्यक समझते हैं वहाँ अनैतिक साधनों का भी उपयोग करने में नहीं हिचकते। ऐसे लोग पहले स्तर के लोगों की अपेक्षा श्रेष्ठतर अवश्य हैं, किन्तु वास्तविक अर्थ में इनको नैतिक नहीं कहा जा सकता। सामाजिक दृष्टि से ये लोग कम हानिकर हैं, फिर भी ये स्वार्थी तो होते ही हैं। ये लोग पाप-पुण्य दोनों करने वाले होते हैं।

IV

तीसरे स्तर के लोग वे हैं जिनके मन में यह दृढ़ निश्चय होता है कि पाप कर्म किसी भी स्थिति में करने योग्य नहीं है चाहे सफलता मिले या न मिले। अर्थात् पाप कर्मों का फल बुरा ही होता है और वे सर्वथा त्याज्य हैं। बल्कि ये लोग और भी आगे बढ़कर यह विश्वास करते हैं कि वास्तविक अभ्युदय पुण्य करने से ही होता है। पुण्य एक सूक्ष्म और अदृष्ट वस्तु है और पुण्य का फल तुरन्त मिलता हुआ नहीं दिखायी देता है। बल्कि यह भी दिखाई पड़ता है कि इस जीवन में पुण्य कर्म करने वाले दुःखी और पाप कर्म करने वाले सुखी हैं। फिर भी विवेकी लोग पाप-पुण्य में विश्वास रखते हैं और कहते हैं कि वर्तमान सफलता-असफलता तो पहले के पुण्य-पाप का परिणाम है। वर्तमान पुण्य-पाप का फल तो आगे चलकर सम्भवतः दूसरे जन्म में मिले। इस प्रकार ऐसे लोग अपने को श्रद्धा के बल से पाप-कर्म से बचाते हैं और केवल पुण्य-कर्म ही करने की चेष्टा करते हैं। स्पष्ट है कि इस स्तर के लोगों के मन में प्रत्यक्ष उपयोगिता का मापदण्ड नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास का बल काम करता है। इस स्तर से सूक्ष्म जगत् में विश्वास प्रारम्भ हो जाता है। यद्यपि इस स्तर के लोगों का भी ध्यान अभ्युदय पर ही होता है, फिर भी ये लोग पाप-कर्म और तात्कालिस सफलता के आकर्षण से विचलित नहीं होते।

V

सकाम करने वालों का एक स्तर वह है जहाँ हम भौतिक साधनों के अतिरिक्त शास्त्रीय या दैवी साधनों में विश्वास करने लग जाते हैं। जैसे यह विश्वास करना कि यज्ञ, जप या दान से सफलता मिलेगी। इस प्रकार के लोग अनिवार्य रूप से धर्मात्मा या नैतिक हों यह आवश्यक नहीं है, परन्तु इतना अवश्य है कि ये लोग एक दूसरे स्तर के कार्य-कारण सम्बन्ध में विश्वास करते हैं। यज्ञ करने से किस प्रकार पुत्र, धन या युद्ध में विजय प्राप्त होगी यह प्रत्यक्ष दिखाया नहीं जा सकता और न तो यह बताया जा सकता है कि मंत्र-जप से भौतिक जगत् पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है या दान से कैसे कष्ट का निवारण होता

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

है। इस स्तर के लोगों में तथा तीसरे स्तर के लोगों में समानता यह है कि दोनों एक प्रकार के सूक्ष्म कारणता में विश्वास करते हैं। किन्तु भेद यह है कि इस स्तर के लोग तात्कालिक परिणाम की आशा से यज्ञ-जप आदि करते-कराते हैं और नैतिक जीवन की ओर ध्यान कम देकर एक प्रकार के सूक्ष्म साधन द्वारा सफलता प्राप्त करना चाहते हैं। इसी से इस स्तर के लोग सूक्ष्म साधनों का उपयोग अनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिये भी करते देखे गये हैं। कभी-कभी चोर और हत्यारे भी इस उद्देश्य से जप यज्ञ कराते देखे गये हैं कि उनको दण्ड न मिले। न्याय और अन्याय दोनों पक्ष वाले इन उपायों का प्रयोग करते देखे गये हैं। इसी से इस प्रकार के साधन को धर्म-अधर्म न कहकर एक सूक्ष्म साधन (Technique) कहा गया। पुराणों में कई एक ऐसी कथायें मिलती हैं जिनमें यह दिखाया गया है कि असुर भी इन साधनों का प्रयोग करते हैं। इस स्तर के लोगों की विशेषता यह नहीं है कि वे नैतिक या धार्मिक होते हैं, बल्कि यह है कि वे एक सूक्ष्म साधन में विश्वास करते हैं और सम्भव है कि यह विश्वास आगे चलकर ईश्वर में विश्वास के रूप में परिणत हो जाय।

VI

पंचम स्तर के लोग वे हैं जो देवी-देवता में विश्वास रखते हैं और जो किसी देवी-देवता की उपासना के द्वारा उनको प्रसन्न कर अपना कार्य-साधन करना चाहते हैं। ये लोग भी यज्ञ, जप-दान आदि करते हैं, परन्तु इनको एक स्वतन्त्र साधन के रूप में नहीं; किन्तु किसी विशेष देवी-देवता को प्रसन्न करने के लिये। इस स्तर के लोग भी चतुर्थ स्तर के लोगों के समान हैं, क्योंकि इनके सामने भी नैतिक जीवन का लक्ष्य प्रधान रूप से नहीं रहता है। ये भी अपने अहं की तुष्टि या स्वार्थ की पूर्ति ही चाहते हैं। परन्तु ये लोग एक सूक्ष्म साधन (technique) का प्रयोग नहीं करते, बल्कि एक सूक्ष्म शक्ति (देवी या देवता) में विश्वास करते हैं और उसे प्रसन्न करने की चेष्टा करते हैं। किसी को प्रसन्न करने की बात है—इसलिए इस साधन से व्यक्तित्त्व पर भी प्रभाव पड़ता है। नैतिकता भले न जाग्रत हो कम-से-कम भक्ति भावना तो जाग्रत होती ही है। इसी से इस साधन का प्रयोग असुर भी करते हैं और अनेक असुर देवी-देवताओं के अच्छे भक्त भी हुए हैं। किन्तु उनके जीवन में लक्ष्य निम्न कोटि का या अहं पोषक रहता है इसलिए उनको आदर नहीं मिलता है। इसीलिये देवोपासना और ईश्वरोपासना में भेद है। ईश्वरोपासक कभी भी अधार्मिक या अनैतिक नहीं हो सकता, किन्तु देवोपासक होते हैं; क्योंकि देवताओं की पूजा एक शक्ति-विशेष के रूप में और स्वार्थ-पूर्ति के लिए होती है। किन्तु ईश्वर की भक्ति तो स्वार्थों से विमुख होने पर ही हो सकती है। यह सही है कि ईश्वर-भक्त भी कई स्तर के होते हैं। फिर भी उनका प्रयत्न नैतिकता की ओर आत्मशुद्धि के लिए होता है और वे पाप-कर्म हो जाने पर पाश्चात्ताप करते हैं। किन्तु यह बात देवोपासकों में नहीं देखी जाती, क्योंकि वे वास्तव में देवताओं के उपयोगकर्त्ता होते हैं; वास्तविक भक्त नहीं। ऐसे लोग एक देवता को छोड़कर फिर दूसरे देवता के पास भी जाने वाले होते हैं। ऐसे लोग यह भी करते हैं कि एक कार्य के लिए एक देवता की और दूसरे कार्य के लिए दूसरे देवता की आराधना करें। ये लोग देवताओं के एक विशिष्ट गुण या शक्ति से आकर्षित होते हैं। जो ईश्वर के प्रति आकृष्ट होता है वह उसकी न्यायप्रियता, सर्वमङ्गलकारकता, करुणा आदि

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सब गुणों को दृष्टि में रखता है। हम उसे ईश्वर भक्त कदापि नहीं कह सकते जो ईश्वर की आज्ञाओं का उल्लंघन करता हो। कभी-कभी ईश्वर के भक्त भी ईश्वर को एक विशिष्ट देवता के रूप में देखते हैं और कभी-कभी तो अपराधी और अपराध के शिकार दोनों ईश्वर की प्रार्थना करते हैं, दोनों भक्ति दिखाते हैं और रक्षा की आशा करते हैं; और यदि अपराधी के पक्ष वाली बात हो जाती है तो जो अपराधी का शिकार होता है वह ईश्वर को कोसने लगता है। यह सब ईश्वर भक्ति नहीं है। ईश्वर को अथवा किसी देवता को केवल अपना ही समझना अथवा अपने स्वार्थों का साधन समझना स्वार्थान्धता है। ईश्वर कृपा अवश्य करता है, किन्तु कृपा का अर्थ अन्याय या पक्षपात नहीं है। साधारणतः हम कृपा का अर्थ पक्षपात और अपनी दृष्टि में जो न्याय है उसे न्याय समझते हैं, अतः ईश्वर से हम अपने मन की बात करवाना चाहते हैं। परन्तु स्वार्थसिद्धि के लिए देवता या ईश्वर की भक्ति न तो भक्ति है और न नैतिकता। आर्त और अर्थार्थी भक्तों की बात निराली है। उनकी विशेषता यह है कि वे अपनी शक्ति या अहंकार (कर्तृत्व) में सर्वथा विश्वास खोकर ईश्वर की शरण जाते हैं—इसी से वे भक्त कहलाते हैं। यद्यपि वे भी पूर्ण भक्त नहीं हैं, क्योंकि सकाम हैं। परन्तु वे लोग जो बिना अहंकार खोये अहंकार की तुष्टि और पुष्टि के लिए उपासना करते हैं वे आर्त या अर्थार्थी नहीं कहे जा सकते और भक्त की श्रेणी में नहीं आते। इन लोगों को स्वार्थ-साधन का और कोई सरल उपाय मिल जाय तो ये उपासना का भी त्याग कर सकते हैं।

VII

कर्मों का वह स्तर जो पूर्ण रूप से आध्यात्मिक है वह है "निष्काम कर्म" अर्थात् केवल कर्तव्य-दृष्टि से कर्त्तव्य, फल की आशा से नहीं; बल्कि धर्म-दृष्टि से कर्त्तव्य करना। कुछ लोग शंका करते हैं कि बिना फल की इच्छा के कर्म कैसे होगा या प्रेरणा कहाँ से मिलेगी? परन्तु वे भूल जाते हैं कि जब संसार-सुख भोगने की प्रवृत्ति नहीं रहती तो कर्म केवल धर्म-भावना से किये जा सकते हैं। जब तक कर्म-फल में आसक्ति रहती है तब तक धर्म-भावना पूर्ण रूप से काम नहीं करती। धर्मभावना से विचलित हम फल की आसक्ति के ही कारण होते हैं। इसी से गीता में भगवान् ने कहा है कि "श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः" और "सदोषमपि न त्यजेत्"। स्वधर्म विगुण अथवा सदोष कैसे हो सकता है? वास्तव में स्वधर्म न तो विगुण हो सकता है न सदोष। हाँ, स्वधर्म विगुण और सदोष दिखाई पड़ सकता है। स्वधर्म विगुण और सदोष तब दिखाई पड़ता है जब हम लाभ-हानि, प्रतिष्ठा-अप्रतिष्ठा, जय-विजय, सुख-दुःख और कठिनता-सरलता की दृष्टि से उसे देखते हैं। स्वधर्म का पालन तभी हो सकता है जब हम इन दृष्टियों को त्याग दें, अन्यथा स्वधर्म एक साधन मात्र हो जायगा; साध्य नहीं रहेगा। और, जब कर्म स्वधर्म की दृष्टि से किये जाते हैं तभी वे बन्धन कारक नहीं होते। इसी से निष्काम कर्म आध्यात्मिक साधना है। फल की दृष्टि से कर्म तो एक व्यापार है, साधना नहीं। निष्काम कर्म की भावना उत्पन्न होने पर सभी कर्म निष्काम भाव से किये जा सकते हैं और पूरा जीवन निष्काम हो जाता है। आध्यात्मिक साधना की यही विशेषता है कि उससे सारा जीवन ओत-प्रोत हो जाता है और सांसारिक जीवन एवं आध्यात्मिक जीवन में भेद नहीं रह जाता है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

निष्काम कर्म का एक दूसरा प्रकार या स्तर भी है। यह वह स्तर है जहाँ हम कर्मफल का त्याग नहीं करते, बल्कि कर्मफल को ईश्वरार्पण कर देते हैं और कहते हैं: "त्वदीयं वस्तु गोविन्द, तुभ्यमेव समर्पये"। अनासक्ति तो यहाँ भी आवश्यक है ही. परन्तु यहां अनासक्ति के साथ-साथ भक्ति की भावना भी रहती है। यह कर्मों द्वारा या कर्मफल द्वारा ईश्वरो पासना है। साधारण उपासना और इस उपासना में भेद यह है कि साधारणतया हम ईश्वर को अच्छी से अच्छी वस्तुयें (उत्तम फल, उत्तम फूल, उत्तम वस्त्र, उत्तम प्रसाद आदि) अर्पण करने की कोशिश करते हैं। परन्तु ईश्वरार्पण-कर्म की साधना में हम अपने अच्छे-बुरे सभी कर्म भगवान् को समर्पित कर देते हैं। ऐसा एक भक्त ही कर सकता है। जो लोग अच्छे-बुरे की भावना से परेशान रहते हैं वे यह सोचेंगे कि बुरे कर्म भला ईश्वर को कैसे अर्पित किये जाँय ? किन्तु भक्त तो अपना सब कुछ भगवान् के आगे रख देता है। हाँ, यह बात अवश्य है कि चूंकि सभी कुछ भगवान् को अर्पित करना है, इसलिए भक्त भरसक कोशिश करेगा कि उससे बुरे कर्म न हों; किन्तु यदि हो ही जाय तो वह उसको भी भगवान् के आगे रख देगा। इसी से भगवान् की भी उस पर विशेष कृपा होती है। तुलसी दास ने कहा है; "की तोहिं लागैं राम प्रिय की तुम प्रभु प्रिय होय।" नैतिक आचरण वाला भक्त अपने आचरण द्वारा प्रभुप्रिय होना चाहता है, किन्तु सर्व समर्पण करने वाले भक्त को तो राम प्रिय हैं। अतः राम को सब कुछ समर्पित कर देना ही उसके लिए एकमात्र मार्ग है। ऐसे भक्तों की दृष्टि अपने पर नहीं होती है कि हम अच्छे हैं या बुरे, बल्कि भगवान् पर होती है जो उसे अत्यन्त प्रिय लगते हैं। तुलसी दास ने कहा है कि भगवान् राम जहाँ-जहाँ जाँय, वहाँ-वहाँ लोग उनको देखकर ही मुग्ध हो जाँय। इसका अर्थ यह है कि लोग राम के गुणों को जानकर या उनकी महानता को जानकर नहीं मुग्ध होते थे, बल्कि उनको देखने मात्र से मुग्ध हो जाते थे। यही बात भगवान् कृष्ण के विषय में भी सत्य है। जब हम किसी के गुण या महानता से मुग्ध हो जाते हैं, तो हमारी मुग्धता के पीछे किसी-न-किसी प्रकार का लोभ (स्वार्थ) होता है। मगर जब हम बिना किसी गुण के जाने केवल सौन्दर्य पर मुग्ध होते हैं तो उसमें लोभ की कोई भावना नहीं रहती है। इसी से बालक राम की भक्ति धनुषधारी राम की भक्ति से श्रेष्ठ है। धनुषधारी राम के भक्त को राम के धनुष से कुछ आशा रहती है, परन्तु बालक राम का भक्त तो सर्वथा निष्काम होता है। यदि किसी सच्चे भक्त से पूछा जाय कि उसे राम-कृष्ण प्रिय क्यों हैं, तो वह यह कदापि न कहेगा कि वे प्रिय इसलिये हैं कि वे शक्तिशाली हैं या ज्ञानी हैं या दयालु हैं।—बल्कि यही कहेगा कि राम उसे अच्छे लगते हैं और इसी से वह उनका भक्त है। हमारी आत्मा हमको किसी कारण से प्रिय नहीं होती, बल्कि स्वभाव से। यही बात ईश्वर के सच्चे प्रेम में भी होती है।

VIII

निष्काम कर्म में फलासक्ति भले न हो कर्तृत्वभाव तो होता ही है। अतः उससे भी ऊँचा एक स्तर है जहाँ कर्तृत्वभाव भी नहीं होता है। अर्थात् भक्त का भाव यह होता है कि सब कुछ भगवान ही कर रहे है और वह तो एक निमित्त मात्र है। इस भाव की प्राप्ति अत्यन्त कठिन है। यह विश्वास होना कि भगवान् हमसे अच्छे और बुरे दोनों प्रकार

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

के कार्य करा रहे हैं वास्तव में अच्छे-बुरे के द्वैत से ऊपर उठ जाना है। साधारणतया यह विश्वास करना कि संसार के अथवा हमारे जो बुरे कर्म हैं वे भी ईश्वर ही करते हैं—बहुत ही कठिन है। यह कठिनाई हमारी फलासक्ति के कारण होती है। हम सब को अच्छे फलों में आसक्ति होती है और बुरे फलों के लिये हेय भावना। इसलिये हमारी दृष्टि में जो बुरा है उसे हम ईश्वर के ऊपर नहीं थोपना चाहते। परन्तु यदि भगवान् मंगलमय है तो उससे कुछ भी बुरा हो ही नहीं सकता। इसी से भक्त के हृदय में किसी प्रकार का द्वन्द्व नहीं हो सकता। उसे यह मानने में कठिनाई नहीं होती कि ईश्वर सब कुछ करता है। हम लोग अच्छे बुरे का निर्णय एक विशेष मापदण्ड या विशेष दृष्टिकोण से करते हैं। हम सारे संसार का दृष्टिकोण नहीं अपना सकते। परन्तु ईश्वर का दृष्टिकोण पूर्ण संसार का होता है। अतः सब कुछ ईश्वर करता है और सबके मंगल के लिये करता है : यह स्वीकार करना अपने मापदण्ड का या अपने तथाकथित ज्ञान का त्याग करना है। कर्मों के फल का त्यागना सम्भवतः उतना कठिन नहीं है जितना अपने वर्तमान ज्ञान का; क्योंकि कर्मफल को तो हम क्षणिक और दुःखकारक-रूप में देख सकते हैं, परन्तु अपने ज्ञान का भरोसा हमारे अहं का सबसे प्रबल गढ़ है। उसके ढह जाने पर कहीं भी अहं को ठहरने का स्थान नहीं मिलता। अतः फलासक्ति के त्याग के बाद कर्तृत्वाभिमान का भी त्याग हो जाने से हम अध्यात्मिकता के सबसे उँचे स्तर पर पहुँच जाते हैं। कर्तृत्वभोक्तृत्वशून्य हमारा स्वरूप शुद्ध आत्मा का हो जाता है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

'पूर्वी और पश्चिमी दर्शन में ज्ञानमीमांसा'

तपस्या पाण्डेय, शोध छात्रा,
दर्शन विभाग, का० हि० वि० वि०

ज्ञानमीमांसा दर्शन के तीन अंगों, तत्त्वमीमांसा (Metaphysics), ज्ञानमीमांसा (Epistemology), एवं विश्वमीमांसा (Ontology) में से एक है एवं वस्तुतः अन्य दो से प्राथमिक है। तत्त्व के सम्वन्ध में कुछ पूछने से पहले हमें यह निश्चय हो जाना आवश्यक है कि क्या तत्त्व मानव ज्ञान की सीमाओं में आता है, अर्थात् मानव ज्ञान की सीमा कहाँ तक है। ज्ञानमीमांसा के अन्तर्गत विचारणीय होता है कि हमारे ज्ञान की सम्भावना, साधन व सीमा क्या है।

प्रस्तुत लघु निवन्ध ज्ञानमीमांसा के सामान्य रूप को, उसके पूर्वी एवं पश्चिमी पक्षों को, स्पष्ट करने के लिए अपर्याप्त है। अतः हमें पूर्वी एवं पश्चिमी ज्ञानमीमांसा के बीच पायी जाने वाली समानताओं और असमानताओं के विवेचन से ही सन्तुष्ट रहना होगा। पूर्वी और पश्चिमी ज्ञानमीमांसा को पास-पास रखकर देखने पर समानताओं की अपेक्षा विभिन्नतायें ही दृष्टिगोचर होती हैं। सर्वप्रथम तथ्य जो हमारा ध्यान आकृष्ट करता है, वह ज्ञान के लक्ष्य के विषय में है। पाश्चात्य दर्शन में 'ज्ञान-ज्ञान के लिये' रहा, उसका लक्ष्य रहा निष्प्रयोजन-जिज्ञासावृत्ति (disinterested curiosity) की सन्तुष्टि। इसके विपरीत भारतीय संस्कृति के अनुसार ज्ञान का लक्ष्य है मोक्ष—'ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः' और इसी कारण ज्ञान से वढ़कर श्रेयस्कर कुछ भी नहीं—'न ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।' किन्तु यह न समझना चाहिए कि कर्म आदि की अपेक्षा यहाँ ज्ञान का महत्त्व कम रहा। वेदान्त, जो वैदिक परम्परा की चरम परिणति है, ज्ञान एवं ब्रह्म का तादात्म्य बताता है—'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'।

पूर्वी व पश्चिमी दृष्टिकोणों में दूसरा भेद यह है कि जहाँ पर पश्चिमी ज्ञानमीमांसा में ज्ञान की संभावना व सीमा पर अधिक विचार हुआ वहाँ पर पूर्वी ज्ञानमीमांसा मुख्यतः प्रमाण-परीक्षा अर्थात् ज्ञान के साधनों के विवेचन में लगी रही। सुकरात, प्लेटो, डेकार्ट, स्पिनोजा, काण्ट, हीगल और अनुभववादी लॉक के सम्वन्ध में भी यह सही है जो अपना प्रधान उद्देश्य मानवबुद्धि की सीमा और शक्ति निर्धारित करना मानता था। भारतीय दर्शन की प्रवृत्ति प्रायः ज्ञान को स्वतः सिद्ध मानकर चलने की थी। भारतीय दार्शनिक इस तथ्य से भली भाँति अवगत रहे कि यदि ज्ञान को स्वतःसिद्ध न माना गया तो एक ज्ञान को सिद्ध करने के लिये दूसरे की, दूसरे के लिये तीसरे की आवश्यकता होगी और इस प्रकार अनवस्था दोष आ जायेगा। पूर्वमीमांसा जैसा वैदिक दर्शन तो ज्ञान को स्वतः प्रमाण मानता ही है, जैनदर्शन भी कहता है—'ज्ञानं-स्वपरभासी'। वस्तुतः भारतीय दर्शन में संदेहवाद को कभी गम्भीरता से नहीं लिया गया। सच तो यह है कि भारतीय संस्कृति ने किसी गम्भीर सन्देहवादी को उत्पन्न ही नहीं किया। प्रोटेगोरस और ह्यूम का यहाँ अभाव ही रहा।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

जो इने गिने संदेहवादी या अज्ञेयवादी हुए भी, जैसे संजय वेलट्ठपुत्त, उन्होंने भी भारतीय दर्शन पर कोई गम्भीर छाप नहीं छोड़ी। भारतीय विद्वान् इस तथ्य से सुपरिचित रहे कि संदेहवाद आत्मघाती और हास्यास्पद मत है। संदेहवाद की पृष्ठभूमि पर खड़े होकर स्वयं संदेहवाद की ही सिद्धि सम्भव नहीं। यदि हम कहें तो कह सकते हैं कि यहाँ पर संदेहवाद ने अपना 'उग्र' व भस्मक रूप धारण नहीं किया, वह मात्र 'जिज्ञासा' के रूप में ही रहा और इस रूप में उसका सर्वाधिक ज्वलन्त एवं सम्भवतः प्राचीनतम उदाहरण हमें ऋग्वेद के सूक्त में मिलता है—'यो अस्याव्यक्ष्यः परमे व्योमन् स अंगवेद यदि वा न वेद'—विश्व की आश्चर्यजनक विशालता व विचित्रता से चकित ऋषि जिज्ञासा करता है कि इसके रचयिता को भी इसका पूर्ण ज्ञान था या नहीं! विश्व साहित्य में इससे अधिक साहसिक अभिव्यक्ति दुर्लभ है। किन्तु वैदिक ऋषि संदेहवाद पर जाकर रुक नहीं गये, उन्होंने 'हिरण्यमय पात्र' को हटाकर 'सत्य' की झाँकी पाली।

भारतीय दर्शन में संशयवाद और अज्ञेयवाद को स्थान न मिल सकने का सर्वप्रधान कारण यह था कि यहाँ दर्शन का लक्ष्य सदैव व्यावहारिक रहा, मोक्ष की प्राप्ति। कहना न होगा कि संदेह वाद या अज्ञेयवाद की मूल प्रवृत्ति किसी यथार्थ सर्वोच्च सत्ता की स्वीकृति के विरुद्ध है। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर श्रीमद्भागवद्गीता में कहा गया है—'संशयात्मा विनश्यति'। अतः यहाँ पर संदेह भी हुआ तो प्रायः मोक्ष की संभावना के प्रश्न पर, जैसा कि चार्वाक ने किया, और उस पर भी सामान्य दार्शनिक प्रवृत्ति चार्वाक दर्शन से अप्रभावित रही।

पूर्वी व पश्चिमी दर्शन में तीसरी समस्या प्रमाण विषयक रही। यद्यपि प्रमाणो के विषय में, जैसा कि स्वाभाविक है, भारतीय दर्शन पद्धतियों में भी ऐकमत्य नही है, जैसे पूर्वमीमांसा ६ प्रमाण स्वीकार करती है प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि तो वैशेषिक केवल दो ही प्रमाण-प्रत्यक्ष व अनुमान-मानता है और चार्वाक तो केवल प्रत्यक्ष को ही स्वीकार करता है। किन्तु चार्वाक को छोड़कर, भारतीय दर्शन में सर्वमान्य प्रमाण २ हैं—प्रत्यक्ष और अनुमान इनमें भी प्रत्यक्ष को प्राथमिक माना गया। यह सब प्रकार के अनुमान का आधार है क्योंकि अनुमान के लिये व्याप्ति ज्ञान अनिवार्य है और व्याप्ति प्रत्यक्ष पर आधारित है।* पाश्चात्य तर्कशास्त्र का जन्मदाता अरस्तू इस तथ्य को नहीं समझ सका इसी तथ्य को न समझ पाने के कारण अरस्तू इस बात का कोई संतोषजनक समाधान न दे सका कि न्यायवाक्य (Syllogirm) के आधारभूत मेज़र प्रेमिस (Mazor Premis) की उपलब्धि कैसे होती है। अरस्तू के अनुसार विशेषों के निरीक्षण से सामान्य तक पहुँचा जाता है। 'सामान्य तथ्य की प्राप्ति, अरस्तू के अनुसार अंतर्दृष्टि से होती है। यहाँ तक तो ठीक है। किन्तु अरस्तू आगे बढ़कर अन्तर्दृष्टि को बुद्धि (Nous) का कार्य बता डालता है और इस भाँति नैयायिको ने जिसे 'सामान्य लक्षण प्रत्यक्ष की संज्ञा दी उसे अरस्तू ने बौद्धिक व्यापार बना दिया।

* तु० की दृष्टाच्चादृष्टसिद्धिः (ब्रह्मसूत्र शां० भा० २।२।२) : प्रत्यक्षपूर्वकत्वादनुमानस्य (बृहदा. उप. शां. भा. १।२।२); तथा—'प्रत्यक्षागमाश्रितमनुमानम्' (न्यायभाष्य, १।१।१)।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

वस्तुतः पाश्चात्य दर्शन की सामान्य प्रवृत्ति प्रत्यक्ष प्रमाण की उपेक्षा करने की थी। वह प्रारंभ से ही बुद्धिवाद की ओर झुका रहा। हेराक्लाइटस, पार्मिनिडीज से लेकर डेकार्ट, स्पिनोजा, लाइब्नित्ज, काण्ट, रशेल सभी बुद्धिवादी हैं। हीगल का पर ब्रह्म तो धारणाओं की समष्टि ही है। ब्रेडले, जो यद्यपि हीगल की रक्तशून्य धारणाओं Bloodless categories) में विश्वास नहीं करता, दर्शन का लक्ष्य बुद्धि को संतुष्ट करना समझता है। उसके अनुसार बुद्धि की संतुष्टि ही संकल्प और इच्छाशक्ति की संतुष्टि है।

मानव ज्ञान के स्वाभाविक स्रोत इन्द्रिय प्रत्यक्ष पर सबसे प्रथम गंभीर अविश्वास प्रकट किया पार्मिनिडीज ने। डिमाक्राइटस ने भी इन्द्रिय जन्य ज्ञान को अविश्वसनीय बताते हुए कहा कि रूप, रस, गंध आदि गुण वस्तुतः पदार्थों के अन्दर नहीं है, वे इन्द्रियों की कल्पना मात्र हैं। इन दार्शनिकों की एवं सोफिस्टो के संदेहवाद की प्रतिक्रिया स्वरूप प्लेटो ने ज्ञान की स्थापना अवश्य की किन्तु उसे जाति प्रत्ययों में सीमित कर दिया। तब से लेकर आधुनिक काल तक पाश्चात्य दर्शन की मूलप्रवृत्ति बुद्धिवाद की ओर ही अधिक झुकी रही। ब्रेडले एवं बोसांके का तो यहाँ तक कहना है कि बौद्धिक कल्पनाओं से अछूती प्रत्यक्ष वास्तविकताओं (जिसे हम भारतीय दार्शनिक शब्दावली में निर्विकल्प प्रत्यक्ष कह सकते हैं) की सत्ता ही नही है। इसके ठीक विपरीत न्यायदर्शन के अनुसार जाति (सामान्य universal) का भी प्रत्यक्ष होता है जिसे सामान्य लक्षण प्रत्यक्ष कहते हैं। उधर प्रख्यात बौद्धदार्शनिक दिङ्नाग वास्तविक प्रत्यक्ष को नाम जाति से मुक्त मानता है (प्रत्यक्षं कल्पनापो नामजात्याद्यसंयुतम्)।

प्रत्यक्ष विषयक भारतीय दृष्टिकोण अपनी निजी विशेषता लिये हुए है। प्रारंभिक काल में तो इसका अर्थ विषयेन्द्रिय सन्निकर्ष से उत्पन्न ज्ञान था, किन्तु बाद में इसका अर्थ, नैयायिकों के अनुसार, इस प्रकार हो गया कि प्रत्यक्ष ज्ञान वह है जो बिना किसी दूसरे ज्ञान की सहायता से हो। इस प्रकार प्रत्यक्ष की सीमा विस्तृत हुई और उसमें सामान्य इन्द्रिय प्रत्यक्ष के अतिरिक्त अलौकिक प्रत्यक्ष, योगियों की अन्तर्दृष्टि एवं ईश्वर का प्रत्यक्ष भी आ जाता है। भारतीय दर्शनों में सांख्य और वेदान्त का प्रत्यक्ष विषयक मत अपेक्षाकृत अधिक परिपक्व है। वेदान्त के अनुसार प्रत्यक्षज्ञान में अन्तःकरण विषयरूप बन जाता है, दोनों में तादाम्य सम्बन्ध हो जाता है।* वेदान्त परिभाषा के अनुसार घटादि विषय का प्रत्यक्ष उसके प्रमाता से अभिन्न होता है।† वस्तुतः डा० राधाकृष्णन् प्रभृति विद्वानों की इस आलोचना में सार है कि ज्ञाता एवं ज्ञेय का भेद जो दर्शन पद्धतियाँ बनाये रखती हैं वे ज्ञान की ठीक-ठीक व्याख्या नहीं कर पातीं। पाश्चात्य दर्शन में बर्गसा ने ही प्रत्यक्ष के अध्ययन में रुचि दर्शाई। केवल बर्गसा के मत की तुलना वेदान्त के प्रत्यक्ष विषयक मत से की जा सकती है। उसके अनुसार ज्ञान के दो भिन्न साधन हैं बुद्धि और प्रतिभान या अनुभव (Intuition)। बौद्धिक ज्ञान में हम ज्ञेय पदार्थ के चारो ओर घूमते हैं किन्तु अनुभव में हम पदार्थ में प्रवेश कर जाते हैं। पहला सापेक्ष ज्ञान है, दूसरा निरपेक्ष ज्ञान। प्रत्यक्ष

---

* तु० की० रूपाकारेण हि हृदयं परिणितं। बृह० शां० भा० ३।८।२०।

† घटादेर्विषयस्य प्रत्यक्षन्तु प्रमात्रभिन्नत्वम्। वे० प०, पृ० ७४।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ज्ञान में प्रमाता और प्रमेय में तादाम्य (Coincide) सम्बन्ध हो जाता है। किन्तु जहाँ वर्गसां इस ज्ञान का प्रयोग केवल आत्म तत्त्व तक ही सीमित रखता है, वहाँ वेदान्त इसे सम्पूर्ण पदार्थों पर लागू कर देता है।

प्रमाण परीक्षा में प्रत्यक्ष के बाद अनुमान का स्थान आता है। पहले कहा जा चुका है कि 'व्याप्तिवाक्य प्रत्यक्ष पर आधारित है' इस तथ्य की ओर अरस्तू का ध्यान नहीं गया जिसके फलस्वरूप अनुमान सम्बन्धी पूर्वी और पश्चिमी मतों में गम्भीर भेद रहे। प्राचीन भारत में आगमन और निगमन में भेद नहीं रहा। व्याप्ति ज्ञान की समस्या को लेकर यहाँ पर आगमन शास्त्र का विकास हुआ। इस विषय में बौद्धों और नैयायिकों में बहुत मतभेद रहा। बौद्धों के अनुसार व्याप्ति सम्बन्ध उन्हीं दो पदार्थों में हो सकता है— जिनमें या तो कार्यकारण सम्बन्ध हो या तादाम्य सम्बन्ध हो। नैयायिकों के अनुसार तादाम्य और कार्यकारण सम्बन्ध के अतिरिक्त, व्याप्ति के लिए अन्वय व व्यतिरेक आवश्यक है। यह अन्वय व व्यतिरेक मिल के (Joint Method of Agreement and Difference) से भिन्न नहीं हैं। नैयायिकों के अनुसार तादाम्य और कार्यकारण का निर्धारण भी इसी पद्धति से होता है। गङ्गेश ने अन्वय व व्यतिरेक के अतिरिक्त तर्क की उपयोगिता भी स्वीकार की है।

तर्क का प्रश्न अनुमान से घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध है। इस प्रश्न के दो विभाग हो जाते हैं—(१) तर्क के स्वरूप के सम्बन्ध में, एवं (२) तर्क की उपयोगिता या प्रामाणिकता के सम्बन्ध में। जहां तक प्रथम प्रश्न का सम्बन्ध है, पाश्चात्य दर्शन में तर्क प्रायः अनुमान-स्वरूप माना गया। पाश्चात्य तर्कशास्त्र विचार के तीन सार्वभौम नियमों Law of Identity, Law of contradiction और Law of Excluded middle को स्वीकार करता है और भारतीय तर्कशास्त्र भी इन नियमों से अपरिचित नहीं रहा। अतः डा० श्चेरवात्स्की का यह मत कि 'भारतीय तर्कशास्त्र को केवल विरोध नियम का ज्ञान था' अयथार्थ सिद्ध होता है। यद्यपि भारतीय तर्कशास्त्र में Excluded Middle पर जोर नहीं दिया है फिर भी वह उससे और Law of Identity से अपरिचित नहीं था। जयन्त की 'न्यायमंजरी' में स्पष्ट लिखा है 'तदुक्तं तत्परिच्छिनन्ति, अन्यद् व्यवच्छिन्नन्ति, तृतीय प्रकाशभावं च सूचयति'। इसमें योरपीय तर्कशास्त्र के तीनों नियमों का स्पष्ट उल्लेख है। सर्वदर्शन संग्रह हमें Law of Excluded Middle की सूचना देता है 'परस्पर विरोधे न हि प्रकारान्तर स्थितिः।' दो विरोधी पदार्थों के बीच कोई तीसरी स्थिति सम्भव नहीं।

योरपीय, कल्पना से विपरीत, भारत में तर्क प्रायः अनुमानरूप नहीं माना गया। वस्तुतः यहाँ पर तर्क की गणना प्रमाणों में हुई ही नहीं, यह प्रमाणों का सहकारी माना गया। तर्क के द्वारा किसी अनुमान के विरुद्ध कल्पना को असंगत सिद्ध किया जाता है। किन्तु 'सर्वतंत्रस्वतंत्र' वाचस्पति के अनुसार तर्क-अर्थापत्ति व अनुमानरूप है, और यह मत पाश्चात्य दृष्टिकोण के अधिक समीप है। तर्क की एक दूसरी प्रसिद्ध परिभाषा के अनुसार 'व्याप्य के आधार पर व्यापक का आरोप करना तर्क है (व्याप्यारोपेण व्यापकारोपस्तर्कः)। यह परिभाषा तर्क को अनुमानरूप बताती है। वेदान्त, विशेषतः शंकर, भी इसे इसी रूप में मानते हैं।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अब संक्षेप में तर्क की उपयोगिता का प्रश्न विचारणीय है। यद्यपि यूरोप का दृष्टिकोण मूलतः बुद्धिवादी रहा किन्तु ऐसा नहीं है कि वहाँ तर्क के विरुद्ध कोई आवाज न उठी हों। प्लाटिनस बुद्धिवाद का विरोधी था, लॉक ने इन्द्रियानुभव को प्राथमिकता दी, काण्ट ने स्पष्ट कहा कि बुद्धि परमार्थ के विषय में मौन हो जाती है। हीगल को भी स्वीकार करना पड़ा प्रत्येक बौद्धिक धारणा अधूरी होती है। किन्तु तर्क की प्रामाणिकता पर सबसे प्रबल आघात किया ब्रेडले ने जिसके अनुसार चिंतन प्रक्रिया विरोधग्रस्त है क्योंकि यह प्रक्रिया सम्बन्धात्मक है और सम्बन्ध की धारणा विरोधग्रस्त हैं। बर्गसां ने भी परमार्थ ज्ञान में बुद्धि की अनुपयोगिता को स्वीकार करता है। उसके अनुसार बुद्धि विश्लेषणात्मक है, वह किसी भी पदार्थ को समझने के फेर में उसके टुकड़े-टुकड़े कर डालती है। बुद्धि गति, परिवर्तन, सृजनशील वास्तविकता को नहीं समझ सकती। इसी प्रकार धर्मकीर्ति के अनुसार भी केवल स्वलक्षण में ही अर्थक्रियाकारित्व है, सामान्य लक्षण में नहीं एवं अर्थक्रियाकारित्व लक्षणं सत् के अनुसार, सामान्य लक्षण, जो बुद्धि का कार्य है, काल्पनिक है, संवृत्ति सत्य है। स्वलक्षण ही परमार्थ सत् है अतः अनुमान अयथार्थ है यद्यपि उसकी व्यावहारिक उपयोगिता है।

भारतीय विचारक तो प्रारम्भ से ही तर्क की अपर्याप्तता को जान गये थे। कठोपनिषद् स्पष्ट कहता है कि 'परम तत्त्व का ज्ञान तर्क से संभव नहीं—'नैषा तर्केण मतिरापनेया' (२।९)। शंकराचार्य के अनुसार चूँकि 'तर्क का आधार उत्प्रेक्षा या कल्पना मात्र होता है अतः तर्क अप्रतिष्ठित है।' किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि शंकराचार्य तर्क को छोड़कर अंधविश्वास पर जोर देते थे। व्यावहारिक दृष्टिकोण से तर्क की सत्ता उन्हें मान्य थी। सांख्य की आलोचना करते हुए वे कहते हैं—'कोई दार्शनिक पद्धति व्यक्तिगत रुचि के आधार पर ग्राह्य नहीं हो सकती, वह तभी ग्राह्य हो सकती है जब तर्कानुकूल हो।* कठ भाष्य में उन्होंने यहाँ तक कहा है कि सत्-असत् के निर्णय में बुद्धि ही एकमात्र प्रमाण है।† वस्तुतः शंकराचार्य अनुमानरूप तर्क की उपयोगिता को स्वीकार करते हैं, उत्प्रेक्षा रूप एवं अनुभव पर अनाधारित तर्क की नहीं।‡

इस प्रकार इस संक्षिप्त तुलनात्मक विवेचन से सूचित होता है कि पूर्वी व पश्चिमी ज्ञानमीमांसा में समानतायें भी रहीं किन्तु विभेद ही अधिक रहे, और इसका कारण था दोनों के जीवन मूल्यों में पार्थक्य। पाश्चात्य विद्वान् दर्शन को जीवन से नहीं जोड़ सके, वह उनके लिए मात्र बौद्धिक विलास बना रहा जबकि भारतीय संस्कृति की समग्र धारायें बस एक महासागर में मिल जाने को आतुर रहीं, समग्र प्रयत्न बस एक चरम लक्ष्य, मोक्ष तक पहुँचने के लिए किये गये। भारतीय दर्शन में तर्क की सीमाओं के प्रति सजगता एवं अपरोक्षानुभूति पर ल देने का यही रहस्य है जो उसे पाश्चात्य दर्शन की प्रत्ययात्मक अभिरुचि से पृथक् करता है।

———

* न ह्यभिलषितसिद्धि निबन्धना व्यवस्था शक्या विज्ञातुम्, उपपत्या तु कदाचिद् व्यवस्थोच्येत। ब्र० शां० भा० २।३।५०।

† बुद्धिर्हि नः प्रमाणं सदसतोर्याथात्म्यावगमे, ६।१२।

‡ स्वानुभूत्यनुसारेण तर्क्यतां मा कुतर्क्यताम्।—पंचदशी।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

योग दर्शनमें ईश्वर

केदारनाथ मिश्र,
दर्शन-विभाग, कला संकाय

साङ्ख्य और योग समानतन्त्र सिद्धान्त हैं और दोनोंका दार्शनिक आधार एक ही है। योग में साधारणतया साङ्ख्यकी प्रमाणमीमांसा और तत्त्वमीमांसा को स्वीकार कर लिया गया है और साङ्ख्य के पच्चीस तत्त्वों को स्वीकार करने के साथ ही छब्बीसवें तत्त्व ईश्वर का प्रतिपादन किया गया है। इसीलिए कभी-कभी योग को सेश्वर साङ्ख्य भी कहा जाता है। साङ्ख्य को प्रायः निरीश्वर साङ्ख्य कहा जाता है क्योंकि पारम्परिक कापिल साङ्ख्य—जिसका प्रतिनिधित्व ईश्वर कृष्ण की साङ्ख्यकारिका में हुआ है—में ईश्वर का कोई स्थान नहीं है और साङ्ख्य सूत्रों में ईश्वर की कोई सिद्धि न हो सकने का उल्लेख है।

इस सम्बन्ध में महापण्डित राहुल साङ्कृत्यायन ने अपने दर्शन-दिग्दर्शन में (पृष्ठ ६५ पर) लिखा है कि "जहाँ कपिल के साङ्ख्य में ईश्वर की गुंजाइश नहीं है, वहाँ पतञ्जलिने अपने दर्शनमें गुंजाइश बनाई है। 'गुंजाइश बनाई' इसलिए कहना पड़ता है कि पतञ्जलिने उसे उपनिषदों की भाँति सृष्टिकर्ता नहीं बनाना चाहा और न अक्षपाद की भाँति कर्मफल दिलाने वाला ही।"

पतञ्जलिकी अभिरुचि ईश्वर वाद की संस्थापना में न होकर समाधि की सिद्धि में है, अतः उनके लिए ईश्वर का महत्त्व दार्शनिक या सैद्धान्तिक दृष्टि की अपेक्षा व्यावहारिक या साधना की दृष्टि से अधिक है। योग सूत्रों में ईश्वरप्राणिधान को समाधि की सिद्धि में सहायक बताया गया है। वहाँ ईश्वर के सृष्टि-स्थिति-प्रलय आदि कर्मों का उल्लेख नहीं है और न ईश्वर की सत्ता सिद्ध करने की ही कोई चेष्टा है। योग के परवर्ती व्याख्याकारों ने सृष्टि को ईश्वर से सम्बद्ध करने की चेष्टा की है[१]।

योगसूत्र और योगभाष्य आदि में ईश्वर के सम्बन्ध में जो कुछ कहा गया है उसको कभी-कभी ईश्वरकी सत्ताके साधक प्रमाणोंका रूप देनेकी चेष्टा की जाती है। प्रोफेसर चन्द्रधर शर्माने योग दार्शनिकोंके अभिमत ईश्वरकी सिद्धिके लिए अधोलिखित चार तर्कोंका संक्षेपमें उल्लेख किया है[२]।

(क) श्रुति ईश्वरका उल्लेख करती है[३] अतः (शब्द प्रमाणसे) ईश्वरकी सत्ता सिद्ध होती है।

(ख) पुरुष तथा प्रकृति, जिनके संयोगसे सृष्टि होती है और वियोगसे प्रलय, दो परस्पर भिन्न एवं स्वतन्त्र तत्त्व हैं। पुरुषके निष्क्रिय तथा प्रकृतिके अचेतन होनेके कारण इन दोनोंका संयोग-वियोग स्वतः नहीं हो सकता। अतः किसी ऐसे सर्वज्ञका अस्तित्व स्वीकार करना पड़ता है जो प्रकृतिसे पुरुषका संयोगवियोग कराये और जिसके निर्देशनमें अचेतन प्रकृति उस रूपमें विकसित हो जो पुरुषोंके भोग एवं मोक्ष के लिए अनुकूल हो

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

भोजवृत्तिके अनुसार ईश्वर ही वह तत्त्व है जो प्रकृतिसे पुरुषका संयोग और वियोग कराता है[५]। आचार्य शङ्करका कहना है कि साङ्ख्य-योग दार्शनिक ईश्वरको प्रकृति एवं पुरुषका अधिष्ठाता मानते हैं[६]। वाचस्पति मिश्रकी एक उक्तिसे भी ऐसा प्रतीत होता है कि उनके अनुसार ईश्वरवादी योग दार्शनिक इस सिद्धान्तका प्रतिपादन करते हैं कि अचेतन प्रकृति, चेतन तत्त्व ईश्वर द्वारा अधिष्ठित होनेसे ही प्रवर्तित होती है[६]।

(ग) ईश्वरकी सत्ताकी सिद्धि तारतम्यके नियमसे भी होती है। लौकिक पुरुषोंके ज्ञानमें तारतम्य या न्यूनाधिक्य का क्रम देखा जाता है जिससे यह अनुमान होता है कि एक ऐसा पुरुष-विशेष भी होना चाहिए जो ज्ञानकी अन्तिम अवधि, चरमसीमा और पराकाष्ठा हो तथा जिसमें सर्वज्ञताका बीज पूर्णरूपसे विकसित हो[७]। योगभाष्यकारके अनुसार उपर्युक्त अनुमानसे एक सर्वज्ञ पुरुष-विशेषकी सत्ताकी ही सिद्धि होती है और उसकी संज्ञा तथा उसके स्वरूप का ज्ञान श्रुतिस्मृत्यादिरूप आगमसे प्राप्त करना चाहिए[८]। वाचस्पति मिश्रने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि वह सर्वज्ञ पुरुष-विशेष ईश्वर ही है (बुद्ध, महावीर आदि नहीं)[९]।

(घ) ईश्वरप्रणिधानसे प्रसन्न होकर ईश्वर अनुग्रह करके साधककी सिद्धिके मार्गमें आने वाले विघ्नोंको दूरकर समाधि सिद्ध करा देते हैं[१०]। जिसकी उपासना इस प्रकार समाधिसिद्धि एवं तदद्वारा कैवल्यप्राप्ति में साधक हो उसकी सत्ता भी होनी चाहिए।

उपर्युक्त तर्कोंमें से प्रथम तर्क(क)के सम्बन्धमें प्रोफ़ेसर राधाकृष्णन् लिखते हैं कि योग दर्शनके अनुसार 'ईश्वरकी सत्ताकी सिद्धि शब्द प्रमाण (या श्रुति) से होती है किन्तु यह तर्क अन्योऽन्याश्रयदोष से दूषित है क्योंकि योग दर्शनमें वेदोंको प्रामाणिक माननेका आधार उनका ईश्वरप्रणीत होना बताया गया है[११]।'

तृतीय तर्क(ग)को दृष्टिगत रखते हुए प्रोफ़ेसर हिरियन्नाने लिखा है कि योग दर्शनमें ईश्वरकी सिद्धिके लिए दिया जाने वाला तर्क यह है कि मनुष्योंमें उपलब्ध होने वाला ज्ञान, ऐश्वर्य इत्यादिका तारतम्य अनिवार्यतः एक ऐसी सत्ता (अर्थात् ऐसे तत्त्व) का सूचक है जो ज्ञान और ऐश्वर्य की पराकाष्ठा हो। उनका मत है कि इस प्रकार एक पूर्ण पुरुषके प्रत्ययमात्रसे उसके सत्ताशक्ति होनेका निष्कर्ष निकालनेमें पतञ्जलिने पाश्चात्य दर्शनमें 'सत्तामूलक तर्क' के नामसे प्रसिद्ध तर्कका आश्रय लिया है[१२]। व्यासभाष्यमें दिये गये तर्कको देखकर पाश्चात्य दर्शनके उपर्युक्त सत्तामूलक तर्कके स्मरण हो आनेकी बात प्रोफ़ेसर राधाकृष्णन् ने भी कही है[१३]।

इस सम्बन्धमें यह अवधेय है कि पतञ्जलिके **'तत्र निरतिशयं सर्वज्ञबीजम्'** (योगसूत्र १।२५) इस सूत्रमें केवल पूर्ववर्ती सूत्रमें निरूपित ईश्वरमें ज्ञानके निरतिशय होनेका प्रतिपादन या उल्लेखमात्र है और इसमें हेतुनिर्देशपूर्वक किसी साध्यकी सिद्धिका कोई प्रयत्न नहीं किया गया है। यह सूत्र पूर्ववर्ती सूत्रमें प्रतिपादित ईश्वरके स्वरूपका निरूपक और उसके सर्वज्ञ होनेका बोधक है। इसमें हेतुसूचक किसी पदका प्रयोग भी नहीं किया गया है। अतः यह ईश्वरकी सत्ता आदिका अनुमापक नहीं प्रतीत होता। वाचस्पति मिश्रने भी **'ज्ञानशक्तावनुमानं प्रमाणयति'** (तत्त्ववैशारदी १।२५) अर्थात् 'उस

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ईश्वरकी ज्ञानशक्तिकी सिद्धि अनुमान प्रमाणसे होती है यह बताते हैं' इत्यादि कहकर उपर्युक्त सूत्रको ईश्वरकी ज्ञानशक्तिका ही अनुमापक माना है, ईश्वरकी सत्ता का साधक नहीं।

पतञ्जलिके क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः (योगसूत्र १।२४) इस सूत्रके अनुसार ईश्वर एक विशेष प्रकारका पुरुष है जो (अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश नामक पाँच) क्लेशों, (विहित ज्योतिष्टोमादि और निषिद्ध ब्रह्महत्यादि वैदिक एवं लौकिक, शुभाशुभफलदेने वाले कर्मों, (जन्म, मरण, भोग आदि कर्मफलरूप सुख-दुःख या) विपाक और (धर्माधर्मरूप सुख-दुःख के भोगसे उत्पन्न वासना या) आशय से अपरामृष्ट या अप्रभावित रहता है। वह सभी दोषोसे रहित निर्विकार तत्त्व है।

यों तो साङ्ख्ययोगदर्शनके अनुसार सभी पुरुष असङ्ग और त्रिगुणातीत हैं किन्तु क्लेश, कर्म आदि चित्तके धर्म होते हुए भी सांसारिक पुरुषोंके धर्म कहे जाते हैं और (जिस प्रकार सेनाकी हार-जीत राजाकी हार-जीत मानी जाती है उसी प्रकार) पुरुषोंको तत्तत् कर्मोंका भोक्ता कहा जाता है। अविवेकके कारण सांसारिक पुरुष अपनेको बुद्धिसे अभिन्न समझ लेता है अतः उसे बुद्धिगत सुख-दुःखका भोक्ता कहा जाता है। इस प्रकार पुरुषोंको (सांसारिक दशामें) क्लेशकर्मादिसे सम्बद्ध माना जाता है किन्तु ईश्वर भूत, वर्तमान एवं भविष्य किसी भी कालमें क्लेशादिसे किसी भी प्रकार सम्बद्ध नहीं होता अर्थात् उसका क्लेशादिसे औपाधिक सम्बन्ध भी नहीं होता, अतः वह अन्य पुरुषोंसे विलक्षण और विशिष्ट पुरुष है।

ईश्वर सांसारिक पुरुषोंसे भिन्न तो है ही, मुक्त पुरुषोंसे भी भिन्न है। मुक्त पुरुष मुक्त होनेके पूर्व बद्ध थे तथा (प्राकृतबन्ध, वैकारिकबन्ध और दक्षिणादिबन्ध इन) तीन प्रकारके बन्धोंको नष्ट कर शास्त्रोक्त उपायों द्वारा क्लेशादिसे मुक्त हुए हैं किन्तु ईश्वर कभी बन्धनमें थे ही नहीं वे सदा मुक्त हैं और ऐश्वर्य (अर्थात् ज्ञान, क्रिया और शक्तिरूप तीन सम्पदाओं) से सदा युक्त होनेके कारण सदा अर्थात् तीनों कालोंमें ईश्वर हैं।

ईश्वर प्रकृतिलीन पुरुषोंसे भी भिन्न, विलक्षण और विशिष्ट पुरुष हैं क्योंकि उनके भविष्यमें भी बन्धनमें पड़ने की कोई आशङ्का या सम्भावना नहीं है जबकि प्रधान, महत्, अहङ्कार तथा पञ्चतन्मात्र इन अष्टविधप्रकृतिरूप अनात्म पदार्थोंमें आत्मबुद्धि करके उपासना करने वाले एवं उसके परिणामस्वरूप प्रकृतिमें लीन हो जाने वाले प्रकृतिलीन पुरुषोंका पुनः बन्धनग्रस्त होना तथा जन्म लेना सम्भव है[१४]।

योगसूत्र में ईश्वर को सर्वज्ञ, ज्ञान की पराकाष्ठा एवं चरम सीमा कहा गया है। भाष्यकार व्यास उन्हें ज्ञान एवं ऐश्वर्य की पराकाष्ठा कहते हैं[१५]। वाचस्पति मिश्र उन्हें नित्यतृप्त एवं वैराग्यातिशयसम्पन्न बताते हुए उनके स्वरूप के निरूपण के लिए वायुपुराण के वे श्लोक उद्धृत करते हैं जिनमें ईश्वर के (सर्वज्ञता, तृप्ति, अनादि ज्ञान स्वतन्त्रता, अलुप्तशक्तित्व और अनन्त शक्ति इन) छः अङ्गों तथा (ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, तप, सत्य, क्षमा, धृति, स्रष्टृत्व, आत्मसम्बोध और अधिष्ठातृत्व इन) दस अव्ययों से सदा युक्त रहने की बात कही गयी है[१६]।

ईश्वर साम्यातिशयविनिर्मुक्त हैं। योगभाष्य के अनुसार उनके समान या उनसे

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अधिक ऐश्वर्य वाला कोई अन्य तत्त्व नहीं है। वे अप्रतिम हैं और एक ही हैं। समान ऐश्वर्य से सम्पन्न दो (या दो से अधिक) ईश्वरों का अस्तित्व स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि उनकी परस्पर-विरोधी इच्छाएँ होने पर एक की सिद्धि और दूसरे की असिद्धि होने की स्थिति में एक को अपेक्षाकृत हीन मानना होगा और उसे ईश्वर ही न कहा जा सकेगा; तथा दोनों (या सभी) की इच्छाओं की सिद्धि होने की दशा में विरोध होगा अर्थात् एक ही कार्य को एक ही काल में (श्वेत और अश्वेत आदि) परस्पर-विरोधी धर्मों से युक्त मानने का अनिष्ट प्रसङ्ग उपस्थित होगा। उन ईश्वरों की इच्छाएँ परस्पर विरोधिनी नहीं होतीं, यह मान कर भी, एक से अधिक ईश्वरों की कल्पना करना, तत्त्ववैशारदी के अनुसार निरर्थक है, क्योंकि ऐसी सिथिति में सृष्टिनियमन आदि का कार्य सम्पन्न करने के लिए एक ईश्वर ही पर्याप्त होगा। यदि यह कहा जाये कि दो (या दो से अधिक) ईश्वर मिलकर नियमन आदि का कार्य करते हैं तो उनमें से किसी को भी ईश्वर न कहा जा सकेगा क्योंकि वे एक परिषद् के (सदस्य के) रूप में कार्य करते हैं। वे क्रमशः एक-एक करके नियमन करते हैं यह मानने में कल्पनागौरवदोष होता है। इसी प्रकार एक से अधिक ईश्वरों के नित्य ऐश्वर्य से सम्पन्न होते हुए भी एकैकशः ईशन या नियमन करने की बात भी कल्पना-गौरव दोष से युक्त और अविचारपूर्ण है अतः योग दर्शन में ईश्वर के एक और अद्वितीय होने के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है[१७]।

इस सम्बन्ध में यह अवधेय है कि एकेश्वरवाद के साथ बहुदेवतावाद का कोई विरोध नहीं है अतः योगदर्शन में एक ईश्वर को मानने के साथ ही अनेक देवताओं की सत्ता स्वीकार की गयी है।

ईश्वर कालातीत और नित्य हैं। वे सृष्टिके आदिमें उत्पन्न ब्रह्मादि देवों और अङ्गिरादि ऋषियों के भी पिता तथा उपदेष्टा हैं, क्योंकि कोई ऐसा काल नहीं था जब उनकी सत्ता न बच रही हो। सांख्यमें मुक्त पुरुषों की परम्पराको ही तारक ज्ञान देने वाला माना गया है किन्तु योग मुक्त पुरुषोंके गुरुरूपमें तारक ज्ञानके उपदेष्टा या वक्ता के रूपमें ईश्वरकी सत्ता मानता है। ईश्वर पूर्वाचार्योंके भी गुरू और वेदज्ञानके स्रष्टा हैं। वे परमगुरु हैं और अपना कोई स्वार्थ न होने पर भी कृपापरवश होकर प्राणियोंपर अनुग्रह करनेके लिए ज्ञान और धर्म के उपदेश द्वारा उनके उद्धारमें प्रवृत्त होते हैं।

ईश्वर निःशेष सदिच्छाओंसे युक्त और करुणामय हैं तथा इस बातका ध्यान रखते हैं कि प्रकृतिका विकास पुरुषोंके भोग और मोक्ष रूप हितोंके अनुकूल हो। इस बातको ध्यानमें रखते हुए वे प्रकृति-पुरुषका संयोग-वियोग कराते हैं तथा प्रकृतिके विकासका सञ्चालन, नियमन और मार्ग-दर्शन करते हैं।[१९]

ईश्वरप्रणिधानरूप भक्तिविशेष से आवर्जित या अभिमुखीकृत ईश्वर साधक को अभिध्यानमात्र से अनुगृहीत करते हैं और साधक की अतिशीघ्र समाधिसिद्धि हो जाती है। अभिध्यान से तात्पर्य ईश्वर के सङ्कल्प या उनकी इच्छा मात्र से है। ईश्वर केवल सङ्कल्प करते हैं कि साधक का अभिमत सिद्ध हो जाए और वह सिद्ध हो जाता है। इच्छा के सिवाय अन्य कोई व्यापार ईश्वर को नहीं करना पड़ता। इसप्रकार ईश्वरप्रणिधान समाधि-सिद्धि का उत्कृष्ट साधन है। यह बात योग सूत्रकार ने एकाधिक बार कही है।[२०]

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ईश्वर भक्ति या पासना के विषय हैं। उनके अनुग्रह करनेकी बात भाष्यकार व्यास[२०A] आदिको स्वीकार है। भक्ति द्वारा भक्त भगवान्का अनुग्राह्य बनता है। प्रसन्न होकर भगवान् भक्तकी समाधिसिद्धिके मार्गमें आने वाले विघ्नोंको दूर कर उसे समाधिलाभ करा देते हैं।[२१]

प्रणव या ॐ ईश्वरका वाचक, अभिधायक या प्रतिपादक है और ईश्वर उसके वाच्य हैं। ईश्वर और प्रणव में वाच्यवाचक सम्बन्ध है और यह सम्बन्ध नित्य है। ईश्वरके सङ्केतसे इसका द्योतन या प्रकाशनमात्र होता है।[२२]

प्रणवके जप और (प्रणवके वाच्य या अभिधेय) ईश्वरकी भावना से चित्त एकाग्र होता है, अतः समाधिकी सिद्धिके लिए प्रणवका जप (यथावदुच्चारणम्) और (प्रणवके अर्थभूत) ईश्वरकी भावना (पुनः पुनः चेतसि निवेशनम्) करनी चाहिए। प्रणवके जप और ईश्वरकी भावना से साधककी समाधिसिद्धिके विघ्नरूप व्याधिस्त्यान आदि तथा दुःख दौर्मनस्य आदि दूर हो जाते हैं और पुरुषको अपने स्वरूपका बोध हो जाता है।[२३]

उपर्युक्त विवरणसे स्पष्ट है कि योगदर्शनमें ईश्वरका स्थान दार्शनिक दृष्टिसे अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं है। वह योगदर्शनके लिए अनिवार्य, आवश्यक या अपरिहार्य नहीं प्रतीत होता और ऐसा लगता है कि सांख्यकी ही भाँति योगका कार्य भी बिना ईश्वरके चल सकता है।

योगदर्शनमें ईश्वरको एक विशेष-पुरुष मात्र माना गया है और अनेक पुरुष तथा प्रकृति—सभी नित्य और विभु —उसे सीमित करनेके लिय उपस्थित हैं।[२४] उसे पुरुष-विशेष माननेपर पुरुषोंमें गुणगत भेद भी मानना पड़ेगा।

योगदर्शनके इस पुरुषविशेय या व्यक्तिविशेषरूप ईश्वरका योगदर्शनके अन्य तत्त्वों और सिद्धान्तों से घनिष्ठ और आन्तरिक सम्बन्ध नहीं है।

योगदर्शनमें ईश्वर तथा जगत् का सम्बन्ध न तो आन्तरिक ही है और न घनिष्ठ ही। ईश्वर जगत्का स्रष्टा संहारक या पालक नहीं है। वह उसका उपादान भी नहीं है। योगसूत्रोंमें ईश्वरकी सृष्टिसे सम्बद्ध क्रियाओंको कोई महत्त्व नहीं दिया गया है। स्वयं पतञ्जलिको जगतकी सृष्टिस्थितिलयकी समस्याका समाधान करनेके लिए ईश्वरकी आवश्यता का अनुभव नहीं हुआ है और उन्होंने सृष्टिके उपादान या निमित्त कारणके रूपमें ईश्वरका अनुमान करनेका तर्क नहीं दिया है।

ईश्वर और प्रकृतिका सम्बन्ध भी घनिष्ठ और आन्तरिक नहीं, बाह्य ही है। प्रकृति अनादि तथा नित्य है और ईश्वर न तो उसका स्रष्टा है, न पालक और न संहारक ही। प्रकृतिकी उत्पादक शक्ति भी ईश्वरप्राप्त न होकर स्वयं प्रकृतिकी अपनी शक्ति ही है। ईश्वर प्रकृतिमें अन्तर्यामी नहीं है और आन्तरिक ढंग से बाहरसे ही प्रकृति और पुरुष को सम्बद्ध करता है। वह प्रकृतिके विकासका मार्गनिर्देशन और नियमन बाहरसे यान्त्रिक रूपसे ही करता है प्रकृति में अन्तर्यामी होकर नहीं।

ईश्वर और पुरुषों का सम्बन्ध भी आन्तरिक, घनिष्ठ या अविच्छेद्य नहीं है। ईश्वर स्वयं एक पुरुष विशेष मात्र है और वह अन्य पुरुषोंका न तो स्रष्टा है, न पालक और न

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

संहारक, क्योंकि सभी पुरुष ईश्वरकी ही भाँति स्वयम्भू, विभु, अविनाशी और नित्य हैं। इस प्रकार पुरुष और ईश्वर का सम्वन्ध भी शिथिल, बाह्य और साधारण ही है आन्तरिक और घनिष्ठ नहीं। ईश्वर पुरुषोंमें अन्तर्यामी नहीं है, उनके अन्दर विद्यमान होकर उनका नियमन नहीं करता। पुरुषोंको योगदर्शनमें ईश्वराधिष्ठित नहीं माना गया है।

पुरुषोंके वन्धन और मोक्ष सें ईश्वरका कोई साक्षात् सम्बन्ध नहीं है। वन्धनका कारण अज्ञान है और मोक्ष (पुरुष-प्रकृतिके विवेकरुप) ज्ञानसे होता है। मानवीय जीवन या पुरुष का लक्ष्य ईश्वर (की प्राप्ति) नहीं अपितु पुरुषका प्रकृतिसे विविक्त होकर स्वरुपमें स्थित होना है। मोक्षप्राप्तिके लिए उसकी सहायता अपरिहार्य नहीं है, उसकी सहायताके विना अपने पौरुषसे भी मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। ईश्वरप्रणिधान मोक्षप्राप्तिमें सहायक केवल इसी अर्थमें है कि प्रसन्न हो जानेपर ईश्वर साधककी साधनाके मार्गमें आनेवाले विघ्नोंको दूरकर समाद्धिसिद्धिको सरल, सुगम और शीघ्रसाध्य बना देते हैं। वे सीधें किसीको मुक्त नहीं करते, मोक्ष तो पुरुपको स्वयं ही अर्जित करना होगा। इस प्रकार ईश्वरप्रणिधान समाधि और उसके फलकी प्राप्तिके साधनोंमेंसे एक सुगम साधन मात्र[२५] है, एक मात्र उपाय नहीं।

योगमें नित्यमुक्त पुरुषोंका स्पष्ट उल्लेख नहीं है। रामानुज आदि दार्शनिकोंकी अनन्त, गरुड, विष्वक्सेन आदि नित्यमुक्तोंकी जो धारणा है उससे योगके ईश्वरमें कोई विशेषता नहीं है। यदि नित्यमुक्तोंकी सत्ता मानी जाए तो ईश्वरका उनसे भेद नगण्य और वनावटी मात्र होगा।

योगदर्शनमें ईश्वरके स्वरूपके उपर्युक्त विवेचनसे स्पष्ट है कि योग दर्शनमें ईश्वरका स्थान अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं है और योग दर्शन का ईश्वरसिद्धान्त दार्शनिक दृष्टिसे सन्तोष-जनक नहीं कहा जा सकता है।[२६]

गार्वेका मत है कि योगसूत्रोंके अध्ययनसे लगता है कि व्यक्तित्वसम्पन्न ईश्वर—जिसने बादमें योगदर्शनके स्वरूप निर्धारणमें महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की—का योगदर्शनमें प्रवेश प्रारम्भमें बहुत ही शिथिल ढंगसे और सतही तौरपर इसतरह कराया गया कि इस दर्शनका मूलभूत सिद्धान्त और प्रतिपाद्य पूर्णरूपसे अप्रभावित और अस्पष्ट रहे। वे तो यहाँ तक कहनेको प्रस्तुत हैं कि जिन योगसूत्रोंमें ईश्वरके व्यक्तित्वका विवेचन है वे (अर्थात् योगसूत्र १।२३-२७; २।१, ४५) ग्रन्थके अन्य भागोंसे असम्वद्ध तो हैं ही योगदर्शनके मूल-सिद्धान्तों और लक्ष्यके विपरीत हैं।[२७] प्रोफेसर एम्० हिरियन्नाका भी यही मत है कि योगदर्शनमें स्वीकृत ईश्वर उस दर्शनके अन्य सिद्धान्तोंसे शिथिलरूपमें ही सम्बद्ध है। वे भी मानते हैं कि जिन सूत्रोंमें ईश्वरका निरूपण है वे ग्रन्थके शेष भागसे असम्बद्ध हैं।[२८]

गार्वेके अनुसार योग दार्शनिकों द्वारा सांख्यदर्शनमें स्वीकृत तत्त्वों में ईश्वरको जोड़ देनेका उद्देश्य केवल ईश्वरवादियोंको सन्तुष्ट करना तथा सांख्य-प्रतिपादित सृष्टिसिद्धान्तके प्रचारको सुकर बना देना ही था।[२९] इसी मतसे सहमति प्रकट करते हुए प्रोफेसर राधाकृष्णन् ने लिखा है कि 'हम यह कहनेको विवश हैं कि योगदार्शनिकोंने जनसाधारणको अपने दर्शनकी ओर आकृष्ट करनेके लिए ही अपने दर्शनमें ईश्वरके प्रत्यक्ष का प्रवेश कराया।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सृष्टिविषयक सांख्यसिद्धान्त एवं योगकी आध्यात्मिकसाधना के प्रचारके लिए समुत्सुक व्यक्तियोंको मनुष्यकी मनोवृत्तिको सन्तुष्ट किये बिना ऐसा कर सकना सम्भवतः कठिन प्रतीत हुआ और इसका फल यह हुआ कि योगदर्शनमें ईश्वरको स्वीकार कर लिया गया।[१०] प्रोफेसर एम्० हिरियन्ना भी गार्वेके उपर्युक्त मतके ही समर्थक हैं।[११] योगकी कठिन साधनामें संलग्न साधकको अन्धकार और अज्ञान से प्रकाशकी ओर ले जाने वाले एक ऐसे तत्त्वोपदेशक गुरु मार्गनिर्देशक और सहायक की आवश्यकता पद-पदपर अनुभव होती है जो उसे आश्वस्त कर प्रेरणा शक्ति और साहस प्रदान कर सके। योगदर्शननमें स्वीकृत ईश्वर उसके इस आवश्यकताकी पूर्ति करता है।

टिप्पणियाँ

१ द्रष्टव्य, योगसूत्र-भोजवृत्ति, १।२५।

२ द्रष्टव्य, Acritical Survey of Indion Philosophy, p. 174.

३ क्लेशकर्मविपाकैश्च वासनाभिस्तथैव च।
अपरामृष्टमेवाह पुरुषं हीश्वरं श्रुतिः॥ (याज्ञवल्क्यस्मृतिः, २।४३)।

४ द्रष्टव्य, योगसूत्र-भोजवृत्तिः १।२५।

५ केचित् तावत् सांख्ययोगव्यपाश्रयाः कल्पयन्ति प्रधानपुरुषयोरधिष्ठाता केवलं निमित्तकारणमीश्वर इतरेतरविलक्षणाः प्रधानपुरुषेश्वरा इति। ब्रह्मसूत्रशाङ्कर-भाष्यम्, २।२।३७)।

६ चेतनाधिष्ठितमचेतनं प्रवर्तत इति, यथा योगानामीश्वरवादिनाम्। ब्रह्मसूत्र-शङ्करभाष्यभामती, २।२।२)।

७ तत्र निरतिशयं सर्वज्ञबीजम्। (योगसूत्र १।२५)।

८ सामान्यमात्रोपसंहारे च कृतोपक्षयमनुमानं न यिशेषप्रतिपत्तौ समर्थम्, इति तस्य संज्ञादिविशेषप्रतिपत्तिरागमतः पर्यन्वेष्या। (योगसूत्रभाष्य, १।२५)।

९ योगसूत्रभाष्यतत्त्ववैशारदी, १।२५।

१० स भगवानीश्वरः प्रसन्नः सन् अन्तरायरूपान् क्लेशान् परिहृत्य समाधिं सम्बोधयति (योगसूत्र-भोजवृत्तिः, २।४५)।

११ द्रष्टव्य, Indian Philosophy Vol II, p. 370.

१२ द्रष्टव्य, The Essentials of Indian Philosophy, p. 125.

१३ द्रष्टव्य, Indian Philosophy, Vol. II, p. 369.

१४ द्रष्टव्य, योगसूत्रभाष्यम् एवं तत्त्ववैशारदी, १।२४।

१५ द्रष्टव्य, योगसूत्रभाष्यम्, १।२४, २५।

१६ द्रष्टव्य, तत्त्ववैशारदी, १।२५।

१७ द्रष्टव्य, योगसूत्रभाष्यम्, एवं तत्त्ववैशारदी, १।२४।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

१८ द्रष्टव्य, योगसूत्रभाष्यम् १।२५।२६ ।

१९ द्रष्टव्य, योगसूत्रभोजवृत्तिः १।२५,

२० द्रष्टव्य, योगसूत्रम्, १।२३; २।४५ ।

२० A द्रष्टव्य, योगभाष्यम् १।२३, २५; ३।६ ।

२१ द्रष्टव्य, ऊपर टिप्पणी १० ।

२२ द्रष्टव्य, योगसूत्रभाष्यम् एवं तत्त्ववैशारदी, १।२७ ।

२३ द्रष्टव्य, योगसूत्रभाष्यम्, १।२८, २९ ।

२४ द्रष्टव्य, ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्यम्, २।२।४१ ।

२५ सुगममुपायान्तरम् । (योगसूत्रभोजवृत्तिः १।२३) ।

२६ द्रष्टव्य, ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्यम्, २।२।३७-४१ ।

२७ द्रष्टव्य, Encyclopaedia of Religion and Ethics, Vol XII, p. 831.

२८ द्रष्टव्य, Outlines of Indian Philosophy, p. 282.

२९ द्रष्टव्य, ऊपर टिप्पणी २७ ।

३० द्रष्टव्य, Indian Philosophy, Vol. II, p. 371.

३१ द्रष्टव्य, Outlines of Ihdian Philosophy, p. 268.

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

जरथुस्त्र और उसका पारसीक धर्म

श्रीधर पाठक, शोधछात्र

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

अफगानिस्तान से पश्चिम और उत्तर के जिस भाग को वर्तमान में "ईरान" कहा जाता है प्राचीन काल में उसे लोग "पारसीक देश" या "फारस" नाम से जानते थे। ई० पू० सप्तम अथवा प्रारम्भिक षष्ठ शती में इस प्राचीन पारसीक देश में एक महान् धर्म सुधारक अवतरित हुआ जिसने असभ्य ईरानियों को सभ्य बनाने का सफल प्रयत्न किया। आधुनिक उत्तर पूर्व ईरान, जो उन दिनों बेबीलोनिया और पश्चिमी ईरान के सभ्य भागों के सम्पर्क में न था, उसका कर्मक्षेत्र था। उस महान् धर्म सुधारक ने, जिसे विश्व जरथुस्त्र[1] नाम से जानता है, अर्धनग्न जातियों को जो धर्म उपदिष्ट किया वह आगे चलकर न केवल ईरान का राजधर्म बना वरन् ईरान से बाहर भी प्रकाशित हुआ। जरथुस्त्र के धार्मिक उपदेशों ने ख्रीष्ट मत, इस्लाम धर्म और ग्रीक विचारों के उत्तरकालिक विकास को प्रभावित किया।

देवदूत जरथुस्त्र

ईरानी जनश्रुतियों, जिन्हें पूर्ण प्रमाण नहीं माना जा सकता, के अनुसार महान् देवदूत जरथुस्त्र ईरान में अलक्षेन्द्र की शक्ति स्थापना से २५८ वर्ष पूर्व जीवित्त था जिसका अर्थ है कि ईरान पर अलक्षेन्द्र की विजय से २५८ वर्ष पूर्व (अलक्षेन्द्र ने ३३० ई० पू० ईरान में अपनी शक्ति स्थापित कर ली थी) जरथुस्त्र के जीवन की कोई मुख्य घटना हुई। यह घटना जरथुस्त्र को प्रथम बोध प्राप्ति भी हो सकती है जो उसकी ३० वर्ष की अवस्था में घटित हुई थी अथवा ४० वर्ष की अवस्था में जब उसने प्रथम उपदेश दिया था अथवा इससे दो वर्ष बाद जब राजा हिस्तास्य (विस्ताष्य) उसका शिष्य हुआ था। परम्पराओं के अनुसार देवदूत ७७ वर्ष तक जीवित रहा।

लगभग ३० वर्ष की आयु में जब वह यौवन के शिखर पर था, उसने पूर्वी ईरान के अर्धनग्न कबीलों को सभ्य बनाने का कार्य हाथ में लिया किन्तु १० वर्षों तक उसका भ्रातृज "मध्यमान" ही उसका एकमात्र शिष्य और अनुयायी था। परम्पराओं के अनुसार प्रायः दो वर्षों बाद, जो बहुत अधिक विश्वस्त समय नहीं कहा जा सकता, राजकुमार विस्तास्थ ने जो ताजिकिस्तान और उत्तरी बलूचिस्तान का राजा कहा जाता है, इस महान् देवदूत से धर्मदीक्षा ली। विस्तास्य को अपना शिष्य बनाने में जरस्थुस्त्र को भयंकरतम तांत्रिक युद्धों से गुजरना पड़ा। विस्तास्थ के शिष्यत्वग्रहण के साथ ही जरथुस्त्र को अनेक स्थानों

[1] प्राचीन ईरानी भाषा में इसे जरथुस्त्र कहा जाता था, नयी फारसी में इसे जरदुश्ति Zaradushi कहते हैं। अंग्रेजी में जोरोस्टर Zoroster है जो जरथुस्त्र का विरुद्ध हुआ ग्रीक नाम है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

से निमन्त्रण मिले जिनमें महान देवदूत को औत्सुक्य और चिन्ता के स्पष्ट लक्षण दृष्टगत हुए थे। उसनें अपने कवीले की कई प्रथाओं को पूर्वी ईरान के कवीलों में प्रस्थापित किया। उन्हें कृषि कर्म की ओर उत्प्रेरित करने तथा यायावरीय जीवन से मुक्ति दिलाने के लिए प्राणों की बाजी लगाई। अपने सुधारों के माध्यम से उस महान् देवदूत ने प्राचीन ईरानी विश्वासों को धार्मिक स्वरूप प्रदान किया।

गाथा (जो अवेस्ता का ही एक अंग है और जिसे देवदूत ने स्वयं प्रणीत किया था) की उत्तरकालीन परम्पराओं में जरथुस्त्र को एक अलौकिक पुरुष मान लिया गया। उसे प्राचीन काल के एक विधिज्ञ यीम का क्ष्वरेनंह (प्रा० फारसी-फर्नह) अर्थात् गर्व कहा गया है। उसके सत्कर्मों से क्रुद्ध देवस् (प्राचीन फारसी में जिसका अर्थ दैत्य या राक्षस होता है) उसे मार डालने के लिए सदा खोजा करते थे। अहुरमज्दा और अमेशस्पेन्तस उसके मुख्य सहयोगी हुए जिनके सम्मुख उसने अपने मत का उपदेश दिया था। उसने वैकिटचा और सीस्तान की धार्मिक यात्रा की। उसके सुधारों के कारण जरथुस्त्र का सामूहिक विरोध किया गया। ऐन्द्र जालिक और माया भिचारी के धर्मशास्त्री उसके घोर शत्रु हो गए। राजकुमार विस्तास्थ स्वयं उसका शत्रु था किन्तु दैवी शक्तियों द्वारा उसने राजकुमार तथा उसकी सेना को अपने बश में किया। इतना ही नहीं वह राजकुमार के एक मन्त्री जिसका नाम "जमस्प" था के साथ अपनी पुत्री पौरुचिस्त का विवाह करने में भी सफल हुआ। विर्धमियों से देवदूत का भयंकर संघर्ष निरन्तर गतिशील था। एकवार शक्ति प्रदर्शन के दौरान, जहाँ धर्म परिवर्तन का संस्कार हो रहा था वहीं पवित्र वेदिका के निकट विरोधी ऐन्द्रजालिक पुरोहितों द्वारा वह मार डाला गया।

इस देवदूत के जीवन के विषय में प्राप्त जानकारी यद्यपि पूर्ण प्रमाणिक नहीं कही जा सकती किन्तु उसकी ऐतिहासिकता में सन्देह के आधार भी नहीं हैं।

मृत्योपरान्त जरथुस्त्र की प्रशंसा में अनेकों लेख रचे गए। कहा गया कि उसके जन्म के समय पृथ्वी प्रसन्न हुई और मानव रुप में पृथ्वी पर निर्विघ्न विचरण करने वाले राक्षस छिप गए। वह अहुरमज्दा तथा उसके साथियों की मदद और अहरिमान के विनाश के लिए हंसते हुए पृथ्वी पर अवतरित हुआ था। वह समस्त पुरोहितों, योद्धाओं और अश्ववारों में श्रेष्ठ था। वह चिकित्सा विज्ञान एवं विविध प्रकार की ललित कलाओं में पारंगत था। इन तथ्यों की सूचना हमें ९वीं शती की "पहलवी धर्म पुस्तकों" से प्राप्त होती है। यह मीडिया देश (पश्चिमी ईरान के मगी कबीले के 'पौरुशास्य' नामक प्रभावशाली व्यक्ति का पुत्र था। महान इतिहासकार हेरोडोटस ने मगी लोगों को मीडियावासियों में श्रेष्ठ (नोवुल्स) कहा है। इनके और भारतीयों के नामों में काफी हद तक साम्य मिलता है। यें ज्योतिष, सामुद्रिकशास्त्र और इन्द्रजाल में पारंगत होते थे। यद्यपि अवेस्ता में इस कवीले की चर्चा नहीं के वरावर है। इस कवीले की दो मुख्य प्रथाएं जो संभवतः पहले मध्य एशिया में प्रचलित थीं, जरथुस्त्र के वाद उसके धर्म में सम्मिलित कर ली गयीं। वे थीं:—

१—शवों का खगों के लिए परित्याग

२—कौटुम्बिक विवाह

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ईरान के सासानी युग में प्राप्त होने वाली विश्वास की महान एकता जरथुस्त्र द्वारा प्रणीत क्रान्ति का अन्तिम चरण था।

पश्चिम में जरथुस्त्र को सदा ही महान् समझा गया। यूरोप में उसकी पहली चर्चा प्लेटो ने की। उसे कभी कभी महान ग्रीक दार्शनिक गणितज्ञ पेथागोरस से भी अधिक महत्व दिया गया। प्रकृति विज्ञान ज्योतिष और अभिचारतन्त्र में उसके नाम पर अनेक पुस्तकें ग्रीक भाषा में प्रकाशित की गयीं। ज्यूस और ईसाई उसकी गणना अपने देवदूतों में करते थे। मध्यकाल में वह एक महान जादूगर के रुप में प्रसिद्ध हुआ। लगभग १८वीं शती के अन्तिम चरण में उसका वास्तविक चित्र विद्वानों के सम्मुख आया। उसके जीवन एवं कर्म क्षेत्र के बारे में प्राप्त जानकारी अन्तिम नहीं हैं।

जरथुस्त्र का सुधारः—

मूलरुप में उससे पूर्व प्रचलित समस्त धार्मिक विश्वासों का निषेध था। इस निषेध की सीमा में न केवल धार्मिक प्रथाएँ थीं वरन् देवता भी थे। केवल अहुरमजदा और अमेश स्पेन्तस ही इस निषेध से बच सके जो कि बाद में जरथुस्त्र के धर्म में सम्मिलित कर लिए गए। देव प्रतीकों का प्रयोग एवं शवाधि प्रथा दो अन्य प्रथाएं थीं जो जरथुस्त्र द्वारा आत्मसात कर ली गयीं। हेरोडोटस ने अपने समकालिक ईरान के धार्मिक जीवन का विवरण इस प्रकार दिया है—

'ये (ईरानी) पर्वत की चौटियों पर चढ़ जाते हैं और गगन के एक मात्र देव ज्यूस (द्यौस) के लिए यज्ञ करते हैं वे सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, अग्नि, जल और वायु के लिए भी यज्ञ हवन करते हैं।'

इस विवरण में ईरान के धर्म की वैदिक धर्म से आश्चर्य जनक समानता प्रतीत होती है। अधिकांश पारसीक उपलिखित ज्यूस को "द्यौस पितर" कहते हैं। हसामनी राजवंश के लेखों के अनुसार दारा का मुख्य देवता "अहुरमजदा" था जैसा कि जरथुस्त्रवादी भी मानते हैं। यह अहुरमज्द वश्न (सर्वज्ञ) और वशत्रह (सर्व शक्तिमान) था। पहले ऐसी आशंका प्रकट की जाती थी कि दारा का मज्दाबाद वह धर्मावस्था थी जिसमें किसी प्रबल सुधारक के नेतृत्व में जरथुस्त्र वादी धर्म उदित हो सकता था। यह भी शंका प्रकट की जाती थी कि हो सकता है कि दारा के समानान्तर जरथुस्त्र का धर्म वर्तमान रहा हो किन्तु सम्पूर्ण ईरान में वह मान्य न रहा हो। अब ये आशंकाएं निर्मूल सिद्ध हो चुकी हैं जिसका आधार भाषा विज्ञान है। दारा के अभिलेखों की भाषा से गाथा और अवेस्ता की भाषा आद्य है। छन्दीकरण, उच्चारण और प्रवाह इन तीनों दृष्टियों से जरथुस्त्र की भाषा वैदिक भाषा के निकट है। गाथा की भाषा पुरोहित की बोल चाल की भाषा थी तथा अवेस्ता उसका परिष्कृतरुप। भाषा विज्ञान ही वह आधार है जिससे जरथुस्त्र को दारा से पहले का माना जाता है इसलिए यह कहा जाता है कि दारा प्रथम (५२२-४८६ ई० पू०) का अहुरमज्दा "गाथा" के "मज्दाः अहु" (परमज्ञान=कैवल्य) का ही रुपान्तर है।

पश्चिम एशिया के धर्म में अहुरमज्दा का विशेष महत्व था और वह पारसीक धर्म का एक प्रमुख देवता था। इसके प्रमाण हमें असीरियन श्रोतों से भी मिलते हैं। अहुर

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

के साथ सात इंगीगी या सात शुभ देवों का उल्लेख है जिन्हें हम अमेश स्पेष्टस से मिला सकते हैं। इसकी तुलना वैदिक वरुण तथा उनके साथी आदित्यों से भी की जा सकती है। ऐसा प्रतीत होता है कि जरथुस्त्र ने अपनी धार्मिक व नैतिक शिक्षाओं में भारत और ईरान में प्रचलित ऋषि महर्षियों की व्यापक शिक्षाओं को आत्मसात कर लिया। यदि हम गाथा की तुलना वेदों से करें और प्राचीन ईरान के धार्मिक विश्वासों के परिप्रेक्ष्य में उनका अध्ययन करें तो जरथुस्त्र के धर्म को समझने में बहुत अधिक सरलता होगी। सम्मिश्रण की विशिष्ट प्रक्रिया के फलस्वरुप प्रौढ़ जरथुस्त्र धर्म में मिश्र (मित्र या सूर्य—प्रकाश का देवता) अनाहित (जल देवी या महान माँ, आद्याशक्ति) और होम (होम या यज्ञ) देवों को मुख्य स्थान दिया गया। जरथुस्त्र के धर्म में द्रुज (अवेस्तिक रूप डाजग) जिसका अर्थ असत्य होता है, के प्रति घृणा प्रदर्शित की गई है। जरथुस्त्र ने उन सभी देवों तथा यज्ञों को जिन पर कविस् अर्थात् जरथुस्त्र के पहले के ऐन्द्रजालिक धर्मशास्त्री, आचरण कर रहे थे, अपने धर्मतन्त्र से निषिद्ध कर दिया। अपने परिवेश के बहुदेववादी धार्मिक वातावरण में वह किसी अद्वैतवादी देव की खोज में था। उसने प्रचलित विश्वासों को निखार कर देवत्व प्रदान करने का प्रयत्न किया।

सिद्धान्त :

जरथुस्त्र के सिद्धान्तों का दर्शन हमें "यश्न" के तीसवे परिच्छेद में होता है जिसके अनुसार आदितत्व ने आदि बेला में अपने द्वैत स्वरूप को व्यक्त किया। यह द्वैत है मन वचन और कर्म में शुभ और अशुभ की कल्पना। शुभ का प्रतीक अहुरमज्द है और अशुभ का अहरिमान। प्रारम्भ से ही अहरिमान अहुरमज्द का विध्वंस करना चाहता है अहुरमज्द अहरिमान को अहुनवैर्य नामक प्रार्थना शास्त्र से आहत करता है किन्तु दोनों के युद्ध का अन्त कभी नहीं होता। एक ऐसा समय कभी आयेगा जब इन दोनों तत्वों में सन्धि स्थापित होगी किन्तु तब अहुरमज्द की विजय होगी। पवित्र प्राणी अहुरमज्द का तथा पतित जन अहिरमान का साथ देंगे। विश्व इन्हीं दो श्रेणियों में सदा विभाजित रहेगा। यही जरथुस्त्र के नैतिक आदर्श का मुख्य तत्व है। अपने कल्याण के चुनाव में व्यक्ति विधि (अस अथवा अश) का पालन करता है। इस प्रकार शुभदेव अहुरमज्द की द्रूज अंग्रमन्यु पर विजय का पथ प्रदर्शित करते हैं। द्रुज अंग्रमन्यु पाप का प्रतीक है। शुद्ध मस्तिष्क से प्रेरित हो व्यक्ति द्रुज (दुबुद्धि, पाप) के विपरीत खड़ा होता है। वह द्रुजदेव, द्रुज पुरोहित (कवि कर्पण) द्रुज आभिचारिक (यातुधान) तथा द्रुज आत्मा (परी) को भी नीचे दबा देता है वह ज्ञान (आरमैती) की भावना से विधि (अश) का पालन करते हुए आचरण करता है। इस प्रकार वह इहलोक तथा परलोक (वहिस्तमन) में आशीर्वाद (आशी अदा) प्राप्त करता है और अहुरमज्द की कृपा प्राप्त करता है। इस तरह जब अहुरमान, (अहरिमान या अहिरमान रूप भी मिलते हैं) पर अहुरमज्द की विजय हो जायगी, शुभ अशुभ का द्वैत मिटकर अद्वैत में परिवर्तित हो जायगा जो आचार्य शंकर के परमानन्द के समान होगा। किन्तु ऐसा होगा कब इसकी चर्चा पारसीक धर्म ग्रन्थों में नहीं है। सत्य असत्य का यह युद्ध शाश्वत है।

जरथुस्त्र ने सम्पूर्ण सृष्टिकाल को (३००० वर्ष प्रत्येक के) चार युगों में विभाजित किया। अवेस्ता की काल गणना के अनुसार ३००० वर्षों का प्रथम युग आत्मा के

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अस्तित्व का युग है। इस युग में अहरिमान पुष्ट रहता है और अहुरमज्द (या आरमज्द) विश्व को अहरिमान से युद्ध के लिए आत्मिक रुप से तैयार करता है। इसी युद्ध में जब अहरिमान अपने शत्रु को खोज लेता है तो राक्षसों और दृष्ट आत्माओं की एक सेना खड़ी करता है। ३००० वर्षों के दूसरे युग में आरमज्द या अहुरमज्द विश्व का भौतिक रूप निर्मित करता है इसी समय अहरिमान और उसके साथी अहुरमज्द पर आक्रमण करते हैं। तीसरा युग प्रारम्भ होते ही दोनों प्रतिद्वन्दियों में मानव आत्मा पर विजय पाने के लिए भयंकर संघर्ष छिड़ जाता है। दोनों में यह युद्ध तब तक छिड़ा रहता है जब तक कि जरथुस्त्र का जन्म नहीं हुआ रहता। बाद में जरथुस्त्र और उसके तीनों पुत्रों के पैदा होते ही ३००० वर्षों का चतुर्थ और अन्तिम युग प्रारम्भ होता है। जरथुस्त्र तथा पवित्र आत्माओं की मदद से आरमज्द विजयी हो जाता है। इस युद्ध का मुख्य तत्व मानव होता है वह जिधर चाहे अपना चुनाव कर सकता है किन्तु देवदूत की मदद करने के लिए वह उसका ही पक्ष ग्रहण करता है।

पूजा पद्धति :—

जरथुस्त्र द्वारा प्रचलित धर्म की पूजा पद्धति हिन्दू पूजा पद्धति के अधिक निकट है इसे एक प्रकार से "अग्निपूजा" नाम दिया जा सकता है जरथुस्त्रवादी धर्म के मन्दिर में एक कलश रहता है जिस पर पवित्र अग्नि सदा जलती रहती है। इस अग्नि पर समय समय पर सुगन्धित अगुरु छिड़का जाता है दिन में पाँच बार पुरोहित (भोबेद) इस मन्दिर में प्रवेश करता है पुरोहित का मुख एक कपड़े से जिसे पोथीदान कहा जाता है ढंका रहता है। यह इसलिए किया जाता है कि उसकी श्वास की दुर्गन्ध उस स्थान की पवित्रता को नष्ट न कर सके। इसी प्रकार उसके हाथों में दस्ताने लगे रहते हैं। वह अग्नि में चन्दन डालता है। वह तीन बार दुजमथ (दुश्मति-दुवुद्धि) दुजहुक्त (दुष्ट उक्ति-दुर्वचन) तथा दुजवर्श्त (दुष्कर्म) के नाश के मन्त्रों का पाठ करता है जिसका तात्पर्य है कि दुर्विचार दुर्वचन तथा दुष्कार्य का त्याग हो इस धर्म को मानने वाले प्रत्येक परिवार के गृह में ऐसी पवित्र अग्नि अवश्य होती है। साथ ही प्रतिदिन अवेस्ता के कुछ पवित्र श्लोंको का पाठ अवश्य किया जाता है। प्रत्येक मास तथा दिवस के पृथक् देवता होते हैं। सबसे प्रमुख त्योहार नवरोज या नववर्ष का होता है जिस दिन सबसे विस्तृत भोज दिया जाता है। इसके अतिरिक्त ऋतुपरिवर्तन की सन्धि पर, पूर्णिमा तथा प्रतिपदा के दिन भी इस प्रकार के त्योहार मनाए जा सकते हैं। यज्ञ में प्रधान हविरोटी होती है। इसके अतिरिक्त होम (सोम) का भी यज्ञ किया जाता है। जन्म के समय ही बच्चे के होठ में होम (सोम) लगाया जाता है किन्तु बच्चा तब तक पूर्ण जरथुस्त्रवादी (पारसीक) नहीं हो सकता जब तक कि १५ वर्ष की अवस्था में उसे मेखला (कुसती) नहीं पहना दी जाती जिसे वह सदा पहनता है। यह एक प्रकार का संस्कार है जिसकी तुलना हम वैदिक उपनयन संस्कार से कर सकते हैं। इसी समय किशोर अपने गुरु (रतु) का भी चुनाव करता है इनकी विवाह प्रणाली लगभग आर्य पद्धति के समान है।

पारसीक धर्म का ऐतिहासिक विकास :—

जरथुस्त्र की मृत्यु के उपरान्त उसका धर्म दक्षिण पूर्व में अफगानिस्तान और पश्चिम में भीडिया तक फैला। जरथुस्त्र से पहले के दो देवों मित्र और अनाहित को अखामनी

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

काल में पूर्ण देवत्व प्राप्त हुआ और अहुरमज्द श्रेष्टतम देव माना जाने लगा। अग्रमेन्यु द्वारा इसके विरोध का सिद्धान्त इसी काल में पूर्णता को प्राप्त हुआ। अखामनी राज दरवार में अत्यधिक शक्तिशाली "मनीधर्म" के सभी सिद्धान्त जरथुस्त्र के सिद्धान्तों से मेल खाते हैं। लगता है कि दोनों के नाम अलग हैं किन्तु धर्म एक ही था यद्यपि कहीं भी न तो दारा के प्रस्तरलेखों में जरथुस्त्र की चर्चा आयी है न जरथुस्त्र धर्म के लेखों में कहीं दारा की चर्चा आयी है और न ही हेरोडोटस ने जरथुस्त्र की चर्चा की है।

इसके बाद पार्थियेन साम्राज्य (२४७ ई० पू० २२४ ईस्वी तक) में जरथुस्त्र के धार्मिक सिद्धान्तों का प्रभाव नहीं के बराबर था।

२२४ ई० पू० के बाद जब फारस की राजसत्ता फारस के ही देशी सासानी राजवंश के हाथों में आयी, जरथुस्त्र का धर्म राजधर्म घोषित कर दिया गया। इसे राजा दुरमान और इरमान ने स्वीकार किया। यह आरमीनिया कप्पाडोसिया और मध्य पूर्व के सम्पूर्ण भागों में फैल चुका था। इस धर्म के पुरोहितों को राज्य व्यवस्था में उच्च स्थान प्राप्त हुए। (न्याय) व्यवस्था इन्हीं के हाथो में थी। मीडिया के "रई" नामक मुख्य धर्मपीठ का "महाधर्मस्थविर" राजा के बाद शक्ति का द्वितीय केन्द्र बन बैठा। इसी काल में अवेस्ता को संगृहीत करके उसे अन्तिम रुप से सम्पादित किया गया। देशी भाषा पहलवी में उसका अनुवाद किया गया। "द्वैतवाद" या "नज्दावाद" को जिसका विकास अखामनी काल से हो रहा था, इसी समय पूर्ण विकास प्राप्त हुआ और उसे अन्तिम रुप से स्वीकार किया गया।

सप्तम शती ईस्वी के द्वितीय चरण में जब इस्लामी देवदूत मुहम्मद रसूल के धार्मिक अनुयायियों ने ईरान पर आक्रमण किया और तलवार के बल पर ईस्लाम का प्रचार शुरु किया यह धर्म ईरान में अपना अस्तित्व बनाए न रख सका। लगभग दो सौ वर्षों तक किसी तरह दोनों धर्मों में संघर्ष बराबरी का रहा किन्तु ८वीं से १०वीं शती ईस्वी के मध्य घोर धार्मिक अत्याचारों के काल में जरथुस्त्र के अनुयायियों ने ईरान छोड़कर भारत में शरण ली और भारत के पश्चिमी तट पर बस गए। आधुनिक बम्बई में अब ये केन्द्रित हो गये हैं, इन्हें पारसीक कहा जाता है। ये १८वीं शती में अंग्रेजों के साथ श्रेष्ठ व्यापारी सिद्ध हुए। १९वीं शती में बम्बई के पारसी कों ने ईरान के शेष जरथुस्त्र वादियों से जिन्हें "गबर" कहा जाता था, सम्पर्क स्थापित किया। आधुनिक भारत के "पारसीक" और ईरान के "गबर" ही अब जरथुस्त्र धर्म के मानने वाले हैं। पारसीकों को वैदिक हिन्दुओं से बहुत अलग नहीं किया जा सकता। इनके धार्मिक संस्कार एवं कई सामाजिक प्रथाएं हिन्दुओं जैसी हैं।

धार्मिक साहित्य :—

जरथुस्त्र के धार्मिक उपदेश मूलतया "अवेस्ता" नामक पुस्तक में संगृहीत हैं जो ईरान की प्राचीनतम भाषा जिसे "अवेस्तन" कहा जाता है, में लिखित है। इसकी भाषा कई दृष्टियों वे वैदिक भाषा के सन्निकट है। इसे १८वीं शती तक यूरोपीय विद्वान् "जेन्द-अवेस्ता" कहते थे जबकि पारसीक इसे "अवेस्ता जन्द" कहते हैं। इस धर्म पुस्तक की कोई एक पाण्डु लिपि नहीं प्राप्त हो सकी है। इसके निम्नलिखित भाग हैं :

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

१—यश्न में देवों की याज्ञिक स्तुति ७२ परिच्छेदों में की गई है। १–२७ परिच्छेद केवल भूमिका स्वरुप लिखे गए हैं। २८–५४ परिच्छेदों को "गाथा" कहा जाता है। ५५–७२ तक के परिच्छेदों को "अपरोयश्न" (उत्तर कालिक यश्न) कहा जाता है।

२ – विस्पर्द इसमें २२ परिच्छेद हैं।

३ – वैन्दिदाद में २२ परिच्छेदों में पारसीक पुरोहितों के जाप के लिए मन्त्र है जिनमें सृष्टि का भी विदरण है।

४ - यष्ट छन्दोवद्ध कविता में देवों की १० स्तुतियाँ हैं जिन्हें स्वर लय से उच्चारित किया जाता है।

५ —खौरहद अवेस्ता: (छोटी अवेस्ता) में पुरोहितों एवं गृहस्थों के लिए लघु आकार की देव स्तुतियों का संग्रह है।

परम्पराओं के अनसार सासानी काल में अवेस्ता "२१ नष्क" में विभाजित थी किन्तु अव अवेस्ता के इतने भाग नहीं प्राप्त होते।[१]

जरथुस्त्र के धर्म का दूसरा मुख्य रुप, जिसे हम व्यावहारिक या पौराणिक रुप भी कह सकते हैं, ९वीं शती के पहलवी पाठों में निवद्ध है जिसका लेखन इस्लाम का संकट उत्पन्न हो जाने के कारण किया गया था। इनमें से कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकें ये हैं :—

डेकर्ट :—

(धर्म के कार्य) यह जरथुस्त्र घर्म का विश्व कोष है जो मूलतया नौ खण्डों में लिखा गया था इसके प्रथम दो खण्ड अव अप्राप्य हैं। इनमें आचार, नीति, विश्वास, धर्म, चिकित्सा, सृष्टि से सम्बन्धित विवरण है। अन्तिम तीन खण्डों में जरथुस्त्र के निजी जीवन से सम्बद्ध पक्ष लिखित हैं इसके अतिरिक्त "वन्द हिश्न" "स्कन्द गुननिक विकर" "अर्त विरफ नमक" "मदिगन" "हजरदस्तन" इत्यादि मुख्य पहलवी पुस्तकें हैं जिनमें इस धर्म की मुख्य धार्मिक कथाएं निवद्ध हैं। जरथुस्त्र द्वारा उपदिष्ट "पारसीक धर्म" के सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक पक्ष पर विद्वान् अभी भी गवेषणापूर्ण अध्ययन कर रहे हैं जिससे हर बार नये नये तथ्य प्रकाश में आते हैं और कोई न कोई पुरानी धारणा गलत सिद्ध होती है। कठिनाई तब बढ़ जाती है जव कि दो विरोधी तथ्य, जो सत्य जैसे लगते हैं, एक साथ प्राप्त होते हैं।

सन्दर्भ सूची

१—करक, दोसाभाई फ्रान्जी : हिस्ट्री ऑव् पारसीज, दो खण्ड, १८८४

२—जैक्शन, ए० वी० डब्ल्यू० : जोरोस्टर, द प्राफेट ऑव् ए०श्यन्ट ईरान, १८९९

३—लेहमन्न, ई० : जरथुस्त्र, दो खण्ड, १९०२,

४—पेशोतन सयन,रस्तनजी इदुल जी दस्तूर : जरथुस्त्र एण्ड जरथुस्त्र्यनिज़्म इन द अवेस्ता, १९०६।

५—वाटर हाउस, जे० डब्ल्यू० : जोरोस्ट्रनिज्म, १९३४

६—एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटानिका, चतुर्दश संस्करण, खण्ड २३, १९२९

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

भारतीय आधुनिक कला की भावी दिशा

श्री रामचन्द्र शुक्ल

रीडर, संगीत एवं ललित कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

भारत में आधुनिक कला का सही अर्थों में प्रचलन स्वतंत्रता प्राप्ति के वाद ही आरम्भ हुआ यद्यपि उससे पहले ही स्वर्गीय रवीन्द्र नाथ टैगोर, गगनेन्द्र नाथ टैगोर, यामिनी राय तथा अमृता शेरगिल की कला में पाश्चात्य आधुनिक कला की झलकियां दृष्टिगोचर हो चुकी थीं। लेकिन स्वतंत्रता से पहले आधुनिक भारतीय कला के नाम से बंगाल शैली को हो जाना जाता था, जब कि वास्तव में बंगाल शैली मूलतया परम्परावादी अथवा पुनरोत्थानवादी 'रिवाइवलिस्ट' किस्म की कला थी। आधुनिक कला वींसवीं सदी की परम्परा विरोधी नई कला है। परम्परागत कला का विरोध स्वतंत्रता से पहले इतना खुलकर कभी नहीं किया गया यद्यपि उससे पहले एक नहीं अनेक बार भारतीय कलाकारों ने पाश्चात्य कलाओं से प्रभाव ग्रहण किया। भारत में पाश्चात्य कला का अनुगमन उसी-समय आरम्भ हो गया था जब 'ईस्ट इन्डिया कम्पनी' ने इस देश में अपनी जड़ें जमाना आरम्भ कर दिया था। कम्पनी या फिरंगी शैली की भारतीय कला उसका प्रमाण है और बाद में तो यथार्थवादी 'रियलिस्ट' किस्म की पाश्चात्य शैली का लगभग सम्पूर्ण देश में प्रचार हुआ खासकर वम्बई, मद्रास, कलकत्ता आदि महानगरियों में। राजा रवि वर्मा की कला इसी पाश्चात्य प्रभाव का प्रतिफल थी। लेकिन राजा रवि वर्मा की कला को किसी माने में भी आधुनिक नहीं कहा जा सकता था। वास्तव में यथार्थवाद 'रियलिज्म' को तो यूरोप में भी आधुनिक नहीं माना वल्कि सम्पूर्ण यूरोपीय आधुनिक कला उस समय चल रही 'रियलिज़्म' शैली के विरोध में ही प्रगट हुई। परम्परा और यथार्थवाद के विरोध से ही आधुनिक कला का यूरोप में जन्म हुआ और ऐसा विरोध भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के वाद ही उदय हुआ।

भारत में भी आधुनिक कला का उदय परम्परा और यथार्थवाद के विरोध से ही माना जाना चाहिये यद्यपि आरम्भ में विरोध का स्वर प्रमुख न होकर पाश्चात्य आधुनिक कला के वाह्य रूप से प्रभावित होने का ही अधिक था। सवसे पहले युवा कलाकारों पर अमृता शेरगिल की कला प्रभाव पड़ा। अमृता शेरगिल पेरिस से उस समय कला सीख कर आई थी जब वहाँ 'इम्प्रेश्निस्टों' 'फाविस्टो' तथा 'एक्स-प्रेश्निस्टों' का प्रभाव यथेष्ट-रूप में प्रमुख था। वानगाग, गोगाँ, मातिस, रुओ तथा मेदिग्लियानी की कला यूरोप में सराही जाने लगी थी। अमृता शेरगिल की कला में भी इन्हीं के स्वर प्रमुख थे यद्यपि विषयवस्तु की दृष्टि से तथा भावना की दृष्टि से उसकी कला भारतीय.जनजीवन से ही प्रभावित थी। रंगों के प्रयोग तथा आकृतियों की वनावट पूरी तरह उपरोक्त आधुनिक यूरोपीय कलाकारों से प्रभावित थी। अमृता के चित्रों में भी गोगाँ, रुओ तथा मोदिग्लियानी के चित्रों की तरह पूरी तरह निराश और प्रताड़ित चेहरे झाँकते थे भले ही वह योरोपीय न

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

होकर भारतीय थे। रंगों का प्रतीकात्मक तथा भावनात्मक प्रयोग लगभग गोगाँ तथा मातिस की तरह का था। जो भी हो कुल मिलाकर अमृता शेरगिल की कला ने युवा भारतीय कलाकारों को आकृष्ट करना आरम्भ किया और आज के लगभग सभी आधुनिक कलाकारों जैसे वेन्द्रे, हुसेन, हेब्बर, चावड़ा आदि ने अमृता शेरगिल की कला से प्रेरणा लेकर चित्र बनाने आरम्भ किये और यही भारत में आधुनिक कला के प्रचलन की प्रारम्भिक स्थिति थी। यह गति चल ही रही थी कि भारतीय युवा कलाकारों को विदेशों में जाने का अवसर मिलने लगा। जहाँ जो जिस देश में गया, वहाँ चल रही आधुनिक कला का प्रभाव लेकर वापस लौटा। इसी बीच पश्चिमी आधुनिक कला पर प्रकाशित पुस्तकें और पत्र प्रत्रिकायें भी यथेष्ट रूप में भारत में आने लगीं और भारतीय युवा कलाकारों पर उसका प्रभाव पड़ने लगा। कुछ ही वर्षो में पाश्चात्य आधुनिक कला का इस देश में एक प्रभावशाली विस्फोट सा हो गया और आधुनिक पाश्चात्य कला-शैलियों के संस्करण भारत में भी दिखाई पड़ने लगे। पाश्चात्य आधुनिक कला की नवीनतम शैलियों का नवीनतम संस्करण प्रस्तुत करने में यहाँ के कलाकारों में होड़ सी-लग गई। पिछले २५ वर्षों की भा तीय कला इसी बात का प्रमाण स्वरूप विद्यमान है। आज स्थिति यह है कि पश्चिमी आधुनिक कला की शायद ही कोई शैली हो जिसका भारतीय संस्करण विद्यमान न हो। इम्प्रेश्निज्म, पोस्ट इम्प्रेश्निज्म, फाविज्म, फ्यूचरिज्म, एक्स-प्रेश्निज्म, सररियलिज्म, अैब्स्ट्रैक्ट आर्ट, कान्सट्रक्टिविज्म, आप आर्ट, पाप आर्ट साइकेडेलिक आर्ट, कंसेप्चुअल आर्ट अथवा मिनिमल आर्ट, कौन सी ऐसी पश्चिमी शैली है जिसका भारतीय संस्करण यहाँ उपस्थित नहीं। इस दृष्टि से निश्चित ही भारतीय कला आधुनिक है और इसमें प्रगति भी खूब हुई है। २५ वर्ष ऐसे छोटी अवधि में भारतीय कलाकारों ने वह मंजिल तय करली है जो पश्चिम ने लगभग १०० वर्षों में तय की। इस दृष्टि से भारतीय कला की प्रगति निश्चित ही महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं इस दृष्टि से हमारे कलाकारों ने महत्वपूर्ण कलाकृतियों की निर्माण किया है जो स्तर में पाश्चात्य आधुनिक कला से किसी माने में कम नहीं।

दुख तो इस बात का होता है पश्चिम वाले हमारी इस प्रगति को पूरी तरह नजर अन्दाज किये हुये हैं। पश्चिम में प्रकाशित होने वाली आधुनिक कला पर आज शायद एक भी ऐसी पुस्तक नहीं जिसमें हमारे भारतीय आधुनिक कलाकारों की कला की चर्चा हो अथवा हमारी कृतियाँ अन्य पाश्चात्य आधुनिक कलाकारों के साथ प्रकाशित की गई हों। शायद ही पश्चिम में आधुनिक कला की कोई गैलरी-या संग्रहालय हो जिसमें भारतीय आधुनिक कलाकारों की कृतियाँ भी उसी शान से टंगी हों जैसे पश्चिमी आधुनिक कलाकारों की। शायद ही कभी उस प्रकार का ऊँचा मूल्य भारतीय आधुनिक कला की कृतियों को प्राप्त हुआ हो जैसा पाश्चात्य प्रसिद्ध आधुनिक कलाकारों की कृतियों को दिया जाता है। शायद ही पश्चिमी देशों में भारतीय आधुनिक चित्रों की प्रदर्शनी को कभी भी वैसा महत्व दिया गया हो जैसा वे अपनी प्रदर्शनी को देते हैं। शायद ही किसी भारतीय आधुनिक कलाकार को विदेशों में वह प्रतिष्ठा प्राप्त हुई हो जैसा वे अपने कलाकारों को देते हैं। शायद ही कभी ऐसा अवसर आया हो जब विदेशों में वहाँ के कला प्रेमियों ने भारतीय

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

आधुनिक कला को देखने में वैसी रूचि दिखाई हो जैसा वह अपने यहाँ की कला को देखते समय करते हैं। हो सकता है वे राजनैतिक व्देष के कारण ऐसा करते हों या फिर अभी भी वे भारत को एक अविकसित गरीब देश समझ कर हमारी कला प्रगति को नजर-अन्दाज कर देते हों, या फिर कभी इसमें है कि भारतीय आधुनिक कला का प्रचार जिस ढंग से विदेशों में किया जाना चाहिये वैसा हम न कर पाते हों, अपनी गरीवी के कारण। कुछ भी हो सकता है पर इतना तो मानना पड़ेगा कि विदेशों में भारतीय आधुनिक कला को वह सम्मान नहीं प्राप्त है जैसा पश्चिमी आधुनिक कला को, कारण चाहे जो हो।

इसमें तो कोई शक नहीं है कि स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय आधुनिक कला ने नानारूप ग्रहण किये हैं। दिल्ली, वम्वई, कलकत्ता, मद्रास आदि महानगरियों के अतिरिक्त अनेक प्रमुख भारतीय नगरों में आधुनिक कलाकृतियों की प्रदर्शनियां होने लगी हैं। कला विद्यालयों में भी आधुनिक कला का प्रवेष हो चुका है। पत्र पत्रिकाओं में भी आधुनिक कला पर लेख और चित्र प्रकाशित होने लगे हैं। आधुनिक शैली के ही कलाकारों को अधिकांश रूप में राज्य की ओर से तथा प्राइवेट कला संस्थाओं तथा अकादमियों की ओर से पुरस्कृत किया जाने लगा है। भारत सरकार की ओर से कई आधुनिक शैली के कलाकारों को पद्म-श्री पद्म-भूषण आदि उपाधियाँ दी जा चुकी हैं। महानगरों में और कतिपय प्रादेशिक राजधानियों में खुली अकादमियाँ भी आधुनिक कलाकारों को प्रश्रय दे रही हैं और पुरस्कृत कर रही हैं। सरकारी गैर सरकारी भवनों की दीवारों पर आधुनिक शैली के म्यूरल वनवाये जाने लगे हैं। पैसे वाले सेठ, साहूकार, अफसर तथा अनेक संभ्रान्त लोग आधुनिक चित्रों को खरीद भी रहे हैं भले-ही उनकी संख्या कम हो। वस्त्रों की डिजाइनों, पुस्तकों की डिजाइनों तथा अन्य नित्य प्रति के कार्यो में उपयुक्त होने वाली सामग्रियों में भी आधुनिक डिजाइनों का प्रचलन देखने को मिलने लगा है। आधुनिक कला की प्रदर्शनियों में आने वाले तथा रूचि-लेने वाले दर्शकों की संख्या भी कुछ वढ़ी ही है किन्तु अधिकांश दर्शक आधुनिक कला को मात्र फैशन के ही रूप में स्वीकार करते पाये जाते हैं। वहुत कम ऐसे हैं जिन्हें वास्तव में आधुनिक कला की समझदारी प्राप्त हो। अक्सर सुना जाता है भाई मुझे तो इस कला का सींग पूंछ कुछ भी समझ में नहीं आता, हाँ आप-लोग समझायें तो शायद कुछ हमारे भी पल्ले पड़े।" साधारण जनता अथवा मध्य वर्गीय परिवार के लोगों की स्थिति तो और भी अलग है। उन्होंने तो फैशन के रूप में भी इसे अभी तक स्वीकार नहीं किया है। छोटे नगरों को तो जाने दीजिये वड़े नगरों में आयोजित प्रदर्शनियों में भी आम जनता की दिलचस्पी नहीं देखी जाती। कला-दीर्घाओं में अधिकतर स्वयं कलाकार, कला के छात्र अथवा कला समीक्षक ही घूमते नजर आते हैं और वह भी अधिकांशतः अन्य कलाकारों की कृतियों की आलोचना करते ही देखे जाते हैं। कुछ थोड़े से भाग्यशाली कलाकारों को छोड़कर शायद ही कोई कलाकार हो जो आधुनिक कलाकृति बनाकर अपनी आजीविका चला पाता हो। अधिकांश आधुनिक कलाकार वह है जो आजीविका के लिये कुछ अलग ही पेशा करते हैं। अधिकांश आधुनिक कलाकार ऐसे हैं जिनकी शायद ही कोई कलाकृति विक पाती हो। कलाकृति को वेचने के लिये वड़े-वड़े दाँव पेंच लगाने पड़ते हैं और जिनकी कलाकृतियाँ औरों से अधिक विक्

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

पाती हैं उन्ही को औरों से महत्वपूर्ण कलाकार समझा जाता है, उन्हीं का प्रचार भी पत्र पत्रिकाओं में अधिक हो पाता है। आधुनिक कलाकारों में ऐसे कलाकारों की ज्यादा संख्या हैं जो हर समय इसी बात का पता लगाने में लगे रहते हैं कि बाजार में किस आधुनिक शैली के चित्र बिकने की ज्यादा गुंजाइश है और तुरत वह उस शैली में चित्र बनाकर बेचने का प्रयास करते हैं। जैसे राजनीति के क्षेत्र में 'आया राम और गया राम' की प्रवृत्ति देखी गई है वैसे ही आधुनिक कलाकार भी वर्ष भर में अनेक पलटे खाते हैं, अनेक ढंग से कलाकृतियाँ निर्मित करके। ऐसा लगता है जैसे इन कलाकारों ने कला को मात्र एक व्यापार समझ लिया है और जानते ही नहीं कि कला का वास्तविक उद्देश्य क्या हैं। इतना ही नहीं जिस शैली में या जिस शैली की नकल करके वे चित्र बनाते हैं उसके बारे में भी उनको वास्तविक जानकारी नहीं रहती। अपनी शैली निकालना या अपने ढंग से अपनी भाषा तथा तकनीक मे अपने भावों की अभिव्यंजना करना तो दूर की बात है। यदि यह बात सही है तो वास्तविक है हमारे मन में प्रश्न उठना कि भारत में कला के क्षेत्र में यह भ्रमपूर्ण (कंफ्यूज्ड) स्थिति कबतक चलती रहेगी और क्या इसका कोई औचित्य भी है ? इस सबके कहने का मेरा यह तनिक भी तात्पर्य नहीं है कि आधुनिक कला के क्षेत्र में दायित्वपूर्ण कलाकार हैं ही नहीं पर उनकी संख्या पहले तो बहुत कम है और हैं भी तो उन्हे अभी महत्व प्राप्त ही नहीं हुआ है ! शायद यह ही वह कलाकार हैं जिनसे भावी आधुनिक भारतीय कला को नई दिशा और दृष्टि प्रदान होगी।

आधुनिक कला की उपरोक्त तस्वीर निश्चय हो बड़ी चिन्तनीय है किन्तु इस परिस्थिति में जो कुछ हुआ वह स्वाभाविक, अवश्यंभावी और कई अर्थों में आवश्यक था। इससे बचा नहीं जा सकता था। जो होना था वही हुआ है इससे घबराने की आवश्यकता नही है सूक्ष्म दृष्टि से इसका भी मूल्यांकन करने की आवश्यकता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह हुई है कि भारतीय कलाकारों ने अपने इस अवधि में अपने को घिसीपिटी परम्परा अथवा रूढ़ि से मुक्त कर लिया है जो भावी प्रगति के लिये नितान्त आवश्यक था। कभी-कभी परम्परा प्रगति के रास्ते में बेड़ी बनकर उपस्थित होती हैं और यह प्रसन्नता की बात है कि भारतीय कलाकार ने उस बेड़ी को पूरी ताकत से काट दिया है।

परम्परा की बेड़ियों को काटने के बाद यह आवश्यक हो जाता है कि कलाकार यह जानने का प्रयास करे कि संसार भर में कला ने किन किन रूपों में प्रगति की है और इस क्षेत्र में कोन-कौन से नये तथ्य सामने आये हैं। भारतीय कलाकर ने पिछले २५ वर्षों में संसार भर की कला प्रगति का सर्वेक्षण कर डाला है और वह अब पूरी तरह अवगत हो चुका हैं कि संसार भर में कला की गतिविधि क्या है। वह पहले से बहुत अधिक सजग है और प्रबुद्ध हो गया है। उसकी जानकारी और अनुभव बढ़ा है।

इतना ही नहीं प्राप्त नये तथ्यों के आधार पर उसने अनेक प्रकार के प्रयोग भी कर डाले हैं और यह जानने की कोशिश की है कि उन तथ्यों का कितना महत्व है कला की प्रगति में। उसका दृष्टिकोण विकसित और विस्तृत हुआ है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

यह सब होते हुये भी यदि हमारा कलाकार पश्चिम की आधुनिक शैलियों का अंधानुकरण ही करता रहा तो वह हमारा दुर्भाग्य होगा। अब यह सब बहुत हो चुका है। अब समय आ गया है कि भारतीय कलाकार आगे बढ़कर कला के क्षेत्र में अपने अनुभव, प्रयोग और शोध के बल पर स्वयं नये तथ्य सामने रक्खे और दिशा निर्देशन का काम करें। भारत की भावी आधुनिक कला न तो परम्परा की मुहताज होगी न पश्चिमी आधुनिक कला की। परम्परा चाहे पूर्व की हो चाहे पश्चिम की, नई हो या पुरानी उससे बंधकर चलने में कला का विकास हो ही नहीं सकता। आधुनिक कला की प्रगति का जिसने भी अध्ययन किया हैं वह इसी निस्कर्ष पर पहुँचेगा कि जनतांत्रिक विचारधारा का जैसे जैसे समाज में प्रचलन बढ़ा हैं व्यक्तिगत अभिव्यंजना को महत्व प्राप्त होता गया है। अभिव्यंजना की स्वतं ता आधुनिक कला का मूल मंत्र है। प्रत्येक कलाकार को अभिव्यंजना की स्वतंत्रता है और उससे यही अपेक्षा की जाती है कि बिना किसी परम्परा में बंधे, बिना किसी शैली विशेष का पिछलग्गू बने, स्वतंत्र चिन्तन, मनन, तथा भावना के आधार पर अपनी कला के द्वारा स्वतंत्र तथा व्यक्तिगत अभिव्यंजना प्रस्तुत करें। यह तभी हो सकता है जब हम पश्चिमी आधुनिक कला का अनुसरण करना बन्द करदें। भारत की भावी आधुनिक कला इसी आधार पर चलकर अपनी दिशा प्राप्त करने में समर्थ हो सकती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अगले दो दशक मे आधुनिक भारतीय कला नये आयाम प्राप्त करेगी। शायद इस अवधि में हमारे कलाकार ऐसा कुछ कर सकेंगे जो अंतर्राष्ट्रीय कला क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। अब प्रेरणा के लिये हमें पश्चिम का मुँह ताकने की आवश्यकता नहीं। यदि प्रेरणा लेनी ही है तो भारतीय संस्कृति, जीवन दर्शन और कला इसके लिए पर्याप्त है मगर यह कार्य भी बड़ी सतर्कता के साथ ही करना होगा और स्मरण रखना होगा कि हमें प्राचीन कला की परम्परा में पुनः बंधना नहीं है। हमें इसके लिये अपने आधुनिक जीवन, वातावरण, समाज, सभ्यता तथा समस्याओं से ही मूलरूप से प्रेरणा प्राप्त करनी होगी और उसकी गहराइयों में जाना होगा। मेरा तात्पर्य यह नहीं है कि कला को 'भारतीय-करण प्रदान किया जाय।' जिस समय हमारा कलाकार पश्चिमी आधुनिक कला तथा परम्परा अथवा बेड़ियों से मुक्त हो जायगां उस समय उसकी कला अपने आप भारतीय होगी। यह काम भारतीय-करण का सतही जामा ओढ़ लेने से नहीं होगा जैसे इधर कुछ कलाकारों ने अपने आधुनिक किस्म के चित्रों में बिना समझे बूझे तांत्रिक प्रतीकों का चित्रण कर किया है। चित्रों में केवल नाग, त्रिशूल, गणेश आदि के प्रतीकों को जहाँ तहाँ आरोपित कर कला का भारतीय-करण करना नितान्त बे-मानी है। आधुनिक कला में यदि प्रतोकों का प्रयोग करना किसी कलाकार के लिये आवश्यक होगा तो उसे आधुनिक प्रतीक ही खोजने पड़ेंगे। ऐसा ही सतही प्रयोग अन्य कतिपय कलाकाँरों ने चित्रों के बीच-बीच में किसी भारतीय लिपि को अंकित कर किया है। फिर भी भारतीय आधुनिक कलाकारों की इस प्रवृत्ति से इस बात की सूचना तो मिलती ही है कि अब हमारे कलाकारों ने निश्चय ही ऐसा महसूस करना आरम्भ कर दिया है कि पाश्चात्य आधुनिक कला का अन्धानुकरण करने के बजाय हमें अपनी कला के विकास के लिये प्रेरणा अपने ही देश की संस्कृति, सभ्यता, जीवन तथा समाज से लेनी चाहिये।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

पाश्चात्य आधुनिक कला की प्राँरम्भिक अवस्था का अध्ययन करने पर ऐसे अनेक उदाहरण मिलते है जब पाश्चात्य कलाकारों ने अन्य देशों की कला और कलागत विचार धारा से प्रेरणा ली तथा प्रभाव ग्रहण किया। यूरोप में आधुनिक कला का प्रारम्भ 'इम्प्रेश्निज्म' से माना जाता है। लगभग सभी इम्प्रेश्निस्ट कलाकार मैने, मोने, पिसारो, वानगाग, गोंगा आदि जापानी कला से प्रभावित हुये थे और कला के पूर्वीय सिद्धान्तों से परिचित हुये थे। कितने ही पाश्चात्य आधुनिक कलाकारों ने शुरू में जापानी ढंग से रंग, रेखा, आकार तथा संयोजन के सिद्धान्तों को अपनाया। सम्पूर्ण इम्प्रेश्निस्ट कला जापानी कला से प्रेरित थी मगर आश्चर्य की वात है कि 'इम्प्रेश्निस्ट' चित्रों को देखकर कोई उन्हें जापानी कला नहीं कह सकता, न यही लगता है कि उन्होंने जापानी कला का अन्धानुकरण किया। जब कि अकसर अनेक आधुनिक भारतीय चित्रों को देखकर ऐसा ही महसूस होता होता है जैसे पाश्चात्य आधुनिक कला और भारतीय आधुनिक कला में कोई अन्तर है ही नहीं। यदि चित्रकारों के नाम न देखे जाँय तो पता ही नहीं लगेगा कि चित्र भारतीय है या यूरोपीय। ऐसा पाश्चात्य यूरोपीय कला को देखकर कभी नहीं लगता। इसका कारण यही है कि पाश्चात्य कलाकारों ने प्रभाव ग्रहण करते समय कलागत मूल सिद्धान्तों को समझने की कोशिश की और उसके आधार पर मौलिक रचनायें प्रस्तुत की। कला के आन्तरिक मूल्यों को ग्रहण करने की कोशिश की न कि कला के वाह्य स्वरुपों की। मैं तो यहाँ तक मानता हूँ की सम्पूर्ण पाश्चात्य आधुनिक कला तथा शैलियाँ पूर्वीय कला के मूल-भूत सिद्धान्तों से प्रभावित रही हैं चाहे वह 'इम्प्रेश्निस्ट' हो 'फाविस्ट', 'फ्यूचरिस्ट', इम्प्रेश्निस्ट' अथवा अैब्सट्रैकशनिस्ट'! इस समय मैं इसके विस्तार में नहीं जाना चाहता यह एक अलग ही विषय है। जिसपर अलग से विचार करना होगा। मेरा तो विश्वास है कि सम्पूर्ण आधुनिक पश्चिमी कला भारतीय वेदान्तिक दर्शन से ओत-प्रोत हैं भले ही उनकी आधुनिक कलाकृतियाँ देखने में कितनी ही अलग लगती हों। यही उनकी विशेपता भी है।

———

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

पर्ल एस० बक और भारत (आत्मकथा से)

अनु०—डा० रामस्वरूप शर्मा
'रीडर' अंग्रेजी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

भारत हमेशा मेरे जीवन की पृष्ठभूमि का अंग रहा है किन्तु उसके पहले कभी भी मैंने उसको समूचा तथा प्रत्यक्ष नहीं देखा था। फिर भी जो कहानियाँ मेरे बाल्यकाल में हमारे भारतीय घरेलू चिकित्सक तथा उसकी पत्नी ने मुझे सुनाई, वह मेरे उगते स्वप्नों में गुंथ गई थी और उस देश के बारे में जो भी मुझे प्राप्त हो सका सभी मैं पहले ही पढ़ चुकी थी। बौद्धदर्शन तथा महात्मा बुद्ध के जीवन-चरित्र के माध्यम से उस देश के बारे में मैं अपने पिता से जान चुकी थी। भारत का प्रतिकूल रूप भी मैंने देखा था, शंघाई स्थित ब्रितानी कन्सेशन पर पगड़ीधारी सिक्ख सिपाही में, जिसे भाग्यहीन चीनी रिक्शेवाले को पीटने में कोई संकोच नहीं होता था यदि उसने यातायात में अवरोध किया अथवा पगड़ीधारियों की दबंग आज्ञाओं का उल्लंघन किया। भारत एकरस नहीं था। और युवा भारतीयों से मैं इंग्लैण्ड के उपनिवेशी साम्राज्य के बारे में, उसकी कुछ बुराइयों और अच्छाइयों के बारे में, जान चुकी थी।

चीन और भारत एक दूसरे से इतने असमान है जितने कि दो देश हो सकते हैं। दोनों जातियों के जीवन-दर्शन भिन्न हैं और यह इस तथ्य के बावजूद कि सम्पूर्ण मानवजाति के प्रति एक सार्वभौमिक अभिवृत्ति में दोनों की शिरकत है। दोनों ही शान्तिप्रिय हैं, पर विभिन्न कारणों से, भारतीय इसलिये कि उनके धर्म उन्हें सिखाते हैं कि जीवन-मात्र पवित्र है और कदापि विनष्ट न किया जाय और चीनी इसलिये कि उनकी उत्कृष्ट सहज बुद्धि, वंशागत और जन्मजात, यह जताती है कि युद्ध करना मूर्खता है, तथा एक बुद्धिमान व्यक्ति अपनी बुद्धिमत्ता द्वारा अभिभावी होता है। इस प्रकार चीनियों ने अपने खून तक में अपने सभी आक्रामकों को स्वीकार कर लिया है जहाँ तक आक्रामकों ने स्वयं को करने दिया। उदाहरणार्थ यहूदियां ने शताब्दियों तक चीन में शरण ली। वे सर्वप्रथम भारत होकर और प्राचीन व्यापार-मार्गों के रास्ते एशिया माइनर से आये तथा काइफेंग-फू में अपना मुख्यालय बनाकर होनान के अन्त:प्रान्त में बस गये। तथापि चीन में एक अलग जाति के रूप में यहूदियों का कोई निशान शेष नहीं है। चीनियों ने उन्हें कभी भी प्रताड़ना नहीं दी। इसके बजाय विशुद्ध सहृदयता तथा सक्रिय वाणिज्य-विनिमय द्वारा उनको आत्मसात कर लिया और लाभान्वित हुये। प्राय: चीन में जब मुझे कोई असाधारण प्रतिभा का कलाकार मिलता या मेरे विद्यार्थियों में कोई ऐसा जिसका मस्तिष्क औरों से अधिक प्रखर होता, तो बहुत कुछ सम्भावना यह होती कि उसमें यहूदी खून है। यह सर्जनात्मक प्रवृत्ति है। मुझे याद है एक बार न्यूयार्क में एशिया मैगजीन के पास एक पोर्टफोलियो आया जिसमें बने रेखाचित्रों पर विभिन्न नामों के हस्ताक्षर थे। सम्पादक ने प्रकाशन के लिये उनको चुना जो उसकी समझ में सर्वोत्कृष्ट थे और बाद में उसे मालुम हुआ कि एक को छोड़कर बाकी सभी

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

रेखाचित्र एक ही कलाकार के थे, वह था एक युवा चीनी यहूदी। परन्तु चीन में बसे यहूदियों की कहानी मैं पहले ही अपने उपन्यास पियोनी में सुना चुकी हूँ। इंगलैण्ड में यह द बौण्डमेंड के नाम से है।

भारत में यहूदियों को आत्मसात नहीं किया गया। आत्मसात करना भारत का तरीका नहीं है। उसके बजाय उसनें जातियों को अलग-अलग हालांकि अपने सम्पूर्ण का एक भाग रहने दिया है। इस प्रकार पारसी लोगों की समृद्ध और प्रभावशाली जाति जो सदियों पहले फारस से आये थे अक्षुण्ण बनी है, उनका धर्म अब भी अग्निपूजा है और उनके कब्रिस्तान, बम्बई महानगर के समीप भव्य टावर्स आव साइलेंस और भारत के दक्षिण में है काले यहुदी जो इतनी अधिक पीढ़ियों से भारत की धूप में तप कर कृष्ण वर्ण हो गये हैं कि उनका मौलिक रंग छूट गया है।

रंग शब्द ही मुझे याद दिलाता है उस वर्ण-विविधता की जो भारतीय जीवन है, ऐसा ही नानाविध जैसा हमारा अपना अमरीकन जन-समाज। काश्मीर जहाँ बहुत पहले योरप से आये गोरे बर्बर आक्रामक भारत में पैठे, लोग प्रायः गौंर वर्ण हैं। कपिश केशी नीलाक्षी स्त्रियों को वहाँ सुन्दरी की संज्ञा है। हाल में मेरी एक युवती भारतीय सखी ने एक काश्मीरी पुरुष से विवाह किया है जिसके बाल काले होते हुये भी आँखों का रंग साफ हरा है। काश्मीरी की त्वचा का रंग मलाई सा प्यारा होता है तथा आकृति उतनी ही क्लासिक जितनी कि यूनानी। मगर दक्षिण में त्वचा का रंग चाहे कुछ हो, भले ही इतना काला जितना किसी अफ्रीकी का, भारत की सभी जातियों को काकेशियन नस्ल का ही समझना पड़ेगा।

फिर भारत का आश्चर्यजनक तरीका है दूसरों के जीवन में असम्भावित रूप से प्रकट होने का, जैसे उदाहरणार्थ, आजकल दक्षिण अफ्रीका के जीवन में भारतीय दक्षिण अफ्रीकी तथा काले और गोरों के बीच तीसरा समुदाय बन गये हैं। इसी तरह से हमारे भारतीय घरेलू चिकित्सक। और एक चीनी बन्दरगाह में एक अमरीकन परिवार की देख-भाल के लिये भारतीय चिकित्सक क्यों ? और भारत सम्बन्धी किंवदन्तियां ठहरती हैं क्योंकि भारतीय स्मरणीय लोग हैं, नाटकीय एवं भावप्रवण तथा नाटकीय जीवन लाभ करते हुये। वर्षों पहले एक आयरलैंड की सेविका जो हमारे परिवार के साथ न्यूयार्क तथा ग्रीन हिल्स फार्म के बीच परिभ्रामी जीवनकाल में रही उसने कई वर्ष सेवा करने के पश्चात् उस समय जब हम एक भारतीय अतिथि की प्रतीक्षा कर रहे थे यह जिकर किया कि वह स्वयं एक समय भारत में थी। मेरे आश्चर्योंद्गार पर उसने कहां 'हां' और यह कि उसका पिता अंग्रेजी सेना में था और परिवार के लोग उसके साथ रहने वहां गये थे। उस समय वह केवल तीन या चार वर्ष की थी औंर बहुत थोड़ा स्मरण कर पा रही थी। इस पर मैंने पूछा; "तुम्हारे पिता को भारत कैसा लगा ?" उसका ध्यान स्पष्टतया चादरों और तौलियों की ओंर होने के कारण उसने अनमने भाव से उत्तर दिया "अच्छा तो खूब लगा उनको, बीबी जी, सिरिफ हिन्दुओं को फूंकना छोड़ के" "हिन्दुओं को फूंकना ?" मैंने दुहराया स्तम्भित होकर हां, बीबी जी", उसने कहा अन्यमनस्कता से ही "वे उन्हें गाड़ी

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

भर भर कैदी वनाते थे और उनकी समझ में यह नहीं आता था कि इनका क्या करें। पर यह बड़ा घिनौना था। यही हिन्दुओं को फूंकना, वीवीं जी।"

मुझे विश्वास नहीं हुआ इस कहानी पर और कभी भी नहीं हैं और तदुपरान्त मेरी पूछताप ने इस कहानी की प्रामाणिकता को नकारा है लेकिन इससे यह जाहिर होता है कि किंवदन्ती किस प्रकार सचाई की भांति कठोर वन सकती है। अंग्रेजों ने जुल्म तो किये हीं जसा कि सभी उसनिवेशवादी मालिकों को करना पड़ेगा यदि उनको ऐसी शक्तिशाली जातियों पर अपना जोर वनाये रखनाँ हैं जैसे भारतीय। यों है एक अंग्रेज कैप्टेन की एक प्रसिद्ध उक्ति जिसने द्वितीय विश्व युद्ध में वमों से वार्सा शहर में की गयी तवाही को सुनकर तीव्र व्यथा में चीत्कार की कि इस यूरोपीय नगर को ऐसे समझा गया है मानो वह भारत के एक पठानों के ग्राम से आगे कुछ नहीं है। ऐसा प्रतीत हुआ कि जव भी ग्रामवासी अपने उपनिवेशी स्वामियों की हुक्म उदूली करें पठानों के गांवों में वम गिराये जा सकते थे हाँला कि, जैसा कि अँगरेज ने वचाव में गम्भीरता से कहा, तव तक नहीं जव तक कि निवासियों को समय से अपने घर छोड़ने की चेतावनी न दे दी जाय।

और फिर, युद्ध के वाद, एक तरुण अमरीकी भूतपूर्व सिपाही हम लोगों का माली वना और महीनों शतावर, गुलाव इत्यादि पर साथ साथ सुखद श्रम करने के वाद मुझे पता लगा कि वह भी भारत मे रह चुका है तथा उस अनुभव का उसने जमकर आनन्द लिया था: द्वितीय विश्वयुद्ध में उसने वैदेशिक सेवा के लिये अपने को अर्पित किया था औंर उसे एशिया भेजा गया था। उसका जहाज पहले अटलांटिक के पार अफ्रीका पहुंचा और वहां से अन्तरीप का घेरा देकर गया, जर्मन पनडुब्वियों तथा जापानी पनडुब्वियों की वजह से भी, क्योंकि तव तक जापानी लोग पहले ही एक आदमी वाली या दो वाली पनडुब्वी इस्तेमाल कर रहे थे जो हात्महत्या के उद्देश्य से गढ़ी गई थी। इतनी छोटी कि जहाज से फिक सकें, यह पनडुब्वियाँ अपने लक्ष्य मित्रराष्ट्रों के जहाज को खोजने नीचे चली जाती थी। जव वह मिल जाता तव पनडुब्वी और उसमें वैठा आदमी दोनों उसमें टकरा कर ध्वस्त हो जाते। आत्महत्या इसके लिये उपयुक्त शब्द है, क्योंकि यदि लक्ष्य न मिला तो यह लघु जलयान गैसोलिन की रसद चुकता कर डालता और उसमें वैठा मनुष्य हर हालत में मर जाता। और यह भी अपरिवर्तनीय जापानी चरित्र के एक पहलू को द्योतित करता है। युद्ध के प्रथम वर्ष के दौरान गुड होप अन्तरीप की परिक्रमा करके हमारे युवा अमरीकी जाते और फिर करांची पहुँचते। तो वहां मेरा माली उतरा जैसा कि उसने मुझे वताया और चार वर्षों तक वह लाहौर, वम्वई, कलकत्ता और नई दिल्ली में रहा। वह इतना समझदार था कि उसने इस मौके की कदर की और उसने भारतीयों की जानकारी इतनी अच्छी करली लि उसे वह अपने घरों पर सप्ताहान्त मेल मिलाप में आमन्त्रित करते थे।

"वह कैसे तुम्हारा अतिथि सत्कार करते थे?" मैंने पूछा। "वह हमें अमरीकी चलचित्र दिखाने ले जाते थे।" उसने जवाव दिया। इसमें उसे कोई अजीव वात नहीं लगी। अवश्य, उसने आगे कहा, कभी कभी उसे पतुरियों को दिखाने भी ले जाया जाता

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

था। मुझे विश्वास है कि जहाँ भी वह होता वह एक सीधा और अमरीकी रहता, पेन्सिल्वैनिया के एक किसान का लड़का, स्नेही और हर भारतीय को मित्र के रूप में स्वीकारता हुआ।

"इस समय जब शान्ति है मैं भारत लौट जाना चाहूंगा" उस दिन उसने कहा जब हम लोग कमेलिया हाउस में काम कर रहे थे। "मैं देखना चाहूंगा कि क्या हो रहा है। मैं वहां मजे से रह सकता हूं।"

आप देखते हैं कैसे मानव जीवन में पैठने का भारत के पास एक तरीका है। और सोचिये कैसे आजादी के इन थोड़े वर्षों में, केवल अपनी स्वतंत्रता कायम रख कर, और हां, श्रेष्ठ व्यक्तियों को पैदा करके, भारत ने संसार को प्रभावित कर लिया है। अंग्रेजों ने जो भलाइयां की अथवा छोड़ गये उनका भारतीयों ने सदुपयोग किया है जैसे पश्चिमी संसार का ज्ञान, भूमण्डल के दोनों ओर शिक्षित पुरुषों और स्त्रियों की शुद्ध तथा नफासत से उच्चारित अंग्रेजी जबान-साक्ष्य के लिये देखिये नेहरू को तथा उनके साथ शासन-तन्त्र सीख रहे अनेकों लोग, संयुक्त राष्ट्र संघ की साधारण सभा की प्रथम महिला अध्यक्ष एक भारतीय स्त्री, और कोरिया में बन्दियों के आदान-प्रदान का इन्चार्ज एक भारतीय सेनापति जिसने सभी का विश्वास जीत लिया है। यहाँ तक कि देश के भीतर और बाहर की धमकियों तथा आरोपों ने भी नये भारत का निश्चल आत्मविश्वास नहीं बदल पाया, और अदम्य आदर्शवाद पर आधारित यह आत्म विश्वास हमारे विश्व-जीवन में व्याप्त है।

अच्छा तो मैंने १९३४ में कलकत्ते पहुँच कर भारत में प्रवेश किया और सीधे एक भारतीय मित्र के घर गई। महाद्वीप के दूसरे छोर पर दूसरा महान नगर है बम्बई, पर कलकत्ता न उतना बना-ठना है और न उतना अंग्रेजियत वाला। मैं वहां शाम को पहुंची और साइडवाक सोने वालों के फैले पड़े शरीरों के कारण प्रायः अपारणीय थे—सोने वाले थे बेघर, स्वेच्छाचारी और घुमक्कड़। और मैं मानती हूं कि पवित्र गायों द्वारा की जा रही लूटखसोट को देख कर मुझे सदमा लगा, खासतौर से सब्जी बेचने वालों की दूकानों पर, हालांकि बंगालियों की चातुरी अक्सर देवरूप गायों को भी मात देने का उपाय निकाल लेती थी।

मैं भारत क्या देखने गई थी? ताज महल नहीं, हालांकि मैंने उसे देखा जरूर वह भी चांदनी में, फतहपुर सीकरी नहीं, हालांकि उसे भी मैंने देखा ही, और न तो साम्राज्य का ऐश्वर्य, हालांकि उसे भी मैंने जरूर देखा। मैं भारत गई थी दो प्रकार के लोगों को देखने और उनकी बात सुनने, शहरों में युवा मेधावी ओर गावों में किसान। इनसे मैं मिली शहरों में छोटे कमरों में और गावों में छोटे मकानों मे, और मैंने उनकी आजादी की योजनायें सुनी। पहले ही से बुद्धिजीवियों का विश्वास था कि एक और विश्वयुद्ध अपरिहार्य है। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद उनको कटु निराशा हुई थीं इस बात से कि उनकी समझ में इंगलैण्ड ने जो वादे किये थे वह पूरे नहीं किये गये। उनका कहना था कि भारत देश उसकी जनता को लौटा लेने का अंग्रेजों का असली अभिप्राय नहीं है। मैं इसमें विश्वास कर सकती थी क्योंकि मैं चीन से ताजा आई थी जहाँ जनता का संरक्षण-काल

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

समाप्तिहीन मालूम पड़ता था और प्रति वर्ष स्वशासन सुदूर। "जब आप लोग स्वतंत्रता के योग्य हो जाते हैं" विजाताओं ने सदा ही अपनी प्रजा से कहा है, इत्यादि। पर कौन यह निर्णय देगा कि वह क्षण कब आता है, फिर एक जाति अपने पर शासन करना कैसे सीखेगी बिना उसको किये हुये ? अस्तु भारत में बुद्धिजीवी बेचैन और कटुतायुक्त थे और मैं घण्टों बैठी रहती उनकी दमकती आँखें देखते हुये और सुनते हुये उनकी अन्तहीन भाषाप्रवाह, विशुद्ध' अंग्रेजी जिसके माध्यम से वह अपनी भावनाओं को उडेलते। उस समय योजना यह थी कि जैसे ही द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त हुआ तुरन्त भारत इंगलैण्ड के विरुद्ध विद्रोह कर देगा और इस उलझन द्वारा उसे भारत को स्वतंत्र करने के लिये विदश कर देगा। उन्होंने घोषित किया कि प्रथम विश्वयुद्ध की तरह इंगलैण्ड की आज्ञा से लड़ने के लिये वह नहीं दबेंगे।

"और फिर ?" मैंने पूछा।

"और फिर" तरुण भारत ने गर्व से कहा, "हम लोग स्वयं तय करेंगे कि क्या हमारी इच्छा इंगलैण्ड के पक्ष में लड़ने की है अथवा उसके विरुद्ध।"

समय आने पर जिस चीज का ख्याल उन्होंने नहीं किया था वह थी नात्सीवाद की पशुता और एशिया में जापान का आक्रमण। जब उन्होंने समझा कि उन्हे धुरी के देशों तथा अंगरेज में से एक को चुनना है, तो उन्होंने अंगरेज को चुना यह जानते हुये कि तमाम अन्यायों के बावजूद वह वर्वरता और सभ्यता में चुनाव कर रहे हैं। उन्होंने स्वतन्त्रता सम्बन्धी अपनी योजनाओं को स्थगित कर दिया। इस बीच युद्ध के अन्त तक गांधी जी अपना कार्य देश के भीतर करते रहे और उस समय तक इंगलैण्ड में सबसे अधिक बुद्धिमान लोगों ने नई दुनिया को समझते हुये भारत देश वहाँ की जनता को लौटा दिया उन अंगरेजों तथा और लोगों की खिलाफत के बावजूद जो एशिया को इतना पर्याप्त रूप से नहीं समझे थे कि यह जानते कि बुद्धिमता क्या करने में है। चर्चिल की रक्तपात की भविष्यवाणी तक जो अंशतः पूरी निकली अवश्यम्भावी घटना को रोक न सकी। भारत ने जहाँ तक हो सका प्रतीक्षा की थी और किसान तथा बुद्धिजीवी पुराने अजेय गठबन्धन में बँधे एक ही पक्ष मे थे। यह गाँधी जी की शक्ति थी जिसने उन्हें बहुत पहले ही यह जताया कि किसान तथा बुद्धिजीवी दोनों को अपने देश के लिये मिलकर कार्य करने के लिये राजी करना आवश्यक है, उनका प्रभाव दोनों पर समान रूप से मजबूत था और इसलिये उन्होंने बिना युद्ध किये अपना लक्ष्य प्राप्त किया। शायद हम अमरीकी अब तक वह महान पाठ पूरी तरह नहीं समझते जो इस प्रकार अपनी स्वतन्त्रता प्राप्त करने में भारत सिखा रहा है। उसकी अहिंसक क्रान्ति की शक्तिशाली विजय के सामने हमारा स्वतंत्रता संग्राम आकार तथा विचार की दृष्टि से सिकुड़कर छोटा लगता है। भारत ने मानव जाति को एक पाठ पढ़ाया है और यदि हम उसे न सीखे तो खतरा है। पाठ ? यह कि युद्ध और हनन क्षति के अलावा कुछ हासिल नहीं करते और यह कि उदात्त साध्य की प्राप्ति सुनिश्चित तभी होगी जब उसको पाने के साधन उसी के अनुरूप तथा उदात्त भी हैं।

तथापि, उपनिवेशवाद के विरुद्ध असली अभियोग का सबूत गावों में मिलना था। सड़न ऊपरी भाग में भी थी इस रूप में कि हजारों युवा बुद्धजीवियों को अँग्रेजी स्कूलों में

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

नौकरियों के लिए प्रशिक्षित किया गया था पर इन नौकरियों का सीमित सिविल सर्विस के अतिरिक्त कहीं अस्तित्व न था। कस्बे और शहर मानो उफन रहे थे ऐसे सभ्य और शिक्षित तरुण पुरुषों से जिन्हें नौकरी नहीं मिलती थी और जो साम्राज्य की अधिरचना के कारण नई जगहें निकाल भी नहीं सकते थे। मगर बुराई का असली सबूत, मैं फिर कहती हूँ, दुःखी गावों में था। मैंने सोचा था कि चीन में मैंने बहुत गरीबी देख ली, फिर भी जब मैंन भारतीय गाँवों को देखा तब मुझे अहसास हुआ कि तुलना में चीनी किसान धनी हैं। केवल रूसी किसान जिसे मैंने वर्षो पहले देखा था भारतीय किसान का मुकावला कर सकता था, हालाँकि वह रूसी एक सर्वथा भिन्न जीव था और कई वातों में निकृष्टतर। क्योंकि भारतीय किसान चीनी किसान के समान इस बात में था कि वह स्वाभावेन सभ्य था। हालांकि वह पढ़ लिख नहीं सकता था फिर भी उसके मन और आत्मा एक सुव्यवस्थित मानवीय पारिवारिक जीवन की परिपक्व होती संस्कृति तथा गंभीर दार्शनिक मजहबों द्वारा गढ़ी गई थी। और बच्चे, भारतीय गाँवों के छोटे-छोटे बच्चे, कैसे वह मेरे हृदय में हूल दे रहे थे, दुबले, तोंदीले और सब के सब विशाल, उदास काली आँखों वाले। मैंने अचरज के साथ सोचा कि क्या कोई अँग्रेज इनको देखने के बाद भी अपने को दोषी कबूल नहीं करेगा। अंग्रेजी आधिपत्य और शासन के तीन सौ वर्ष, और क्या ऐसे बच्चे रहने चाहिए जैसे ये? हाँ! और दसों लाख! और अन्तिम अभियोग निश्चित ही यह था कि भारत में जीवन-अवधि केवल सत्ताईस वर्ष थी। सत्ताईस वर्ष! तब आश्चर्य नहीं कि जीवन जल्दी बीतता, कि आदमी बहुत छोटी उम्र में विवाह करता ताकि बच्चे हो सकें, जितने सम्भव हो उतने हो सके उसकी मृत्यु के पहले। वहाँ की हुई सभी सुखदाई यात्राओं का स्मरण करते हुए इंगलैंड मुझे प्रिय लगता था पर भारत में मैंने इंगलैंड का वह रूप देखा जिसे मैं नहीं पहचानती थी। और मुझे बरबस यह सत्य जानना पड़ा कि यदि अंग्रेज जो कई बातों में धरती की सर्वोत्कृष्ट जाति थे, ऐसी जाति जिसने अपने पर शासन करने के मनुष्यों के अधिकार को प्राप्त करने का मार्ग हम सबके लिये प्रशस्त किया, यदि यह लोग भी उपनिवेशवाद से इतना भ्रष्ट हो सकते हैं, तो सचमुच हम में से किसी की भी हिम्मत साम्राज्य का शासक बनने की नहीं होगी।

नये और पुराने भारतीय मित्रों के साथ रहते मुझे ऐसा लगा कि भारत की सभी बीमारियाँ आसानी से ठीक की जा सकती थी यदि वहाँ ऐसी सरकार होती जिसका उद्देश्य होता सबसे पहले जनता का कल्याण करना न कि उसका शोषण करना। उदाहरण के लिए बम्बई और मद्रास के बीच का फलहीन और रेगिस्तान-सा सूखा भू-भाग पहले से ही शुष्क पड़ा था हालाँकि अभी फरवरी का ही महीना था और सूर्य में किसी भी बीज को अंकुरित करने के लिए पर्याप्त उष्मा थी यदि पानी उपलब्ध होता। और पानी क्यों नहीं था? उत्स्रुत कूप क्यों नहीं बनाये गये, या उथले कुयें ही क्यों नहीं खोदे गये, क्योंकि, मुझे बताया गया कि पानी का स्तर ऊँचा है? मगर दुर्बल और थकी-मादी जनता के पास इतनी शक्ति नहीं थी कि वर्षों के उपनिवेशवाद के बाद वह इस प्रकार का उपक्रमण करे। इससे आगे भी कुछ था। उपनिवेशी व्यवस्था का शायद सबसे बुरा परिणाम यह था कि पराधीन जनता को काम करने और इस तरह अपने-आप को मदद करने के खिलाफ

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

एक अपरिमित वहाना मिल गया था। "तुम मेरे लिए उत्तरदायी हो" प्रजा का शासक की ओर सदा यही चिढ़पूर्ण रवैया रहा है। "तुमने मुझे खिलानें, पहनाने तथा मुझे शासित करने का भार लिया हैं। यदि मैं मरता हूँ तो तुम्हारी गलती है।" अंग्रेज तो वहाँ बरावर था बुरा वनानें के लिए और निश्चय ही अंग्रेजों की बुराई करना हर वार उचित नहीं था। फिर भी साररूप में शायद उचित था, क्योंकि जव किसी जाति का हृदय हर जाता है तो उसके साथ उसकी आत्मा मर जाती है।

भारत में मैंने पाया कि जिसमें भी भारतीय रक्त था वह भारतीय था हालांकि चाहे उसका तीन चौथाई रक्त गोरों का हो, और इस नीति ने असन्तुष्ट लोगों की संख्या में वृद्धि कर दी थी। उपनिवेशिता के प्रारम्भिक वर्षों में अंग्रेज स्त्रियां अपने पुरुषों के साथ नहीं जाती थी, ओर अन्तिम वषों तक युवा पुरुष या तो विवाह नहीं करते थे या देर से करते थे। अपरिहार्यतः इन्सानों की एक वड़ी संख्या अस्तित्व में आई जो न अंगरेज न भारतीय और फिर भी सशंकित भाव से दोनों समुदायों में। वे प्रायः निरपवाद रूप से दोनों ओर से जिस कुल में जन्मते थे उससे श्रेष्ठतर होते। पुरुष प्रियदर्शन तथा स्त्रियां रूपवती होतीं, अक्सर दोनों वुद्धिमत्ता में श्रेष्ठ। आजकल विज्ञान वेत्ता हमें वताते हैं कि मिश्रित जाति, संकर आप चाहे तो कहें, अक्सर श्रेष्ठतर होते हैं, व्यक्तिशः तक, उसी प्रकार जैसे कलमी गुलाब और कलमी अनाज वनस्पति जगत में श्रेष्ठतर हैं। हमें वताया जाता है कि सबसे धनी संस्कृतियां, सबसे सजीव सभ्यतायें, संकर जातियों से आती है और निश्चय ही अमेरिकन व्यक्ति मजे में मिश्रित हैं। अपना काकेशियन रक्त तक उसने सुदूर उत्तर में स्वीडन और फिन्लैण्ड से लेकर सुदूर दक्षिण में इटली तक से खींचा हैं।

इन्दोनेशिया में मिश्रित रक्त वाले व्यक्ति से संवन्धित रवैये में मैंने विचित्र अन्तर पाया। वहां जिसमें भी एक वूद गोरा खून है उसे गोरा समझते हैं। इस समझदारीपूर्ण उपनिवेशी नीति ने मिश्रित खून वाले लोगों को सबसे पक्का डच बना दिया। इस यरह भारत का आधम-आधा हटा दिया गया। इन्दोनेशिया में इस प्रकार के व्यक्ति को यदि पूरी नहीं तो कम से कम सतही समानता मिल गई जिसने उसके अभिमान को बचा लिया, सचमुच, यदि विवेकी हालैण्ड वासी ने उपनिवेश वाद को जैसा वह भारत या इन्दोचीन में है उससे श्रेष्ठतर रूप में किससित किया तो यह उसने मुख्यतया किया अपनी अपेक्षतया प्रबुद्ध जातीय नीति द्वारा। सच है कि इन्दोनेशिया के बुद्धिजीवी भी उस समय ही स्वतंत्र होने के लिये संघर्ष कर रहे थे, पर आन्दोलन शान्तिप्रिय था, जनता के बीच इस समय तक प्रायः अनदिखा, जहां पर कि भारत में उत्तेजना भड़क उठने की दशा में लगती थी।

इस प्रकार के गम्भीर अध्ययन और प्रेक्षण के वीच-बीच मैं खूब आनन्द लेती थी विभिन्न प्राकृतिक दृश्यों में और प्रत्येक देश जहां मैं जाती थी उनके देहातों में इतनी दूर तक भ्रमण करने में जितना मैं जा सकती थी। मुझे असली जंगल का पहला अनुभव सुमात्रा में हुआ हालांकि इन्दोचीन में भी मैंने जंगल देखें थे, पर सुमात्रा में जंगल ऊपर आकाश से ही खतरनाक लगते हैं—सुरमई हरियाली पर रेंगती हुई मटमैली नदियां जैसे सुस्त साँप। और जब वायुयान नीचे आया कितनी रुग्णमधुर थी वह नम हवा कुछ जीवित सी लिये हुये और फिर भी बदवूदार। मैं जंगलों के लिये नहीं वनाई गई।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मुड़कर देखने में मैं पाती हूं कि भारत की जनता के बहुत से प्रभाव जो मेरे ऊपर पड़े जब मैं उनके बीच रही और जो मेरे दिमांग में अब भी साफ है उनमें हैं महान पुरुषों और स्त्रियों के लिये उसकी श्रद्धा। भारत में नेतृत्व उन्हीं का बराबर चल सकता है जिनको अनुयायी लोग अच्छा समझते हैं—मतलब जो त्याग के लिये सक्षम हैं और इसलिये स्वार्थी नहीं। यह एक गुण उनकी दृष्टि में अन्य सभी को समाहित किये है। जो आदमी एक आदर्श के लिये अपने व्यक्तिगत लाभ को त्यागने में सक्षम है वह इसी तथ्य के आधार पर ईमानदार भी है और उच्च विचारों वाला भी और इसीलिये विश्वासपात्र भी। मुझे लगा कि वे लोग जो स्वयं को धनलोलुप तथा सदोष मानते थे, वह भी ऐसे लोगों को ढूढ़ते थे। गांधीजी के अनुयायियों में बहुतेरे दोषयुक्त पुरुष और स्त्री थे, और वह स्वयं कुछेक क्षुद्र प्रभुत्वों से मुक्त नहीं थे जैसा कि जो लोग उनके साथ रहते थे बराबर अच्छी प्रकार जानते थे। फिर भी वह अपने को गांधी जी के प्रति अर्पित किये थें क्योंकि उन्होंने व्यक्तिगत लाभ और हित का महान त्याग किया था।

गांधी जी को जो निष्ठा राष्ट्रीय और अन्त में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी दी गई वह सुज्ञात है पर मैंने यह पाया कि उसी प्रकार का सम्मान उन स्थानीय लोगों को दिया जाता था जो लोग भी अपनी सीमा के अनुसार नेता थे अपनी निःस्वार्थता के कारण। इस संदर्भ में मुझे याद है एक खास भारतीय गाँव जहाँ मुझे आमन्त्रित किया गया था एक परिवार के घर में जिसके सदस्यों ने कुछ आधुनिक शिक्षा पायी थी हालांकि अधिक नहीं और जिसके पास कुछ साधन थे हालांकि धनाढ्यता नहीं। मकान की दीवारें मिट्टी की थीं और छत छप्पर की तथापि भीतर कई कमरे थे फर्श सब जगह चिकनी और गोबर तथा पानी के रिवाजी घोल से लिपी। घर का सक्रिय मालिक परिवार का मुखिया नहीं बल्कि एक छोटा भाई था। यह खोज मैंने तब की जब मैं वहां पहुंची, क्योंकि हम लोगों के घर में घुसने के पहले मेरे मेजवान मुझे एक विचित्र प्रकार के पिंजड़े तक ले गये जो जमीन से काफी ऊपर चार खम्भों पर खड़ा था। तार के जाल से बने इस पिंजड़े के भीतर आश्चर्य चकित हो मैंने देखा एक वृद्ध पुरुष जो चित लेटा था तथा उसका सिर तकिये के सहारे था।

"मेरे सबसे बड़े भाई" मेरे मेजवान ने समझाया, "इनको लकवे का आघात हुआ था और हालांकि हम लोग उनसे घर में रहने की प्रार्थना करते हैं वह यहां बाहर रहना पसन्द करते हैं ताकि जब भी ग्रामीण लोग उनके पास आवें वह उनकी बात सुनने के लिये तय्यार रह सकें।"

मेरे मेजवान अच्छी अंग्रेजी बोलते थे, पर उनके बड़े भाई बिल्कुल नहीं और हम लोग केवल अभिवादनों का आदान-प्रदान कर सके और एक दूसरे पर मैत्रीपूर्ण दृष्टि डाल सके। जो मैंने देखा वह था चतुर, पतला, दुःख से तीखा चेहरा, जिसकी आँखें एक साथ समझदार और पैनी थी। शरीर नितान्त असहाय था, पर सावधानीपूर्वक साफ था और सूती कपड़े बर्फ की तरह सफेद। हमने कुछ बातें की और फिर ग्रामीणों की एक टोली आ पहुँची, मुझे देखने के लिये नहीं बल्कि बड़े भाई से वार्तालाप करने के लिये, और इसीलिये मेरे मेजवान मुझे घर के भीतर लिवा ले गये अपनी तरुण पत्नी तथा बच्चों से मिलवाने।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अपने पूरे आवास के दौरान में उस पिंजड़े को ध्यान से देखती रही और विरले ही मैंने उसको देखा जब वह लोगों से घिरा न हो और कभी ऐसा नहीं हुआ जब जितनी देर तक दिन का प्रकाश रहता कम से कम एक आदमी जमीन पर पल्थी मारे न बैठा हो, उत्साह से बात करते हुये और फिर सुनते हुये। मेरे मेजवान ने कहा, "मेरे भाई हमेशा हमारे सयाने रहे हैं। अब वह हमारे सन्त हैं।"

मेंनें देखा कि मेरे मेजवान का भी ग्रामीम जीवन में एक अपना स्थान था, क्योंकि उस दिन जब हम लोग मध्याह्न भोजन कर रहे थे वह दो बार कमरे के जिस कोने में वह बेठे थे वहाँ से उठे और एक पुकार का जवाब देने बाहर गये जो स्पष्टतया किसी पड़ोसी ने लगाई थी। जब वह लौटे तो उन्होंने एक ही स्पष्टीकरण दिया।

"एक खतरनाक साँप को मारने के लिए मुझे बुलाया गया था।"

मध्याह्न भोजन सादा देहाती खाना था, मसूर की दाल, चावल, कड़ा उबला पालक, मसाला। खाना खाने के पहले एक वृद्ध सम्बन्धी एक पीतल के घड़े भर पानी तथा हाथ पोछने के लिए एक साफ खादी का तौलिया अन्दर लाये, उगलियों से खाना खाने का यह आवश्यक उपोद्घात है। मैंने अपने जीवन में हमेशा चीनी काँटो का इस्तेमाल किया था तथा उन्हें चाकू और काटे के मुकावले में पसन्द करती थी पर अपने दाहिने हाथ से खाने की अभ्यस्त हो जाने के वाद मैंने हाथ से खाना उतना ही पसन्द किया। आखिरकार कौन-सी चीज इतनी स्वच्छ है जितना कि धो लेने के बाद आदमी का दाहिना हाथ और शैशव से ही भारतीय बच्चों को सिखाया जाता है कि दाहिना हाथ भोजन करने जैसे स्वच्छ कार्यों के लिए है और बायाँ हाथ इससे निम्न काम कर सकता है।

दूसरी स्वच्छता यह थी कि हमारा भोज्य तश्तरियों के बजाय केले के ताजे हरे पत्तों में परोसा गया। चौड़े हरे पत्ते पर ढेरी लगाया अच्छी तरह पका चावल देखने की चीज है और भूख वढ़ाता है। किसी भी परिवार में जहां जाति प्रथा मानी जाती थी भोजन या तो ऐसे पत्तों में रक्खा जाता जथवा मिट्टी की नई थालियों में जो काम निकालने के बाद तोड़ दी जातीं। मेरे मेजवान ने कमरे के दूसरे कोने में खाना खाकर तथा हम लोगों की तरफ पीठ करके फर्श पर बैठकर अपनी जाति की माँगों को पूरा किया। इस समय तक मैंने इस प्रकार के अलगाव से उत्पन्न अपनी भावना पर काबू पाना सीख लिया था। यह केवल एक धार्मिक भावना के प्रति निजी श्रद्धा थी और अनातिथ्य नहीं।

धर्म भारतीय जीवन मे सदा उपस्थित रहता है, अपने उत्कृष्ट तथा निकृष्ट दोनों पहलुओं में, क्योंकि वहां, जैसे सभी जगह, धर्मान्धता पाप तक पहुँच जाती है। तथापि धार्मिक प्रेरणा का सादा स्वीकरण मुझे अच्छा लगा और जैसे अपना धर्म आत्मा को प्रेरित करे वैसे व्यवहार करने की पूर्ण स्वतंत्रता। इस प्रकार अपने पहले भारतीय परिवार में जो बौद्धिक और खुशहाल था जब मैं बैठक में बैठी अपनी सत्कारिणी से बातें कर रही थी एक भारतीय सज्जन बिना हम लोगों को बताये अन्दर आये और शालीनता के साथ कमरे के सुदूर छोर तक गये, उनके नंगे पैरों से फर्श पर कोई आवाज नहीं हुई। वहाँ पर वह घुटनों के बल बैठ गये, अपना शिर झुकाया, और इस मुद्रा में शायद चौथाई घंटे रहे। जब

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मैंने जिज्ञासापूर्ण दृष्टि उन पर डाली तो मेरी सत्कारिणी ने इस लहजे में कहा मानों कोई विशेष बात न हो: "वे मेरे पति के छोटे भाई हैं। दिन के समय प्रार्थना की घड़ियों में यहां आते हैं क्योंकि इनका अपना घर जहां यह काम करते हैं उस स्थान से कुछ फासले पर है।"

जब प्रार्थना समाप्त हो गई भाई साहब फिर चले गये और फिर काफी देर बाद ही उनसे मेरी भेंट हुई और तब प्रार्थना के घण्टों से अतिरिक्त समय में। मेरा जीवन यात्राओं तथा अनेक लोगों से इतना अधिक संकुल रहा है कि मेरे लिये पूरा का पूरा एक पुस्तक के आवरण पृष्ठों के भीतर रख देना सम्भव नहीं, यहाँ तक और सचमुच, जितनी सारी बातें मैं कहनी चाहती हूं उनके लिये मेरी समस्त पुस्तकें पर्याप्त नहीं हुई। भारत छोड़ने के वर्षों बाद मैंने भारतीय पृष्ठभूमि लेकर **कम माइ बिलविड** लिखा। ताज्जुब है कि कुछेक को छोड़कर अमरीकी इस पुस्तक का वास्तविक अर्थ नहीं समझे पर भारतीय पाठक समझते हैं। कदाचित हम लोगों ने इतने पर्याप्त दीर्घकालीन जीवन अनुभव नहीं किये कि सर्वभौमिक रूप से यह जाने कि लक्ष्य चाहे कुछ भी हो उपलब्धि का मूल्य सम्पूर्ण में ही देय है। यह बात सिद्ध करने के लिये मैंने अपनी पुस्तक में तीन इसाई मिशनरियों को चुना, क्योंकि सभी लोग जिनसे मेरा कभी भी परिचय हुआ उनमें मिशनरी ही ऐसा है जो अपने तरीके से सर्वाधिक आत्मसमर्पित तथा सर्वाधिक एकचित्त है। उसका विश्वास होता है कि ईश्वर एकमेव है, मानव कुल का पिता, और सभी मनुष्य भाई-भाई हैं। कम से कम, ईसाई कहता है कि उसका ऐसा विश्वास है और वह उपदेश भी ऐसा ही देता है। तब अपने उत्सर्गों के बावजूद वह दुनियां को बदलने में असफल क्यों रहा? हाय, उसके बलिदान पर्याप्त नहीं रहे और आस्था का पूरा मूल्य चुकाने के लिये वह इच्छुक नहीं रहा। अपने ईमान का सम्पूर्ण अर्थ चरम तक स्वीकारने में अक्षम रहते वह मूल्य का केवल एक भाग चुकता करता है। वही नकार मैं यहां अपने देश में देखती हूं, बार-बार, और केवल ईसाइयों में ही नहीं। परन्तु भारत के लोग जानते हैं कि आदर्शवाद के सम्पूर्ण मूल्य का एक-एक पाई चुकताने का क्या मतलब होता है। वह समझते हैं, और उनके लिये मेरी पुस्तक एक उलझन नहीं है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

"काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना में मालवीय जी की कल्पना"

ललित किशोर लाल श्रीवास्तव
शोध छात्र-दर्शन विभाग, का० हि० वि० वि०

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे-युगे ॥ गीता ४।८

"साधु पुरुषों का उद्धार करने, दूषित कर्म करने वालों का नाश करने तथा धर्म स्थापन करने के लिए, युग-युग में प्रकट होता हूँ।" यदि हम महामना मदन मोहन मालवीय को युग पुरुष एवं धर्मावतार कहें तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी। उनके रग-रग में भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू धर्म तथा देश भक्ति की भावना व्याप्त थी। वे कभी नहीं चाहते थे कि उनके देश एवं धर्म को क्षति पहुँचे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना में मालवीय जी के दो उद्देश्य स्पष्ट थे—देश प्रेम एवं हिन्दू धर्म की अक्षुण कीर्ति बनाये रखना। किंवहुना मालवीय जी की अमर कीर्ति की ज्ञानवापी उनके उद्देश्यों को साकार करने के लिए एक साधनमात्र थी। भारतीय संस्कृति और प्राचीन शिक्षा पद्धति के अनन्य प्रेमी और उद्धारक मालवीय जी अपने कैशोर काल में ही प्राचीन संस्कृति और देश के उद्धार के स्वप्न देखा करते थे। उन्हें अपने स्वप्नों पर विश्वास था और वे कहा करते थे "मेरे स्वप्न अवश्य ही पूरे होंगे" (My dreams must come to be true)। यह उनकी अन्तरात्मा की आवाज थी और अपनी दिव्य शक्ति और अदम्य साधना तथा अनवरत तपस्या से मालवीय जी ने अपने स्वप्नों को साकार रूप दे ही दिया।

किसी भी वस्तु का निर्माण वर्तमान परिस्थिति की अपेक्षाओं का परिणाम होता है। निर्माता परिस्थितियों के अनुकूल ही निर्माण करने को बाध्य है। मस्तिष्क में यह प्रश्न उठता है कि किस परिवेश में 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' की स्थापना हुई? बात ऐसी है। भारत परतंत्र था। भारतीय संस्कृति एवं हिन्दुत्व खतरे में था। भारतीय परम्पराओं का हनन हो रहा था। जालिम अंग्रेजों के अत्याचार से डरकर कोई देशभक्ति के कार्य नहीं कर सकता था। वाणी पर प्रतिरोध था। फिर भी भारतमाता की लुटती लाज और गरिमा की रक्षा करना हर सपूत का कर्तव्य था। वर्षों से चली आ रही हिन्दू धर्म की अक्षुण कीर्ति को बनाये रखना हर हिन्दू का कर्तव्य था, धर्म था। कितने सपूत स्वतंत्रता संग्राम में उतर पड़े थे। 'वंदेमातरम्' का नारा गूँज उठा था। 'स्वदेशी आन्दोलन' की स्थापना' हो चुकी थी। देश में एक अजीब-सी हवा बहने लगी थी। राष्ट्रीयता की सुषुप्त भावना देशभक्ति के नारों, गानों एवं वक्तव्यों से जग पड़ी। सन् १९०५ भारतीयों की इस परिवर्तित मनः स्थिति का साक्षी है। इसी वर्ष के अन्त में गोपालकृष्ण गोखले ने एक बार बनारस की जनता को अपनी ओजस्वी वाणी से उद्‌बोधित करते हुए कहा था, "...देशवासियों को अपने देश भारत को सबसे अधिक प्रेम करना चाहिए और देश की राजनीति को एक आध्यात्मिक स्वरूप देना चाहिए।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

(अमृत बाजार पत्रिका—हिन्दी अनुवाद) उनकी इस ओजभरी वाणी से सभी प्रभावित हुए। ठीक उसी क्षण मालवीय जी ने गंगा तट पर 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' की स्थापना का एक सही चित्र अपने मस्तिष्क में खींच लिया। सद्यः उन्होंने बनारस टाउनहाल के मैदान में राष्ट्रीय नेताओं की एक गोष्ठी बुलाई और उनके सामने विश्व-विद्यालय की स्थापना का अपना संकल्प प्रस्तुत किया। इस गोष्ठी में बाबू सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, गोपालकृष्ण गोखले, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, श्री अरविंद, लाला लाजपतराय, श्री वी० वी० कृष्ण स्वामी अय्यर आदि गण्यमान व्यक्ति सम्मिलित हुए। सबों ने उनकी बात को ध्यान से सुना परन्तु किसी ने विशेष रूप से उत्साहित नहीं किया। उन्हें शायद मालवीय जी की वृहद योजना आकाश कुसुम के समान अनुपलभ्य प्रतीत हुई।

मालवीय जी ऐसे दृढ़ निश्चयी पुरुषों में थे जिनके हृदय में एक बार संकल्प का बीज जम जाने पर कभी कुंठित नही होता और बराबर विकास पाता रहता है। ठीक ही कहा है 'भगवान उन्हीं की मदद करता है जो अपनी मदद स्वयं करते हैं। सन् १९०५ में मालवीय जी के अन्दर एक नैसर्गिक शक्ति भर गई। ४५ वर्ष की अवस्था में भी वे खुश और नौजवान नजर आये। वे देश की आशा एवं विजय के प्रतीक बन बैठे। समस्या उठी, इस पवित्र विद्यामंदिर को शाही कंगूरों में परिवर्तित करने की। मालवीय जी के पास पर्याप्त धनराशि भी नहीं थी। रास्ता बस एक ही बच गया, और वह था भिक्षाटन से प्राप्त धनराशि से विश्वविद्यालय की स्थापना। मालवीय जी के साथ सभी देशवासी सहमत थे। फिर भी बड़े काम की सिद्धि में तो देर लगती ही है। मालवीय जी जिन-जिन लोगों से मिलते, अपनी महत्वाकांक्षा व्यक्त करते। वे विद्वानों, संतो, राजकुमारों एवं किसानों सबसे मिले और अपनी भावनाओं से उन्हें अवगत कराया। अपनी माता एवं अपने श्रेष्ठ गुरू पंडित आदित्य राम भट्टाचार्य से भी उन्हें आशीर्वाद मिला। (यही गुरू जी इन्हें एलाहाबाद कालेज में हिन्दू संगठन एवं हिन्दू धर्म के विचारों से बराबर अवगत कराते थे)। भारतीय राष्ट्रीयता की मुक्तकंठ से प्रशंसा करने वाले कवि-उपदेशक स्वामी रामतीर्थ भी मालवीय जी की कल्पना से बहुत प्रभावित हुए। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने इन्हें अत्यधिक उत्साहित किया—You become the first crystal and others will join you in your noble task" (Amrit Bazar Patrika) 'तुम पथ प्रदर्शक बनो और दूसरे तुम्हारे इस महान कार्य में भाग लेंगे।' बस क्या था, उठी झोली और चल दिये मालवीय जी। दरभंगा नरेश तथा अन्य देशभक्त उनके साथ हो लिये। मालवीय जी जहाँ कहीं भी जाते लोग उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा करते और उनके प्रस्ताव को स्वीकार करते। लोग उनकी मदद करते। वे राजपुताना, मेवाड़, मारवाड़ आदि राजघरानों के द्वार पहुँचे और मनोंवांछित धनराशि लेकर लौटे। तत्कालीन वाइसराय लार्ड हार्डिन्स एवं इमपेरियल लेजिसलेटिव कौंसिल (Imperial Legislativ Council) के सदस्यों को भी इन्होंने अपने उद्देश्य से अवगत कराया और उनसे अभिवांछित सहायता भी प्राप्त की। फिर भी झोली नहीं भरी। चलते गये और माँगते गये। वास्तव में मालवीय जी महराज इस युग के सर्वोच्च भिक्षुक भी थे। वे जिस स्थल पर पाँव रखते, लोग उनकी पूजा के लिए दौड़ पड़ते।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विधाता वाम नहीं था। भगवान ने उनकी सुनली। सभी राजकुमार और अन्य देशवासी इस पुण्य कार्य में तन-मन-धन से जुट गए। मालवीय जी ने करीब डेढ़ करोड़ की सम्पति एकत्रित कर ली। अपने परिश्रम की अप्रत्याशित सफलता को देखकर उन्होंने तत्कालीन वाइसराय से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना करने की अपील की। ४ फरवरी १९१६ की वसन्तपंचमी का शुभ अवसर भारतीय संस्कृति के इतिहास में एक स्मरणीय दिवस के रूप में सर्वदा याद किया जायेगा। वाइसराय, राज्यपाल, राजकुमार तथा अन्य गण्यमान व्यक्तियों के साथ मालवीय जी ने पुण्यसलिला गंगा के पावन तटपर वैदिक समारोह के साथ अपने सपनों को साकार रुप देने का प्रयत्न आरम्भ कर ही दिया। इस तरह विश्वविद्यालय की स्थापना का जो बीज न्यस्त हुआ वह सूर्य की प्रथम किरण पाते ही एक पौधे के रूप में परिवर्तित हो गया और आज तो वह एक ऐसा वृक्ष वन गया है, जिसकी छत्र छाया में सहस्त्रों विद्यार्थी विद्या अर्जन कर रहे हैं।

प्रश्न उठता है—मालवीय जी ने अपनी जन्मभूमि प्रयाग को छोड़कर काशी में ही क्यों हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की? प्रश्न स्वाभाविक ही है। पर महामना के महत्तम भावों से हमें परिचित होना चाहिए। ऐसे श्रेष्ट पुरुषों की दृष्टि में तो **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** का सिद्धान्त कार्य करता हैं। दूसरी वात प्राचीन परम्पराओं को जीवित रखने एवं शताब्दियों से विद्वानों द्वारा ज्ञान केन्द्र के रूप में स्वीकृत और समादृत काशी नगरी को एक बार फिर विद्याकेन्द्र बनाने की भावना से ही इन्होंने यहाँ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की। धर्मप्रेमी को धर्म की राजधानी काशी ही अच्छी लगी। इस विश्वविद्यालय की विस्तृत भूमि, दिन में सूर्य की विचित्र एवं सुखद किरणों का प्रसार, रात चाँद तारों की धवल ज्योत्सना का निर्वाध साम्राज्य और पवित्र गंगा का पार्श्व वास्तव में इसे विद्या का अतुलनीय केन्द्र वना देता है। पच्चीस सौ वर्ष पूर्व गौतमवुद्ध ने वनारस के ही पास सारनाथ में दया और प्रेम का सिद्धान्त प्रतिपादित किया था। हजार वर्ष वाद श्री शंकराचार्य ने भी बनारस की इसी पवित्र स्थली पर वेदान्त की शिक्षा दी थी। विश्वकवि तुलसीदास की अमर रचना "रामचरित मानस" भी यहीं निर्मित हुई। तो क्योंकर भारतीय संस्कृति का यह अनन्य पुजारी नैसर्गिक पुरुषों की नगरी में अपनी कल्पना को साकार रूप न देता।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के मूल में मालवीय जी की लोकोत्तर भावनाएँ स्पष्ट हैं। मालवीयजी चाहते थे कि सर्वसाधारण को जगत का प्रकाश मिले। न उन्हें स्वर्ग की इच्छा थी न धनार्जन की। जैसा कि उनके आदर्श से पता चलता है—

नत्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नाऽपुनर्भवम्।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्॥

"मुझे न तो राज्य की कामना है और न स्वर्ग की और न पुनर्जन्म से मुक्ति चाहता हूँ। दुःख से पीड़ित प्राणियों के कष्ट दूर करने में मैं सहायक हो सकूँ यही मेरी कामना है"। उनकी इच्छा थी कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का स्नातक जाकर लोगों में ज्ञान का प्रकाश फैलाये—

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कितना महान था, उनका संकल्प। यहाँ एक बात ध्यान देने योग्य है कि काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय की स्थापना से मालवीय जी का यह भी उद्देश्य स्पष्ट होता है कि देशवासी इस राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पढ़कर गुलाम मनोवृति को दूर करें और कुछ रचनात्मक कार्य करें। विदेशी शिक्षा तो उन्हें (लिपिक) ही बनाना सिखाती थी। मालवीय जी की भावनाओं को मालवीय जी के शब्दों में ही कह देना उचित एवं न्याय संगत होगा। विद्या केन्द्र के मण्डप में नवनिर्मित विश्वनाथ के मंदिर की स्थापना के समय मालवीय जी महाराज ने स्वनिर्मित श्लोक ताम्रपत्र पर लिखवाकर मंदिर की नींव में रखवाया। ये श्लोक उनकी भावनाओं को स्पष्टतया प्रकाशित करते हैं। श्लोक इस प्रकार हैं :

(हिताय सर्वलोकानां निग्रहाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय प्रणम्य परमेश्वरम्)

प्रसादाद्विश्वनाथस्य काश्यां भागीरथीतटे
विश्वविद्यालयः श्रेष्ठो, हिन्दूनां मानवर्धनः
हिन्दू राज्याधिपतिभिर्धनिकै धार्मिकैस्तथा
मिलित्वा स्थापितः सद्भिर्विद्याधर्म विवृद्धये
यत्र वेदाः सोपांगा धर्मशास्त्र च पावनम्
इतिहासं पुराणं च मीमांसान्यायविस्तरः
सांख्ययोगौ च वेदान्त आयुर्वेदः सुखावहः
गान्धर्ववेदो मधुरो धनुर्वेदश्च नूतनः
आंग्ल दण्डविधानं च दायभागादि संयुतं
पाश्चात्या विविधा विद्यास्तथा लोकहिताः कलाः
पाठयन्ते विधिवत्प्रेम्णा, विज्ञानानि वहूनि च
सहायार्थं च छात्राणां दीयन्ते वृत्तयस्तथा
सर्वप्रान्तसमायाताश्छात्रा विद्याभिलाषिणः
वसन्ति सुखिनो यत्र पुरा गुरुकुले यथा
नित्यं निवेपिते यत्र, व्यायामः शक्तिवर्द्धनः
व्याख्यानैश्च कथामिश्च धर्मः यत्रोपदिश्यते
तस्मिन् विद्यालये स्फीते विद्यार्थिजनसंकुले
स्थाप्यो देवालयो दिव्यः लोकमंगलकाम्यया ॥

उपर्युक्त श्लोकों का तात्पर्य स्पष्ट है। 'यह विश्वविद्यालय हिन्दुओं के मान को बढ़ाने वाला है जिसे धनी' गरीब सभी ने मिलकर प्रेम से बनाया है। जहाँ पर वेद, पुराण, धर्मशास्त्रों एवं भारतीय दर्शनों का पठन-पाठन हो। यहाँ सभी प्रकार की विद्याएँ पढ़ायी जाँय जो लोकहित में सहायक हों। आयुर्वेद की शिक्षा भी दी जाय (इसीलिए मालवीय जी ने आयुर्वेदिक कालेज की स्थापना की)। पश्चिमी विद्याओं की भी शिक्षा देने की इच्छा मालवीय जी की थी—जैसे आंगल दण्ड विधान आदि। गरीब छात्रों को पठनार्थ सहायता दी जाय। विद्यार्थीगण गुरुकुल के समान छात्रावासों में रहें। व्याख्यानों एवं कथाओं के माध्यम से धर्म का उपदेश दिया जाय। (इसी विचार से मालवीय जी ने

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

गीतादि व्याख्यानों की व्यवस्था की थी)। मालवीयजी के विचारों से स्पष्ट है कि वे कितने मानववादी थे। लोकहित की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी थी।

एक विचारणीय बात सामने आती है कि क्योंकर मालवीयजी ने अपने विद्यामंदिर का नाम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय रखा? क्या 'हिन्दू' शब्द मात्र हिन्दू जाति से तात्पर्य रखता है? आदि-आदि।

मेरे विचार में मालवीय जी की दृष्टि में सनातन हिन्दू धर्म एक शाश्वत धर्म था। उनका कहना था कि यह ऐसा धर्म है जो सम्पूर्ण मानव जाति को मोक्ष प्रदान करा सकता है। ज्ञान, भक्ति और त्याग इसके तीन स्तम्भ हैं। सनातन धर्म ईश्वर की सर्व व्यापकता मात्र मानव में ही नहीं प्रतिपादित करता वरन् पशु-पक्षियों एवं पेड़-पौधों में भी करता है। जब सब लोग ऐसा करेंगे तो रामराज की ही स्थापना हो जाएगी : जैसा कि तुलसीदास ने कहा है :

खगमृग सहज वयरु विसराई। रहहिं परस्पर प्रीति वढ़ाई॥

गीता में भी इसी बात पर जोर दिया गया है :

सर्वभूतस्थमात्मं सर्वभूतानि चात्मनि।

अर्थात् सभी जीवों में अपने को स्थित समझो और सब जीवों को अपने में। सनातन हिन्दू धर्म की शिक्षा है :

मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे॥

"अगर मैं चाहता हूँ कि सारी दुनियाँ मेरी तरफ मित्र की निगाह से देखे तो मैं भी सारी दुनियाँ की तरफ मित्र की निगाह से देखूँगा। दुनियाँ को शत्रु या मित्र वनाना मेरे वस की बात है।"

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग् भवेत्॥

"सभी सुखी हों, सभी निरोग रहें, सभी भद्र अर्थात् सभ्य हों, किसी को दुःख न हो"। कितनी सुन्दर प्रार्थना है। यह प्रार्थना किसी विशेष जाति अथवा धर्म के लोगों के लिये नहीं परन्तु बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय यह वेद की प्रार्थना है। "हिन्दू धर्म एक विशाल धर्म है जिसकी छात्र-छाया में अनेक परस्पर विरोधी विचार, आचार और उपासना के तरीके पाये जाते हैं। स्यादवादी, चर्वाक और कर्मवादी आदि सभी का समावेश इसमें हो जाता है। सगुण और निर्गुण ईश्वर दोनों की उपासना के लिए स्थान है"—(सर्व धर्म एकता—ओमप्रकाश त्रिखा।)

गीतामें भी भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है—'सब धर्मों की मर्यादा छोड़कर मेरी शरण में आ' (**सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणंव्रज**) इसी सनातन हिन्दू धर्म के पूजारी मालवीय जी थे। उनका तात्पर्य हिन्दू जाति से नहीं था वरन् सम्पूर्ण मानव से था। वास्तव मे वे एक उच्च कोटि के मानववादी थे।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अन्त में मैं आज की बदली परिस्थितियों की तरफ भी पाठकों का ध्यान, आकर्षित करना चाहूँगा। महामना की यह अमरकीर्ति अब ध्वस्त होती जा रही है। विद्यार्थियों के हृदय में गुरूओं के प्रति कोई स्थान नहीं है। उपदेशों कों सुनकर वे अपने कानों को कष्ट नहीं देना चाहते। आये दिन मागों को लेकर हड़तालें हुआ करती हैं। विश्वविद्यालय के प्रांगण में खुलकर भाई, भतीजावाद चल रहा है। राजनैतिक दल लड़कों को अपने हाँथों का कठपुतला बनाकर अपना उद्देश्य साध रहे हैं। 'सरकार को कानी हिन्दू विश्व-यिद्यालय' के 'हिन्दू' शब्द में साम्प्रदायिकता की बू आ रही है।

आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? मात्र विद्यार्थी या शिक्षक ही इसके लिए जिम्मेवार हैं। महामना की इस अक्षुण कीर्ति को बनाये रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूल जाना चाहिए। 'उठो वीर सपूतों और हिन्दू धर्म तथा संस्कृति के पुजारियों! पवित्र काशी नगरी को फिर एकबार अपने उसी स्थान पर बिठाओ जिस पर यह सर्वदा से विराजती आ रही है। जब तक रग-रग में एक बूँद भी रक्त रहे, महामना की इस पवित्र धरोहर में कालिमा मत लगने दो। इसकी जड़ को उखाड़ने वाली शक्तियों को समूल नष्ट कर दो। तभी महामना को आत्मिक शांति मिलेगी।'

———

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

युवा अशांति

डॉ० महाराज नारायण मेहरोत्रा,
रीडर, भौमिकी विभाग, का० हि० वि० वि०

